खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान अधिकतम :36°C न्यूनतम: 22°C
सेंसेक्स 79,801.43 निफ्टी 24,246.70
सोना 98,900 चांदी 1,00,900

मेरठ, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 18 अंक 329 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 26 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**पाकिस्तान से इजरायल जैसा बदला ले भारत: माइकिल रुबिन**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**भारत पाक के खिलाफ द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेलेगा: राजीव शुक्ला**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो टूक

# आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का आ गया है समय



मधुबनी, वार्ता

- कहा : आतंकियों एवं साजिशकर्ताओं को ऐसी सजा मिलेगी, जो उनकी कल्पना से भी बड़ी होगी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को भारत की आत्मा पर हमला बताया और देश की 140 करोड़ आबादी की इच्छाशक्ति के संबल से दहाड़ते हुए गुरुवार को कहा कि अब आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है और आतंकियों एवं साजिशकर्ताओं को ऐसी सजा मिलेगी, जो उनकी कल्पना से भी बड़ी होगी।

पीएम मोदी ने गुरुवार को यहां झंझारपुर के लोहना पंचायत में पंचायती राज स्थापना दिवस पर आयोजित सभा में 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है। देश के दुश्मनों ने भारत की आत्मा पर हमला करने का दुस्साहस किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी -शेष पृष्ठ दो पर

### पाकिस्तानी नागरिकों के लिए सभी वीजा सेवाएं बंद

**नई दिल्ली।** सरकार ने जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति द्वारा लिए गए निर्णयों के क्रम में पाकिस्तानी नागरिकों को वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। विदेश मंत्रालय ने यहां बताया कि भारत द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी मौजूदा वैध वीजा 27 अप्रैल से रद्द कर दिए गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए मेडिकल वीजा केवल 29 अप्रैल तक वैध होंगे। वर्तमान में भारत में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को संशोधित समयसीमा के हिसाब से वीजा की समाप्ति से पहले भारत छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारतीय नागरिकों को पाकिस्तान की यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है। पाकिस्तान में मौजूद भारतीय नागरिकों को भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी जाती है।

## सर्वदलीय बैठक में मोदी के साथ एकसुर हुआ पूरा विपक्ष

- सर्वदलीय बैठक में केंद्र सरकार ने चूक स्वीकार की
- राहुल बोले- विपक्ष का केंद्र सरकार के हर एक्शन को समर्थन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले में सुरक्षा में चूक हुई है। सर्वदलीय बैठक में सरकार ने यह बात मानी है। गुरुवार को पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यह बैठक हुई। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीटिंग के बाद कहा कि आईबी और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने नेताओं को चूक के बारे में जानकारी दी। गुरुवार की बैठक में गृह मंत्री अमित शाह ने भी माना कि चूक हुई। उन्होंने कहा कि अगर कुछ नहीं हुआ होता, तो हम यहां क्यों बैठे होते। बैठक में सभी दलों ने कहा कि वे सरकार के साथ हैं और आतंकवाद के खिलाफ हैं। बैठक में विपक्ष के सांसदों ने आतंकी कैंपों को नष्ट करने की मांग की। साथ ही कहा कि सरकार सरकार आतंक के खिलाफ कड़े कदम उठाए। सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद राहुल गांधी ने कहा कि सभी ने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की। विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है। बैठक में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। ज्यादातर राजनीतिक दलों ने इंटेलिजेंस फेलियर और वहां पर प्रॉपर -शेष पृष्ठ दो पर

### पर्यटकों के हत्यारे आतंकियों पर 20 लाख का इनाम

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम हमले के आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। आतंकवादियों की पहचान अनंतनाग के निवासी आदिल हुसैन ठोकर, हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान और अली भाई उर्फ तलहा भाई के रूप में हुई है। पुलिस ने इन फरार आतंकवादियों के बारे में जानकारी देने पर 20 लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया है। एनआईए की टीम भी जांच में शामिल हो गई है। गृह मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमें हमले पर चर्चा की गई।

### यूपी बोर्ड की 10वीं-12वीं का परीक्षा परिणाम आज

**प्रयागराज।** एशिया की सबसे बड़ी परीक्षा कराने वाली संस्था उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं का परिणाम शुक्रवार (आज) को घोषित किया जाएगा। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने कहा कि वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परीक्षाफल शुक्रवार को अपरान्ह 12.30 बजे माध्यमिक शिक्षा परिषद मुख्यालय प्रयागराज से घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षाफल को माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू-यूपीएमएसपी-ईडीयू-इन तथा डिजीलॉकर की वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू-रिजल्ट्स-डिजीलॉकर-जीओवी-इन पर देखा जा सकता है।

### बॉम्बे हाईकोर्ट बोला-केवल तीन तलाक पर रोक

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि केवल तत्काल तीन तलाक पर रोक है, तलाक-ए-अहसन पर नहीं। हाईकोर्ट की औरंगाबाद बेंच के जस्टिस विभा कंकनवाड़ी और जस्टिस संजय देशमुख ने कहा कि मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम के तहत तलाक की परिभाषा में तलाक के वे रूप शामिल हैं, जिनका प्रभाव तत्काल होता है, या जिन्हें बदला नहीं जा सकता है। इस कमेंट के साथ ही कोर्ट ने जलगांव के एक शख्स और उसके माता-पिता के खिलाफ दर्ज शिकायत पर मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम की धारा 4 के तहत 2024 में दर्ज मामले को खारिज कर दिया। इस धारा के तहत कोई भी मुस्लिम व्यक्ति जो अपनी पत्नी को तीन तलाक देता है, जिसे तलाक-ए-बिद्दत कहा जाता है, उसे तीन साल तक की जेल की सजा दी जाएगी।

### उधमपुर में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उधमपुर के डुडू-बसंतगढ़ इलाके में लट्टी के वन क्षेत्र में आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में विशेष सूचना मिलने पर जब तलाशी अभियान शुरू किया गया, तब सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच संक्षिप्त संपर्क स्थापित हुआ। आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसका जवाब दिया गया।

### सुप्रीम कोर्ट में गोधरा कांड पर सुनवाई 6 व 7 मई को

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में 6 और 7 मई को 2002 के गोधरा कांड मामले में गुजरात सरकार और दोषियों की याचिकाओं पर सुनवाई होगी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। बेंच ने बताया कि वह 6 और 7 मई को अंतिम सुनवाई शुरू करेगा। पूरी सुनवाई में कम से कम दो हफ्ते का समय लगेगा।

## शिमला समझौता स्थगित करने की पाकिस्तान ने दी धमकी

इस्लामाबाद, वार्ता

- कहा: अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है, तो इसे एक्ट ऑफ वॉर जंग की तरह माना जाएगा

**पहलगाम हमले** के बाद भारत के कड़े फैसलों के जवाब में पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित करने की बात कही है। इसमें 1972 का शिमला समझौता भी शामिल है।

पाकिस्तान की नेशनल सिक्योरिटी कमेटी (एनएससी) में गुरुवार को ये फैसले लिए गए। इसकी अध्यक्षता पीएम शहबाज शरीफ ने की। एक दिन पहले भारत ने भी सिंधु जल समझौता स्थगित करने समेत 5 बड़े फैसले लिए थे। पाकिस्तान ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है, तो इसे एक्ट ऑफ वॉर यानी जंग की तरह माना जाएगा। पाकिस्तान ने कहा कि पाकिस्तान की संप्रभुता और सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे का सभी क्षेत्रों में मजबूती से जवाब दिया जाएगा। हम किसी भी आतंकवादी गतिविधि की निंदा करते हैं। पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक एनसीएस की बैठक में कहा गया कि भारत में वक्फ विधेयक को जबरन पारित कराया गया, यह मुसलमानों को हाशिए पर डालने का प्रयास है। मीटिंग में पीएम शहबाज शरीफ, आर्मी चीफ आसिम मुनीर और अन्य शीर्ष सैन्य अधिकारी शामिल हुए। उधर भारत सरकार ने बुधवार देर रात पाकिस्तान के शीर्ष राजनयिक साद अहमद वराइच को दिल्ली में तलब किया और उनके सैन्य राजनयिकों के खिलाफ पर्सोना नॉन ग्राटा का आधिकारिक नोट सौंपा। उन्हें एक सप्ताह के भीतर भारत छोड़ना होगा। पर्सोना नॉन ग्राटा का मतलब अवांछनीय व्यक्ति है। यह एक लैटिन शब्द है। इसका उपयोग ऐसे व्यक्ति के लिए किया जाता है, जिसे किसी देश में रहने या आने की अनुमति नहीं है। यह आमतौर पर डिप्लोमेटिक मामलों में इस्तेमाल किया जाता है।

### आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेशी निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य की सटीकता से सफल परीक्षण किया है। ये मिसाइल परीक्षण हमारी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक और मील का पत्थर साबित हुआ है। जानकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना की तरफ से अरब सागर में मिसाइल का परीक्षण किया गया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद आईएनएस सूरत पर किया गया परीक्षण दुश्मन देशों के लिए किसी चेतावनी से कम नहीं है। आईएनएस आईएनएस सूरत एक गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है, जिसे नौसेना के वारशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया और इसे मझगांव डाक शिपबिल्डर्स ने तैयार किया।

## अटारी बॉर्डर पर पाक के साथ सभी रस्म खत्म

- न खोले जाएंगे गेट और न होगी कोई सेरेमनी

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर से तनाव का माहौल बन गया है। भारत के एक्शन के बाद पाकिस्तान ने भी कई फैसले लिए। इसके बाद भारत ने अटारी बॉर्डर पर पाकिस्तान के साथ सभी रस्म को खत्म करने का ऐलान किया।

अटारी बॉर्डर पर बीटिंग रिट्रीट परेड के दौरान भारत की तरफ के गेट नहीं खोले जाएंगे और ना ही पाकिस्तान के जवानों के साथ हाथ मिलाने की सेरेमनी होगी। एक और शांति और दूसरी तरफ उकसाने के लिए इस तरह की आतंकी हरकतें एक साथ नहीं चल सकती। अटारी बॉर्डर, हुसैनीवाला बॉर्डर और सदकी बॉर्डर पर झंडा उतारने की रस्म के दौरान ना तो गेट खोले जाएंगे और ना ही झंडा उतारने के बाद पाकिस्तान के जवानों के साथ हाथ मिलाने की रस्म होगी।

### गलती से सीमा पार करने वाला BSF का जवान पाक हिरासत में

**नई दिल्ली।** पंजाब के फिरोजपुर में तैनात सीमा सुरक्षा बल का एक जवान बुधवार को गलती से सीमा पार चला गया, जहां उसे पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया। सीमा सुरक्षा बल के अनुसार इस जवान को वापस लाने के लिए पाकिस्तान के अधिकारियों के साथ फ्लैग मीटिंग हुई। दोनों देशों की सीमाओं पर इस तरह की घटनाएं पहले भी हुई हैं जब जवान गलती से दूसरे देश की सीमा में प्रवेश कर गए थे।

## पाक का कॉपी-पेस्ट एक्शन

इस्लामाबाद, वार्ता

- पाक ने भारतीय राजनयिकों की संख्या कम की, 30 तक भारतीय राजनयिकों को लौटना होगा

**पहलगाम आतंकी** हमले के बाद भारत के एक्शन पर पाकिस्तान सरकार ने बड़ा फैसला किया है। एनएससी की बैठक के बाद पाकिस्तान सरकार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि भारत ने पाकिस्तान पर एकतरफा कार्रवाई की है।

भारत की यह कार्रवाई गैरकानूनी है। भारत ने हमारे खिलाफ जो एक्शन लिया है, हमने उसका एक-एक कर जवाब दिया है। पाकिस्तान ने भारतीय राजनयिकों की संख्या कम कर दी है। 30 अप्रैल तक भारतीय राजनयिकों को यहां से लौटना होगा। भारत के लिए एयरस्पेस को बंद कर दिया गया है। भारत ने अटारी बॉर्डर को बंद कर दिया, हम भी बाघा बॉर्डर बंद कर रहे हैं। पाक ने कहा कि सिख तीर्थयात्रियों पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। सिंधु जल समझौते को लेकर पाकिस्तान ने कहा कि हम भी समझौतों पर प्रतिबंध लगा सकते हैं।

## छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में पांच नक्सली ढेर

- 100 से अधिक सुरंगों को किया निष्क्रिय

**बीजापुर/बस्तर।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण बस्तर में पिछले 48 घंटों से नक्सलियों के खिलाफ एक बड़ा संयुक्त अभियान चल रहा है।

अब तक पांच नक्सली मारे गए हैं और आधुनिक हथियारों और विस्फोटक सामग्री का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया है। इस दौरान सुरक्षा बलों ने 100 से अधिक बारूदी सुरंगों का पता लगाया और उन्हें निष्क्रिय किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मारे गए नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों ने इस क्षेत्र में अब तक का सबसे बड़ा नक्सल विरोधी अभियान शुरू किया है, जिसमें केंद्रीय सुरक्षा बलों, कोबरा बटालियन, जिला रिजर्व पुलिस बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल और महाराष्ट्र एवं तेलंगाना की कुलीन सी-शॉट कमांडर इकाइयों सहित कई बलों के लगभग 5,000 कर्मी शामिल हैं।

## कश्मीरी छात्रों के लिए दून पुलिस पूरी तरह सतर्क

मयूर गुप्ता


- एसएसपी ने दिए विशेष निर्देश
- विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कुल 1201 कश्मीरी छात्र-छात्राएं अध्ययनरत

**देहरादून।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुई आतंकी घटना के बाद देहरादून में रह रहे कश्मीरी मूल के छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस सक्रिय हो गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निवासरत एवं अध्ययनरत कश्मीरी छात्रों के सतत संपर्क में रहें तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

वर्तमान में देहरादून जनपद में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में कुल 1201 कश्मीरी छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। जनपद पुलिस द्वारा इन



सभी छात्रों का विवरण प्राप्त कर उनका सत्यापन पहले ही किया जा चुका है। एसएसपी अजय सिंह ने गुरुवार को अपने कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान बताया कि बिधौली चौकी क्षेत्र में स्थित शिक्षण संस्थानों एवं पीजी संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सभी संबंधित पक्षों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्हें यह भी कहा गया कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या सुरक्षा संबंधी चिंता की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करें, साथ ही छात्रों को भरोसे में लेकर उन्हें सुरक्षा का पूर्ण आश्वासन दिया जाए। एसएसपी ने बताया कि ऐसे सभी स्थान जहां कश्मीरी छात्र-छात्राएं निवासरत हैं, वहां अतिरिक्त पीएसी बल की तैनाती की गई है, जो निरंतर गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कर रहा है। इसके अतिरिक्त, पहलगाम घटना के संदर्भ में सोशल मीडिया पर प्रसारित आपत्तिजनक पोस्ट्स पर जनपद की सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। अब तक 25 आपत्तिजनक पोस्ट्स को विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटवाया गया है। साथ ही, धार्मिक उन्माद फैलाने वाले भड़काऊ भाषण के एक मामले में संबंधित संस्था के खिलाफ 'हेट स्पीच' और अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एसएसपी अजय सिंह ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी नागरिक की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा और पुलिस हर स्थिति में सतर्क व तैयार है।



# जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकियों के स्कैच जारी किए

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकवादी हमले में कथित रूप से शामिल दो पाकिस्तानी नागरिकों सहित तीन आतंकवादियों के स्केच जारी कर दिए हैं और 1500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों ने गुरुवार को यहां बताया कि तीन आतंकवादियों के स्केच जारी किए है और जारी जांच के तहत 1,500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

गौरतलब है कि प्रदेश के सुप्रसिद्ध पर्यटक स्थल पहलगाम के बैसरन मैदान में 22 अप्रैल को सबसे बर्बर आतंकवादी हमले में 27 लोगों की मौत हो गई। जिनमें से 25 पर्यटक और एक स्थानीय निवासी तथा एक नेपाली युवक को आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस बीच पुलिस ने आज यहां तीन हमलावरों के स्केच जारी किए और उनकी पहचान अनंतनाग के आदिल हुसैन थोकर और दो पाकिस्तानियों अली बही उर्फ तल्हा बही तथा हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान के रूप में की। पुलिस ने हमले के बारे में जानकारी या सुराग साझा करने वाले को 20-20 लाख रुपए का इनाम देने की भी घोषणा की। पुलिस ने बताया कि तीनों आतंकवादी बैसरन पहलगाम में नागरिकों पर आतंकवादी हमले में शामिल हैं। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के समर्थन वाले 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' नामक आतंकी संगठन (टीआरएफ) ने पर्यटकों पर हमले की जिम्मेदारी ली है। इस बीच पहलगाम हमले की जांच के दौरान घाटी के कई जिलों से करीब 1,500 संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों में संदिग्ध तौर पर आतंकियों की मदद करने वाले और आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े पूर्व रिकॉर्ड वाले लोग शामिल हैं। इस मामले की जांच अभी राज्य पुलिस कर रही है और उसने इस बाबत पहलगाम पुलिस थाने में मामला दर्ज भी कर लिया है। हालांकि आने वाले दिनों में यह मामला राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपे जाने की संभावना है।



■ 1500 से अधिक संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया

### जम्मू-कश्मीर से बाहर रहने वाले कश्मीरियों को सुरक्षा मिले, उमर व महबूबा ने उठाई मांग

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पहलगाम में हुए सबसे घातक आतंकी हमले के बाद कश्मीरियों की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच गुरुवार को कहा कि सरकार उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अन्य राज्यों के अधिकारियों के संपर्क में है। पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भी इस मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की और उनसे देश भर में धमकियों और उत्पीड़न का सामना कर रहे कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की जान जाने के बाद कई राज्यों में कश्मीरी छात्रों और व्यापारियों को धमकी और दुर्व्यवहार का सामना करने की खबरें सामने आई हैं। देहरादून में हिंदू रक्षा दल ने कथित तौर पर एक अल्टीमेटम जारी किया है, जिसमें कश्मीरियों को दस दिनों के भीतर शहर छोड़ने के लिए कहा गया है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार उनकी सुरक्षा के लिए अन्य राज्यों की सरकारों के संपर्क में है। उमर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जम्मू-कश्मीर सरकार उन राज्यों की सरकारों के संपर्क में है, जहां से ये रिपोर्ट आ रही हैं। मैं इन राज्यों के अपने समकक्ष मुख्यमंत्रियों के भी संपर्क में हूं और उनसे अतिरिक्त सावधानी बरतने का अनुरोध किया है।

# पाक से इजरायल जैसा बदला ले भारत

**वाशिंगटन, वार्ता**

■ पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल बोले- अब कोई रास्ता नहीं, पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया

पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया में गुस्सा है। सभी पहलगाम के बायसरन में हुए आतंकी हमले की निंदा कर रहे हैं। इस बीच, पेंटागन के पूर्व अधिकारी ने इस हमले को लेकर सीधे तौर पर पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के उस भाषण को जिम्मेदार ठहराया है जिसमें उन्होंने कहा था कश्मीर पर हमारा रुख एकदम साफ है, यह हमारी गर्दन की नस थी, यह हमारी गर्दन की नस रहेगी। हम इसे नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके संघर्ष में नहीं छोड़ेंगे।

पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि इस हमले के बाद साफ है कि भारत को पाकिस्तान की गर्दन काटने की ज़रूरत है। इसमें कोई शक या संदेह नहीं होना चाहिए। पेंटागन के पूर्व अधिकारी माइकल रुबिन ने कहा कि हम जानते हैं कि पाकिस्तान कई आतंकवादी समूहों का घर है, जिसमें लश्कर-ए-तैयबा भी शामिल है। दुर्भाग्य से, पाकिस्तानी राजनयिकों द्वारा पश्चिम को मूर्ख बनाने के कारण आतंकवाद विरोधी कार्रवाई की कमी के कारण, अब हमारे पास न केवल पाकिस्तान में बल्कि बांग्लादेश में भी ऐसी ही समस्या का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों में खुफिया जानकारी सामने आएगी। मुझे यकीन है कि कुछ संकेत मिलेंगे। वैचारिक दलदल के आधार पर कहा जा सकता है कि यह पाकिस्तान की आईएसआई है, तथा वे ही तार्किक और वैचारिक रूप से एकमात्र देश हैं जो इस समय संदिग्ध हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह वैसा ही है जैस 7 अक्तूबर 2023 को हमास ने इजरायल पर हमला किया था। वह हमला खास तौर पर यहूदियों के खिलाफ था और सिर्फ यहूदियों के खिलाफ ही नहीं, बल्कि उन सबसे उदार यहूदियों के खिलाफ था जो गाजा पट्टी के साथ शांति और सामान्य स्थिति चाहते थे। अब छुट्टी मनाने वाले रिसार्ट पर मध्यम वर्ग के हिंदुओं को निशाना बनाने से साफ है कि पाकिस्तानी अब वही रणनीति अपना रहे हैं। ऐसे में अब भारत का कर्तव्य है कि वह पाक और पाक की आईएसआई के साथ वैसा ही करे जैसा इजरायल ने हमास के साथ किया था। अब समय आ गया है कि आईएसआई के नेतृत्व को खत्म कर दिया जाए और उन्हें एक नामित आतंकी समूह के रूप में माना जाए और मांग की जाए कि भारत का सहयोगी हर देश, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का सहयोगी हर देश ऐसा ही करे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तीन दिन चलेगी लू, फिर पड़ सकती हैं बौछारें

**लखनऊ।** भीषण गर्मी की चपेट में आए उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में अगले तीन दिनो तक 'लू' चलने के आसार है, जबकि 27 अप्रैल से पूर्वी उत्तर प्रदेश और 29 अप्रैल से समूचे राज्य में तेज आंधी और बौछार पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घटों में राज्य के अधिकतर इलाकों में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने का अनुमान है। इस अवधि में उष्ण लहर (लू) लोगों को परेशान करेगी। हालांकि 27 अप्रैल से पूर्वी उत्तर प्रदेश में बूंदाबांदी से तापमान में मामूली गिरावट के आसार है। मौसम में फौरी परिवर्तन का दौर 30 अप्रैल तक जारी रहने का अनुमान है और 29 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश को भी बूंदाबांदी से राहत मिलने के आसार हैं। इस बीच भीषण गर्मी को देखते हुए लखनऊ जिला प्रशासन ने आठवीं तक की कक्षाओं को सुबह सात बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक संचालित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी विशाख जी ने कहा कि अगले आदेश तक स्कूलों में छात्रों के लिए बाहरी गतिविधियों पर भी रोक लगाई जाए।

### तुर्की में आ सकता है 7.2 तीव्रता का भूकंप

**इस्तांबुल।** तुर्की में हाल ही में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप को 7-7.2 की तीव्रता वाले भूकंप के पूर्व संकेत के रूप में देखा जा रहा है जिसकी वर्ष 2045-2075 के बीच आने की आशंका है। तुर्की के भूकंप विज्ञानी अहमत एरकन ने गुरुवार को रूसी न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को बताया कि इस्तांबुल में हाल ही में आया 6.2 तीव्रता का भूकंप 2045-2075 में आने वाले 7-7.2 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप का पूर्व संकेत था। उन्होंने कहा, बुधवार को आया भूकंप पूर्वी थ्रेस क्षेत्र में आने वाले 7-7.2 तीव्रता के भूकंप की चेतावनी थी या उससे पहले एक तरह का वार्म-अप था। नए भूकंप का केंद्र जमीन से सात से 13 किलोमीटर हो सकता है, लेकिन लेकिन झटके 22 गुना अधिक शक्तिशाली होंगे। मेरे शोध के अनुसार, इस शक्तिशाली भूकंप के 2045 और 2075 के बीच आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस्तांबुल के वे निवासी जिनके घर 1999 के बाद बने हैं, जब सख्त निर्माण नियम लागू किए गए थे, और जो ठोस जमीन पर स्थित हैं, उन्हें बहुत चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

# यूपी में एडेड विद्यालयों के शिक्षकों का मानदेय बढ़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर लगी रोक हटी, रोक हटी, परिवहन निगम में होगी 1164 भर्ती

**लखनऊ।** उप्र कैबिनेट बाई सर्कुलेशन द्वारा कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगाई। इन फैसलों में कानपुर बनारस, बाराबंकी की कई सड़कों के लिए बजट मंजूर किया गया। अयोध्या एयरपोर्ट की भूमि पर स्टांप शुल्क पर सरकार ने छूट दी है। हाईकोर्ट के सेवारत और सेवानिवृत्त जजों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी।

प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त (एडेड) माध्यमिक संस्कृत विद्यालयों में मानदेय पर तैनात 1020 से अधिक शिक्षकों को बड़ी राहत दी गई है। कैबिनेट ने बाई सर्कुलेशन इनका मानदेय बढ़ाने और दो सत्र का कार्यकाल बढ़ाने को सहमति दे दी है। इसके तहत पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल) में पढ़ा रहे शिक्षकों का मानदेय 12 से बढ़ाकर 20 हजार और उत्तर मध्यमा (इंटर) में पढ़ा रहे शिक्षकों का मानदेय 15 से बढ़ाकर 20 हजार करने पर कैबिनेट ने सहमति दे दी है। वहीं एडेड व राजकीय संस्कृत विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और छात्रों की पढ़ाई पर पड़ने वाले प्रभाव को देखते हुए, नियमित नियुक्ति न होने के कारण 2021 व 2023 में रखे गए व वर्तमान में काम कर रहे मानदेय शिक्षकों का कार्यकाल शैक्षिक सत्र 2025-26 व 2026-27 के लिए बढ़ाने पर भी सहमति दी गई है। इस निर्णय से राजकीय संस्कृत विद्यालयों में पढ़ाई करा रहे मानदेय शिक्षक भी लाभांवित होंगे। उनका भी कार्यकाल दो सत्र के लिए बढ़ जाएगा। परिवहन निगम में 1164 मृतक आश्रितों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। निगम के इस प्रस्ताव को बृहस्पतिवार को कैबिनेट बाई सर्कुलेशन मंजूरी दे दी गई है। सार्वजनिक उद्यम विभाग ने 11 जुलाई 2003 को उपक्रमों एवं निगमों में मृतक आश्रितों की नियुक्ति पर रोक लगा दी गई थी। इसके विरोध में कई बार कर्मचारी संगठनों ने निगम मुख्यालय पर धरना- प्रदर्शन भी किया। ऐसे में परिवहन निगम ने सार्वजनिक उपक्रमों एवं निगमों में मृतक आश्रित के सेवायोजन पर लगे प्रतिबंध को शिथिल करने और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में मृतक आश्रितों की नियुक्ति की अनुमति मांगी। कैबिनेट बाई सर्कुलेशन इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस प्रस्ताव के मंजूर होने के बाद निगम में 1164 मृतक आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिल सकेगी। निगम की ओर से तय किए गए इन मृतक आश्रितों में अलग-अलग कैडर के आश्रित हैं।

## आतंकवादियों और उनके आकाओं को मिलेगी कृत्य की सजा: योगी

# साजिशकर्ताओं को बख्शा नहीं जाएगा

**कानपुर, वार्ता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों और उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हे इस जघन्य कृत्य की कठोर सजा जल्द मिलेगी।

पहलगाम में आतंकवादी हमले के शिकार शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद योगी ने परिजनों को ढांढस बंधाया और विश्वास दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर कायम है और पहलगाम में वीभत्स, कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों, उनके आकाओं और साजिशकर्ताओं को उनके अंजाम तक जल्द पहुंचाएगी। योगी ने बाद में एक संक्षिप्त प्रेस वार्ता में कहा कि पहलगाम की घटना दर्शाती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसे गिन रहा है। बहन बेटियों के सामने उनका सुहाग उजाड़ने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके इस कृत्य की सजा मिलेगी। देश को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा है। केंद्र सरकार ने कल ही महत्वपूर्ण फैसले लिए है।

आतंकवाद और उग्रवाद पर भाजपा सरकार जीरो टालरेंस नीति पर कायम है। इस कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके अंजाम तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया ने पहलगाम के आतंकवादी हमले की निंदा की है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़े रहने का संकल्प दोहराया है। योगी ने शुभम के पिता, पत्नी और अन्य परिजनों से मुलाकात कर उन्हें इस दुख की घड़ी में पूरी सरकार और प्रदेश के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। गौरतलब है कि महाराजपुर क्षेत्र के हाथीगांव निवासी शुभम की पहलगाम में उनकी पत्नी के सामने हत्या कर दी गयी थी। उनका पार्थिव शरीर बुधवार देर रात यहां लाया गया। पार्थिव शरीर के साथ एमएसएमई मंत्री राकेश सचान साथ आए।



■ शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद योगी ने परिजनों को ढांढस बंधाया

### कश्मीर में पर्यटन से मिलती है अल जेहाद को मजबूती: राजा भैया

**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर कहा कि कश्मीर में पर्यटन आतंकवाद को आर्थिक मदद प्रदान कर रहा है। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर एक भावुक और कठोर संदेश साझा करते हुए कश्मीर में पर्यटन को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। राजा भइया ने लिखा कि हिंदू पहले ही कश्मीर में मारे जा चुके हैं और जो बच गए, वे आज भी अपने ही देश में शरणार्थी की तरह जीवन बिता रहे हैं। उन्होंने पर्यटकों से अपील करते हुए कहा कि जब हम अपने परिवार को गर्मी की छुट्टियों में कश्मीर घुमाने ले जाते हैं, तो न केवल अपने परिजनों की जान को खतरे में डालते हैं, बल्कि अलगाववादी, आतंकवादी और जिहादी ताकतों को आर्थिक रूप से भी मजबूत करते हैं। कश्मीर में पर्यटन करने से आतंक वाद को मजबूती मिलती है पूर्व मंत्री ने कहा कि डल झील में नाव की सैर करते हुए ली गई तस्वीरें यह झूठा संदेश देती हैं कि कश्मीर में शांति है, जबकि सच बार-बार आतंकी हमलों के ज़रिए सामने आता है।

### पर्यटकों की सुरक्षा में विफल रही सरकार: अखिलेश



**लखनऊ।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी घटना की भर्त्सना करते हुए समा. जवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि पर्यटकों की सुरक्षा में विफल रही केंद्र सरकार को इन आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में यादव ने कहा कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता, उनका धर्म डर फैलाना होता है, ताकि स्थानीय कारोबार को प्रभावित किया जा सके। अब सरकार ने इस बारे में सर्वदलीय बैठक बुलायी है, तो उनकी पार्टी अपना पक्ष सर्वदलीय बैठक में रखेगी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो रामगोपाल यादव सपा का प्रतिनिधित्व करेंगे।

यादव ने कहा कि किसी भी दल को ऐसी वीभत्स घटना से राजनीतिक लाभ नहीं लेना चाहिए, क्योंकि यह देश हित का मामला है। सरकार की यह भी जिम्मेदारी है कि किसी भी तरह की फेक न्यूज जो हमारी आतंरिक और बाह्य सुरक्षा को ठेस पहुंचाती है, उस पर तुरंत रोक लगाए और सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखे। उन्होंने कहा कि कश्मीर घाटी में सरकार ने अपने विवेक के अनुसार निर्णय लिए और अब सरकार की जिम्मेदारी थी कि कश्मीर जा रहे पर्यटकों की सुरक्षा का ध्यान रखे। पहलगाम में जिस स्थान पर आतंकवादियों ने निरीह पर्यटकों पर गोली बरसाई, वह निर्जन स्थान नहीं था, मगर पर्यटकों की सुरक्षा के लिए वहां कोई इंतजाम नहीं किए गए थे। सरकार को यह जिम्मेदारी लेनी ही होगी। सपा अध्यक्ष ने कहा कि आतंकवाद की घटना के बाद सरकार द्वारा लिए गए निर्णयों का उनकी पार्टी स्वागत करती है।


## अर्थ व्यापार

# दिग्गज कंपनियों में मुनाफावसूली से शेयर बाजार ढेर

**मुंबई, वार्ता**

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इटरनल समेत 16 दिग्गज कंपनियों में हुई मुनाफावसूली से शेयर बाजार पिछले लगातार सात कारोबारी सत्र की तेजी गंवाकर आज गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 315.06 अंक लुढ़ककर 80 हजार के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79,801.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82.25 अंक फिसलकर 24246.70 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.16 प्रतिशत उतरकर 43,590.49 अंक और स्मॉलकैप 0.01 प्रतिशत टूटकर 49,267.43 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1920 में लिवाली जबकि 2015 में बिकवाली हुई, वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2930 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1441 में गिरावट जबकि 1404 में तेजी रही वहीं 85 में टिकाव रहा। बीएसई में सर्विसेज, धातु, हेल्थकेयर और कमोडिटीज में 0.63 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 17 समूहों में मुनाफावसूली का दबाव रहा। इस दौरान सीडी 0.33, ऊर्जा 0.06, एफएमसीजी 0.82, वित्तीय सेवाएं 0.40, इंडस्ट्रियल्स 0.18, आईटी 0.11, दूरसंचार 0.28, यूटिलिटीज 0.28, ऑटो 0.22, बैंकिंग 0.31, कैपिटल गुड्स 0.04, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.19, तेल एवं गैस 0.17, पावर 0.17, रियल्टी 1.39, टेक 0.59 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.24 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.10, जर्मनी का डैक्स 0.36 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.74 प्रतिशत गिर गया, जबकि जापान का निक्केई 0.49 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.03 प्रतिशत की तेजी रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 58 अंक की गिरावट लेकर 80,058.43 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 80,173.92 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं मुनाफावसूली होने से यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 79,724.55 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,116.49 अंक के मुक. ाबले 0.39 प्रतिशत गिरकर 79,801.43 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 51 अंक उतरकर 24,277.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,347.85 अंक के उच्चतम जबकि 24,216.15 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,328.95 अंक की तुलना में 0.34 प्रतिशत कमजोर रहकर 24,246.70 अंक पर बंद हुआ। टाइटन 0.83, एशियन पेंट 0.47, बजाज फिनसर्व 0.29, टाटा स्टील 0.28, रिलायंस 0.13, एक्सिस बैंक 0.07, एलटी 0.03 और नेस्ले इंडिया के शेयर 0.03 प्रतिशत लाभ में रहे।



## अर्थ व्यापार

# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, चावल महंगा

**नई दिल्ली, वार्ता**

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से चावल महंगा हो गया, अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा आठ रिंगिट फिसलकर 4134 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.26 सेंट की बढ़त लेकर 48-60 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850- 5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15385 रुपए, मूंगफली तेल 19047 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14835 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।



## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आतंकियों को...** कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। 140 करोड़ भारतीयों की इच्छाशक्ति अब आतंक के आकाओं की कमर तोड़कर रहेगी। श्री मोदी ने बिहार की धरती से आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए पूरी दुनिया को एक सशक्त संदेश दिया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत हर उस आतंकवादी और उसके संरक्षक को पहचानेगा, ढूंढ़ेगा और सजा देगा, जो देश की शांति और सुरक्षा को चुनौती देता है। भारत आतंकवादियों को धरती के अंतिम कोने तक खदेड़ेगा और न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी और आतंकियों को उचित दंड मिलेगा। उन्होंने कहा कि मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों की जनता और नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं, जो इस मुश्किल घड़ी में हमारे साथ खड़े हैं। मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है उससे पूरा देश व्यथित है। कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं।

**सर्वदलीय बैठक...** सुरक्षा डेप्लॉयमेंट की बात उठाई। राहुल गांधी ने भी पूछा कि ऊपर जहां घटना हुई वहां सुरक्षाकर्मी क्यों नहीं थे, जिस पर सरकार का कहना था कि जनरली इस रूट को जून के महीने में खोला जाता है। जब अमरनाथ यात्रा शुरू होती है, क्योंकि अमरनाथ यात्रा के यात्री इस जगह पर रेस्ट करते हैं, लेकिन इस बार लोकल टूर ऑपरेटर्स ने सरकार को बिना जानकारी दिए हुए वहां पर टूरिस्ट की बुकिंग लेनी शुरू कर दी और 20 अप्रैल से वहां पर टूरिस्ट को ले जाना शुरू कर दिया। जिस बात की जानकारी लोकल अथॉरिटीज को नहीं थी। इस वजह से वहां पर डेप्लॉयमेंट नहीं किया गया, क्योंकि इस जगह पर डेप्लायमेंट हर साल जून के महीने में अमरनाथ यात्रा के शुरू होने से पहले होता है। केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि केंद्र सरकार उस देश के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है, जो आतंकवादी समूहों को पनाह देता है। अंतर्राष्ट्रीय कानून हमें पाकिस्तान के खिलाफ आत्मरक्षा में हवाई और नौसैनिक नाकाबंदी करने और हथियारों की बिक्री पर पाकिस्तान पर प्रतिबंध लगाने की भी अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ को बैसरन मैदान में क्यों नहीं तैनात किया गया, त्वरित प्रतिक्रिया दल को वहां पहुंचने में एक घंटा क्यों लगा और उन्होंने लोगों का धर्म पूछकर उन्हें गोली क्यों मारी। कश्मीरियों और कश्मीरी छात्रों के खिलाफ झूठा प्रचार बंद होना चाहिए। जिस तरह से आतंकवादियों ने लोगों का धर्म पूछकर उनकी हत्या की निंदा करता हूं। यह बहुत अच्छी बात है कि सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया गया है, लेकिन हम पानी कहां रखेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जो भी फैसला लेगी हम उसका समर्थन करेंगे। यह कोई राजनी. तिक मुद्दा नहीं है। इस अवसर पर डायरेक्टर इंटेलिजेंस ब्यूरो ने 15 मिनट का प्रजेंटेशन दिया।

# डोनाल्ड ट्रम्प की लोकप्रियता में आई गिरावट

## सर्वे में खुलासा- केवल 41 फीसदी लोगों की पसंद हैं राष्ट्रपति

**वाशिंगटन, वार्ता**

राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प की लोकप्रियता में लगातार गिरावट आ रही है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था, टैरिफ और आव्रजन मुद्दों को लेकर अमेरिकियों का विश्वास ट्रम्प पर से कम हो रहा है।

हाल ही में हुए सर्वे में खुलासा हुआ है कि केवल 41 फीसदी अमेरिकी ही ट्रम्प के समर्थन में हैं। जबकि चुनाव के दौरान यह आंकड़ा कहीं ज्यादा था। इकोनामिस्ट/यूगोव सर्वे में ट्रम्प की रेटिंग में गिरावट सामने आई। अब केवल 41 प्रतिशत अमेरिकी उनके समर्थन में हैं। जबकि जनवरी में यह संख्या लगभग आधे से ज्यादा थी। वहीं प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा किए गए एक अन्य सर्वे में सामने आया कि ट्रम्प के काम की रेटिंग फरवरी में 47 प्रतिशत से गिरकर 40 प्रतिशत हो गई है। यह पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के 59 फीसदी से काफी कम है। वहीं गैलप ने पिछले सप्ताह कहा था कि कुल मिलाकर राष्ट्रपति बनने के पहले तीन महीनों में ट्रम्प की औसत अनुमोदन रेटिंग 45 प्रतिशत रही है, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका में निर्वाचित सभी अन्य राष

ट्रपतियों से कम है। इससे साफ है कि अमेरिकियों का ट्रम्प की अर्थव्यवस्था जैसे प्रमुख मुद्दों को संभालने की क्षमता पर विश्वास कम हो रहा है। पिछले वर्ष मतदाताओं ने 78 वर्षीय अरबपति को अर्थव्यवस्था के मामले में मजबूत माना था, लेकिन इस महीने लगाए गए व्यापक टैरिफ ने वैश्विक बाजारों को हिलाकर रख दिया है। इकोनामिस्ट/यूगोव सर्वे के अनुसार अब 54 प्रतिशत अमेरिकियों का मानना है कि अर्थव्यवस्था खराब हो रही है, जबकि जनवरी में यह आंकड़ा 37 प्रतिशत था। इकोनामिस्ट/यूगोव सर्वे में पाया गया कि 45 प्रतिशत अमेरिकी लोग ट्रम्प के आव्रजन संबंधी प्रबंधन के तरीके से सहमत हैं, जबकि दो सप्ताह पहले यह आंकड़ा 50 प्रतिशत था। रायटर्स/इप्सोस सर्वे के मुता. बिक जीवन-यापन की लागत के मामले में ट्रम्प की रेटिंग काफी कम है। केवल 31 प्रतिशत अमेरिकी ही इस मुद्दे पर उनके प्रदर्शन को मंजूरी देते हैं।



अमेरिकीयों का विश्वास घटा

### ईरान यूरेनियम संवर्धन छोड़े, तभी समझौता संभव

**वाशिंगटन।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा है कि अमेरिका और ईरान में कोई भी समझौता तभी होगा, जब ईरान यूरेनियम संवर्धन बंद करेगा। बुधवार को जारी हुए एक इंटरव्यू में मार्को रूबियो ने ए बात कही। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौते को लेकर बात. चीत चल रही है। एक तरफ अमेरिका के विदेश मंत्री ईरान के यूरेनियम संवर्धन के काम का पूरी तरह से बंद करने की मांग कर रहे हैं, वहीं ईरान का कहना है कि उन्हें अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए यूरेनियम संवर्धन की जरूरत है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




# अनूठा वातावरण, स्वच्छ पर्यावरण और नैसर्गिक सुंदरता से बना नैनीताल शिक्षा का हब



150 सालों से भी अधिक समय से चले आ रहे नैनीताल की स्कूली शिक्षा का कोई जवाब नहीं। जिसके चलते नगर के कई स्कूल देशभर की स्कूलिंग में टॉप टेन में स्थान बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। उत्कृष्ट शिक्षा के कारण देश विदेश के बच्चे अपना भविष्य संवारने के लिए नैनीताल को प्राथमिकता देते हैं।

वर्तमान परिवेश में सामाजिक वातावरण बदला है तो शिक्षा का स्वरूप भी बदल गया है, जो वैश्विक स्तर पर की हो चली है। जिसके अनुरूप खुद को स्थापित कर पाना शिक्षण संस्थानों की मजबूरी हो चली है। इस वजह ने नैनीताल के स्कूलों को बदल डाला है। जिस कारण नगर के नामी स्कूल हाईटेक बन गए हैं। बोलचाल से लेकर खानपान और व्यवहार कुशलता ने यहां शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों की अलग पहचान बनादी है। बच्चों की उत्कृष्ट शिक्षा के चलते देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मान सम्मान के साथ स्थान दिया जाता है। दरअसल नैनीताल की आबोहवा ही कुछ ऐसी है, जो शिक्षण कार्य के अनुकूल है। यह कुदरत का ऐसा वरदान है, जो बच्चों का बौद्धिक व शारीरिक विकास में सहायक है तो स्वास्थ्य के लिए भी बेहद अनुकूल है। प्रदूषणमुक्त साफ सुथरा शांत वातावरण इस नगर को शिक्षा के क्षेत्र में दुनिया के चुनिंदा स्थानों में शामिल करता है। अनूठा वातावरण, सुंदर पर्यावरण और नैसर्गिक सुंदरता के कारण ही अंग्रेजों ने इस नगर को छोटी विलायत नाम दे डाला और शिक्षा का हब बना दिया। यहां अत्याधुनिक आवासीय विद्यालयों की भरमार है तो छोटे छोटे प्ले स्कूल नन्हे मनों को

समाजिक समरसता में ढालकर जीवन की डगर को आसान बनाते हैं। नैनीताल उत्तर भारत के अलावा पूर्वी प्रांतों की पहली पसंद है। इन प्रदेशों से हजारों की संख्या में प्रति वर्ष बच्चे इस नगर में शिक्षा ग्रहण करने आते हैं और भविष्य संवारते हैं।

**प्रस्तुति :**
**दिग्विजय सिंह बिष्ट**
**अकांशी मेवाड़ी**

## आवासीय विद्यालयों में उत्कृष्ट भूमिका निभा रहा पाइन क्रस्ट स्कूल



आयारपाटा की सुंदर वादियों में पाईन क्रस्ट बोर्डिंग स्कूल देश के विभिन्न प्रांतों के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय में समस्त सुविधायें उपलब्ध हैं। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह जरूरत के मुताबिक आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है। विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जाता है। प्रबन्धक संतोष कुमार कहते हैं कि जिम्मेदारी के साथ अपना दायित्व निभा रहे हैं। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास उनका लक्ष्य है।







## शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय भूमिका निभा रहा रामा मॉन्टेसरी



शिक्षा के क्षेत्र में रामा मॉन्टेसरी विद्यालय की भूमिका अद्वितीय रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नर्सरी से कक्षा 8वीं के बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। बच्चों का बौद्धिक का शारीरिक विकास के साथ प्रतियोगात्मक विकास पर विद्यालय प्रबंधन विशेष ध्यान देता है। जिस कारण यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नीलू एलहंस कहती हैं कि बच्चों की चहुमुखी विकास को लेकर उन्होंने विद्यालय में शिक्षण कार्य शुरू किया था और इसी उद्देश्य की पूर्ति को लेकर प्रयासरत रहती हैं।

## नए अवतार में सीआरएसटी इंटर कॉलेज



मनोज पांडे
प्रधानाचार्य



दीपा बिष्ट,
प्रधानाचार्य
जूनियर विंग।

वर्ष 1858 में स्थापित सीआरएसटी इंटर कॉलेज अब नए अवतार में नजर आएगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस विद्यालय कक्षा छः से 12वीं तक सीनियर विंग के रूप मे विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर रहा है तो दूसरी ओर जूनियर विंग नर्सरी से कक्षा 5वीं तक के नन्हे मुन्नों के सर्वांगीण विकास में जुटा हुआ है। आधुनिक कक्षाएं व विज्ञान लैब के साथ अत्याधुनिक ऑडिटोरियम ने विद्यालय की कायाकल्प किया कर दिया गया है। साथ ही रंगों कीकलाकृति से सजी दीवारों ने विद्यालय की सूरत बदल डाली है। सीनियर विंग के प्रधानाचार्य मनोज पांडे कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा के दौर में खुद को स्थापित करने व विद्यालय के ऐतिहासिक गौरव को बरकरार रखने के लिए विद्यालय को आधुनिक रंग में ढालने का प्रयास किया गया है। साथ ही अंग्रेजी माध्यम से संचालित जूनियर विंग को इस सत्र से जोड़ा गया है। जूनियर विंग पूर्व में अमेरिकन किड्स के नाम से संचालित की जाती थी, अब सीआरएसटी जूनियर विंग के साथ बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रही है। जुनियर विंग की प्रधानाचार्य दीपा बिष्ट कहती हैं कि बच्चों के बहुमुखी विकास को लेकर जीवन समर्पित किया है। पिछले एक दशक से भी अधिक समय से वह अपना दायित्व निभा रही हैं। जिसके फलस्वरूप उनका शैक्षणिक मार्ग अग्रसर है। वर्तमान में विद्यालय का कुशल प्रबंधन पद्मश्री अनूप साह द्वारा किया जा रहा है।








## VRINDAVAN PUBLIC SCHOOL



Vrindavan Public School was established in 2009 under the aegis of C.L. Sah Memorial Education Society with the aim of fostering the holistic development of young learners. As a Playway and Preparatory School, it has successfully nurtured students in both academics and extracurricular activities.The school's clean, green, sunny and spacious environment provides excellent facilities for the physical and mental growth of children, ensuring they develop into bright and confident individuals.This English-medium school is efficiently managed by a team of dedicated staff members under the guidance of the Principal, Mrs. Rakhee Sah. She emphasizes the school's commitment to providing the best possible atmosphere for the all-round development of her beloved students. The school has also introduced smart classes and projectors, enhancing engagement and making learning more interactive for young minds. These advancements help create a dynamic learning environment. Additionally, the school promotes activities that develop gross motor skills, such as Origami, Dance, Taekwondo, and games, which serve as valuable components of a well-rounded physical education program. The school also has a centralized heating and cooling system for the covinence of the children.

## बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा दे रहा सेंट जॉन्स स्कूल



सेंट जॉन्स स्कूल की शुरुआत वर्ष 1982 में एक प्लेस्कूल के रूप में की गई थी। वर्ष 1989 में इसे श्रीमती ई.थॉमस और श्री एस.ए.थॉमस द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया, जिन्होंने कक्षा 8 तक अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन शुरू किया। वर्तमान में श्रीमती विनीता रावत के रूप में वर्तमान प्राचार्या पद पर कार्य कर रही हैं। इस विद्यालय का वातावरण नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए नगर में विशेष स्थान रखता है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित सेंट जॉन्स स्कूल बेहतर ढंग से बच्चों के चहुमुखी विकास में जुटा हुआ है। अनिवार्य विषयों के अलावा अतिरिक्त विषय भी चला रहा है। जिसके चलते इस विद्यालय के प्रति नगर में लोगों का विश्वास गहराता जा रहा है, जो कक्षा आठवीं तक संचालित की जा रही है।

## छात्राओं की विशेष पहचान बनाने में इतिहास रचा है ऑलसेंट्स कालेज ने

ऑलसेंट्स कालेज का गौरवमय इतिहास ब्रिटिश काल से रहा है। इस विद्यालय से हजारों बच्चे शिक्षा प्राप्त कर देश–विदेश में अपना भविष्य संवार चुके है। इस विद्यालय में वैश्विक स्तर पर शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्तमान में कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजना रिचर्डस कुशलतापूर्वक विद्यालय का संचालन कर रही है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित इस विद्यालय की स्थापना 1869 में हुई थी तब से लेकर आज तक यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। देश विदेश के बच्चे इस इस विद्यालय में अध्ययन करने आते है। इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर दर्जनों छात्राएं विश्व स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने में कामयाब हुई है। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अंजना रिचर्डस कहती है कि शिक्षा के मापदंड ध्यान में रखकर गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करने का प्रयास है जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।




## नगर का अग्रणी विद्यालय है बिशप शॉ इंटर कॉलेज




नीलम दानी
(प्रबन्धक)



वीना मैसी
(प्रधानाचार्य)

बिशप शॉ इंटर कॉलेज उत्तराखंड बोर्ड से सम्बद्ध अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के अग्रणी विद्यालयों में स्थान रखता है और अनुभवी शिक्षकों द्वारा बच्चों का भविष्य संवारने में जुटा हुआ है। विद्यालय प्रबंधन की विशेषता है कि बेहद कम शुल्क में बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कर, शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व बखूबी निभाता आ रहा है। तल्लीताल क्षेत्र में झील के समीप विद्यालय का वातावरण शिक्षा के माकूल है। विद्यालय प्रबंधक नीलम दानी कहती है कि उनका प्रयास विद्यार्थियों को उत्तम शिक्षा प्रदान कर बेहतर भविष्य बनाना है। भविष्य में भी उनका प्रयास जारी रहेगा। प्रधानाचार्य वीना मैसी कहती हैं कि वह वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए आधुनिक शिक्षा प्रदान करने में जुटी हुई हैं।



# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम का आयोजन

## मुख्य अतिथि गौरव चौधरी ने ग्राम प्रधानों व सचिवों को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरूवार को विकास भवन सभागार में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव चौधरी की उपस्थिति में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गौरव चौधरी द्वारा मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रथम स्थान विकास खंड परीक्षितगढ़ की ग्राम पंचायत नंगला गोसाई की ग्राम प्रधान सरिता सिंह व ग्राम सचिव विनीत कुमार, द्वितीय स्थान विकास खंड खरखौदा की ग्राम पंचायत सेतकुंआ की ग्राम प्रधान कृष्णा तथा ग्राम सचिव शिवम यादव, तृतीय स्थान विकास खंड परीक्षितगढ़ के ग्राम सिकंदरपुर की ग्राम प्रधान सुषमा तथा ग्राम सचिव विक्रांत गौरव, चतुर्थ स्थान विकास खंड दौराला की ग्राम पंचायत मवीमीरा के ग्राम प्रधान किरणपाल तथा ग्राम सचिव अमित कुमार, पंचम स्थान विकास खंड रजपुरा की ग्राम पंचायत मो. ललसाना के ग्राम प्रधान श्यामवीर तथा ग्राम सचिव दीपक कुमार को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त विकास खण्ड स्तर पर भी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस का आयोजन किया गया तथा जनपद की समस्त ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मधुबनी बिहार में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। इस अवसर पर एमएलसी अश्वनी त्यागी, जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह, मुख्य विकास अधिकारी नूपुर गोयल, परियोजना निदेशक डीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी अम्बरीष कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव उपस्थित रहे।




कार्यक्रम मे मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष, एमएलसी अश्वनी व डीएम वी.के. सिंह।

## 25 हजार का इनामी पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** पाचली खुर्द गांव के रिंकू ने फरवरी 2025 में इमरान की हत्या कर दी थी जिसके बाद लगातार रिंकू फरार चल रहा था। गुरुवार को रिंकू गांव में पहुंचा और राहुल नाम के युवक पर गोली चला दी। शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और रिंकू एक घर में घुस गया। वहीं गांव वालों ने रिंकू की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर संजय कुमार पांडे पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और रिंकू को चारों और से घेर लिया। मुठभेड़ में रिंकू को मार गिराया। सूचना पर कई थानों की पुलिस पहुंच गई। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। बता दें कि रिंकू के गांव के इमरान की हत्या के बाद लगातार फरार चल रहा था ।उस पर एसएसपी ने 25000 का इनाम घोषित किया था। रिंकू हरियाणा में जाकर थाने से सेटिंग करके पेश हो गया था। गुरुवार को वह जेल से छूट कर आया था। वहीं गांव में पुलिस फोर्स तैनात हो गई। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि गांव वालों ने रिंकू को मारा है जबकि पुलिस रिंकू को मुठभेड़ में ढेर करने की बात कर रही है।

## डीएम ने किया ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह द्वारा आईटीआई साकेत तथा कंकरखेड़ा स्थित मार्शल पिच में ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। वेयर हाउस में रखी गई ईवीएम मशीनों का विधानसभावार सुरक्षित होने के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम, सीसीटीवी कैमरे आदि व्यवस्थाओ का जायजा लिया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पहलगाम हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भराला गांव स्थित बीपी इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर बृहस्पतिवार को भाजपा के दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला के नेतृत्व में ग्रामीणों ने पहलगाम के हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। मनिंदर विहान ने बताया कि वह इस हमले की निंदा करते है। आतंकवादी का कोई धर्म नहीं होता। हमले में 28 लोगों की मौत हो गई। उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर शिवम सिवाच, अंकित सिवाच, अंबुज,सीटू, संदीप विहान, मनीष सिवाच, प्रताप चौधरी, साहब सिंह, सोनू, निशांत, अंकित विहान आदि मौजूद रहे।

## एयरटेल ने स्पैम के खिलाफ अपनी लड़ाई को आगे बढ़ाते हुए की नए फीचर्स की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हाल ही में अपनी एआई आधारित स्पैम डिटेक्शन टूल की शुरुआत के बाद एयरटेल ने आज दो महत्वपूर्ण नई सुविधाओं की घोषणा की है, जो स्पैमर्स से एक कदम आगे रहने के उद्देश्य से शुरू की गई है। एयरटेल की इस प्रणाली ने अब तक 27.5 अरब से अधिक कॉलों को स्पैम के रूप में पहचानकर उपभोक्ताओं को अलर्ट किया है। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, सिद्धार्थ शर्मा, निदेशक मार्केटिंग एवं सीईओ कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा कि हम जो कुछ भी करते हैं, उसमें ग्राहक और उनकी प्रतिक्रिया केंद्र में होती है। ग्राहकों की राय का गहराई से विश्लेषण करने के बाद, हमने अपने समाधानों को भारत की भाषाई विविधता के अनुरूप और अधिक सक्षम बनाया है। साथ ही, जब से स्पैम ट्रैफिक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्कों की ओर ट्रांसफर हुआ है, हमने अपने एआई आधारित टूल को इस दिशा में भी सक्रिय कर दिया है, ताकि सभी अंतरराष्ट्रीय कॉलों और संदेशों की जांच की जा सके।

## विद्युत प्रणाली सुदृढ़ीकरण के लिए मील का पत्थर साबित होगी आरडीएसएस महत्वकांशी योजना: प्रबंध निदेशक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के उपभोक्ताओं को अनवरत् विद्युत आपूर्ति एवं लाईन हानियों कम करने संबंधी इन्फास्ट्रैक्चर सुदृढ़ करने हेतु, रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) भारत सरकार द्वारा स्वीकृत की गई है। इस योजना के अन्तर्गत उपभोक्ताओं को 24 घंटे गुणवत्तापरक निर्बाध विद्युत आपूर्ति करने एवं वितरण कंपनियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। आरडीएसएस योजना के तहत पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के 14 जनपदों में, जहाँ युद्धस्तर पर कार्य किए गए, वहीं प्रबंध निदेशक द्वारा कार्यदायी संस्थाओं और अधिकारियों के साथ प्रतिदिन समीक्षा से योजना को पंख लगे, परिणाम स्वरूप रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के तहत, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के 14 जनपदों में, नए फीडरों का निर्माण, फीडरों का विभवित्तकरण, फीडरों का बाइफरकेशन, एलटी लाईनों के जर्जर तार बदलने का कार्य, एचटी लाईनों के जर्जर तार बदलने का कार्य, योजना के अन्तर्गत पूर्ण कर लिये गए हैं। अधिक लाईन हानियों के क्षेत्र में एरियल बंच केबल डाला गया है जिससे की लाईन हानियों को कम किया जा सके।

रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) वो अन्तर्गत बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये निम्नलिखित कार्य एवं अन्य सुचार किये गये, पश्चिमांचल के 14 जनपदों में 554 नग फीडर का पृथक्कीकरण का कार्य किया गया जिसके अन्तर्गत 162727 नग नये पोल लगाये गये। 16297.97 कि.मी. कन्डक्टर लगाया गया तथा 443.20 कि.मी. एबी केबिल लगाया गया, इसके अतिरिक्त 25, 63 एवं 100 केवीए विभिन्न क्षमता के 1528 नग डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर लगाये गये। आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत, पश्चिमांचल के 14 जनपदों में विद्युत विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये 299 नग फीडरों के विभक्तिकरण का कार्य किया गया जिसमें 18114 नये पोल लगाये गये, 2403.61 कि.मी. कन्डक्टर लगाया गया। योजना के अन्तर्गत 656 नग जर्जर एचटी लाईनों का तार बदलने का कार्य किया गया, जिसमें 65897 नये पोल लगाये गये एवं 14863.45 कि.मी. कन्डक्टर लगाये गये। इसके अतिरिक्त 1532 नग जर्जर एलटी लाईनों के तार बदलने का कार्य किया गया जिसमें 184506 नये पोल लगाये गये एवं 24553.66 किमी एबीसी केबल लगाई गई जिससे उपभोक्ताओं को गुणवत्तापरक, निर्बाध विद्युत आपूर्ति करायी जा सके।

प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन (आईएएस) ने बताया कि केन्द्र सरकार की महत्वकांशी योजना, रिवेम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम विद्युत प्रणाली सुदृढ़ीकरण के लिए, मील का पत्थर साबित होने के साथ-साथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए वरदान साबित होगी। फीडर पृथक्कीकरण के कार्य पूर्ण होने से, कृषि उपभोक्ताओं को दिन के समय अनवरत् विद्युत आपूर्ति की जा रही है तथा इन कार्यों के होने के उपरान्त बचत की गई ऊर्जा की आपूर्ति को, रात्रि के समय ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही है ताकि समस्त उपभोक्ता आराम से रात्रि मे सो सकें। प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि फीडरों का विभक्तिकरण होने से, ओवरलोडिंग के कारण बार-बार तार टूटने की समस्या से निजात मिली है तथा उपभोक्ताओं की लो वोल्टेज की समस्या का भी समाधान हो गया है, जर्जर तारों के बदले जाने से बार-बार तार टूटने की समस्या का निराकरण हुआ है तथा उपभोक्ताओं को गुणवत्तापरक अनवरत् विद्युत आपूर्ति की जा रही है। उपरोक्त कार्य होने से पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के अन्तर्गत समस्त 14 जनपदों की एटी एण्ड सी. हानियों में गत वर्ष के सापेक्ष 12.50 प्रतिशत की कमी आई है।

## पुलिस ने विक्षिप्त किशोरी को सहारनपुर से किया बरामद

### दिल्ली रेलवे स्टेशन से साथ ले गया था कुंवरपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सहारनपुर से विक्षिप्त किशोरी को बरामद करने के बाद डिडौली पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में बने सेफ हाउस में रखा है। मामले में पुलिस अब उसके पति के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है। पिता से तहरीर लेकर गुमशुदगी को मुकदमे में तरमीम कर लिया गया है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान की 13 साल की विक्षिप्त बेटी अप्रैल 2024 में अचानक लापता हो गई थी। दो दिन पूर्व पुलिस को उसके सहारनपुर जिले के तीतरो थाना क्षेत्र के गांव पूजना में होने का सुराग मिला था। आधार कार्ड के पते के मुताबिक घर पहुंचे एटीएम कार्ड से इस बात का पता चला था। इसके बाद सहारनपुर पहुंची डिडौली पुलिस की टीम किशोरी को बरामद कर अपने साथ अमरोहा ले आई थी। छानबीन में पता चला था कि वहां रहने वाले कुंवरपाल सिंह ने किशोरी से शादी कर रखी है। किशोरी बीते साल उसे दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर टहलती मिली थी, जिसे कुंवरपाल अपने साथ वहां गांव ले गांव ले गया था। किशोरी फिलहाल गर्भवती है। बयान दर्ज करने के बाद पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में बने सेफ हाउस में रखा है। किशोरी के बरामद होने के बाद पुलिस अब मामले में उसके पति के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर रही है। पिता द्वारा दर्ज कराई गई गुमशुदगी को मुकदमे में तरमीम कर लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि मामले में किशोरी के पति पर कार्रवाई की जाएगी।



नौगांवा सादात। मंगल बाजार में आयोजित कुश्ती में जोर आजमाइश करते पहलवान।

## ताबिश ने प्रीत को दी पटखनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात।** कुश्ती के पहले दिन अमरोहा के ताबिश कुरैशी ने मुरादाबाद के प्रीत पहलवान को पटखनी दी। नगर के मंगल बाजार में गुरूवार से दंगल का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व चेयरमैन नदीम अब्बास जैदी ने फीता काटकर किया। पहले दिन अमरोहा के ताबिश कुरैशी व मुरादाबाद के प्रीत पहलवान के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें ताबिश ने प्रीत को पटखनी दी। पूर्व चेयरमेन ने कहा कि खेल को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। इससे शरीर स्वस्थ रहता है तथा विकास भी होता है। इस मौके पर गोल्डी जैदी, हुसैन हैदर, हमसर आदि मौजूद रहे।

## भाकिसं ने फूंका पाक पीएम का पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में भारतीय किसान संघ ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का पुतला फूंका। बस स्टैंड पर भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता एकत्र हुए तथा उन्होंने कहा कि जम्मू कशमीर के पहलगाम में आतंकियों ने निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतार दिया। इस हमले में सीधे तौर पर पाकिस्तान का हाथ है। कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान हाय हाय के नारे लगाते प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का पुतला फूंका। पुतला फूंकने वालों में डा. शिवचरन सैनी, अखिलेश शर्मा, कपिल शर्मा, दिव्यांश यादव, जयचंद, सतवीर सिंह, शिव कुमार, नीरज, विजय सैनी, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।

# आतंकवाद के विरोध में भाजपा का कैंडल मार्च

### मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना



हसनपुर। आतंकी हमले के विरोध में कैंडिल निकालते नागरिक।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कैंडल मार्च निकालकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। बुधवार की देर रात्रि लगभग 8:30 बजे भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी एवं पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा अंबेडकर पार्क से पचपेड़ी तक एक कैंडल मार्च निकाला और पचपेड़ी पहुंचकर सभी ने दिवंगत पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की गई। इसके अलावा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। चेयरमैन राजपाल सैनी ने कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है और भाजपा सरकार इसका मुंहतोड़ जवाब देगी।कैंडल मार्च निकालने वालों में जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, चेयरमैन राजपाल सैनी, चंद्रपाल खड्गवंशी, संदीप गुप्ता, पुरुष अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, अर्पण गुप्ता, हिमांशु त्यागी, संजय शर्मा, यशपाल सिंह चौहान, मनोज गोयल, विवेक शर्मा, अमित अग्रवाल, सत्येंद्र त्यागी, विक्रांत शर्मा, अरविंद अन्ना, आम्रपाली गुर्जर, टेकचंद चौहान, मनोज सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आतंकियों को दें मुंहतोड़ जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** महिला भाजपा कार्यकर्ताओं ने जम्मू कश्मीर में हुई आतंकवादी घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कैंडल मार्च निकाला। गुरुवार को भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष उषा शर्मा के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर पार्क से नगर पालिका में स्थित सरदार भगत सिंह की प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकाला। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने जिस तरह सैलानियों पर कायराना हमला कर उनकी जान ली है उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाये। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने कई बहनों कई माताओं से उनके घर का सहारा छीन लिया है। इस अवसर पर महिला मोर्चा कि जिला अध्यक्ष उषा शर्मा, अंगूरी देवी, सीमा यादव, दीप माला वर्मा, बबीता सैनी, ममता शर्मा, ज्योति गर्ग, सोनिया प्रजापति, भावना चौधरी आदि मौजूद थी।

## समाजसेवा ही रोटरी क्लब का मकसद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** रोटरी क्लब आस्था की पारिवारिक सभा विनय गुप्ता व उमा गुप्ता के आवास पर आयोजित की गई। जिसमें सभी सदस्यो ने सहयोग करके तथा रोटरी फाउंडेशन के चौक देकर क्लब को मजबूत बनाने के लिए योगदान दिया। जिसके लिए उपस्थिति सदस्यो ने कर्तल धवनी से प्रंशसा की। सभा में सुमन वर्मा के राजकीय कन्या इन्टर कॉलेज से सेवा. निवृत होने पर सभी सदस्यो ने उदगार वयक्त कर प्रंशसा की। उपस्थिति सदस्यो ने सुमन वर्मा के काम व सेवा भाव की सराहना की तथा उपहार देकर सुमन वर्मा व उनके पति संदीप भटनागर को सम्मानित किया। सभा में रोटेरियन कृष्ण अवतार अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, डा0 तीर सिंह सिरोही, नेहा सक्सैना, जया सिरोही, क्लब अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, राजीव कंसल, विनोद कुमार सक्सैना, दिनेश कुमार अग्रवाल, चरनजीत सिंह, सुनील कुमार भटनागर,अक्षि अग्रवाल मौजूद रहे। संचालन विशाल अग्रवाल ने सभा का संचालन किया।

## जमियत ने आतंकवाद का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जमीयत उलमा-ए-हिन्द जोया ने कड़ी निंदा की है। पदाधिकारियों ने गुरुवार सुबह जोया चौराहा पर आतंकवाद का पुतला दहन किया और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रांतीय सचिव मौलाना अब्दुल जब्बार ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे मुल्क को झकझोर कर रख दिया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक आतंकी हमला नहीं, बल्कि इंसानियत का कत्ल है। पूरा मुल्क इस घटना से सदमे में हैं। आतंकवाद के खिलाफ हमें एकजुट होकर लड़ना होगा।

## कार्यालय जिला पंचायत, मेरठ।

पत्रांक: 185/जि.पं.किराया/2025-26 दिनांक: 17.04.2025

**नीलाम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, मेरठ की नौचन्दी स्थित खसरा सं. 4324 रकबा 0.329 हैक्टे. में से लगभग 250 वर्ग मीटर भूमि जो मौके पर खाली है जैसी है वैसी का (कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के बराबर में प्रीत विहार कॉलोनी वाले रास्ते पर फ्लैट्स के बराबर में) एवं नौचन्दी स्थित खसरा सं. 4324 रकबा 0.329 हैक्टे. में से लगभग 250 वर्ग मीटर भूमि जो मौके पर खाली हैं जैसी है वैसी का (कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आगे प्रीत विहार कॉलोनी वाले रास्ते पर फ्लैट्स के पीछे एवं पुलिस चौकी के पास) गोदाम आदि के प्रयोगार्थ तीन वर्ष के लिए किराये पर नीलाम दिनांक 13.05.2025 को समय दोपहर 02:00 बजे कार्यालय जिला पंचायत, मेरठ के सभागार में जलसे आम में किया जायेगा। नीलाम में प्रतिभाग करने के लिए प्रत्येक बोलीदाताओं को दोनों स्थानों के लिए जमानत के रूप में अलग-अलग अंकन रू. 50,000.00-50,000.00 (रु. पच्चास-पच्चास हजार) बोली बोलने से पूर्व नीलाम समिति के समक्ष नगद में जमा करनी होगी। उच्चतम बोलीदाता को बोली के तुरन्त बाद प्रथम वर्ष की किश्त जमा करनी होगी। यदि नीलाम उक्त तिथि को नहीं हो पाता है तो नीलाम होने तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को अवकाश को छोड़कर कार्यालय दिवस में यथास्थान व नियत समय पर किया जायेगा। नीलाम की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती हैं। जिला पंचायत मेरठ का बकायेदार या दीवालियां बोली में प्रतिभाग नहीं करेगा तथा बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली के समय अपना आधार कार्ड, पेन कार्ड, दो फोटो जमा करना अनिवार्य होगा।

(वी.एस. कुशवाहा)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, मेरठ।

# अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो मजदूरों की मौत

## एक की ट्रैक्टर की टक्कर लगने से व दूसरे को अज्ञात वाहन ने कुचला, परिवारों में शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जनपद में अलग-अलग घटनाओं में दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना छपरौली के गांव सादिकपुर सिनोली स्थित एक भट्टे पर ट्रैक्टर व गारा बनाने वाली मशीन की टक्कर लगने सें एक मजदूर की मौत हो गई है। बताया गया है कि गांव सिनौली निवासी सुमित गांव मे ही एक भट्टे पर मजदूरी करता था। बताया गया है कि देर शाम जब वह अपने घर जा था तो अचानक भट्टे पर कार्य करने वाले एक ट्रैक्टर चालक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची ओर ट्रैक्टर व मशीन अपने कब्जे में लिया है। पुलिस ने घटना की जानकारी ली और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमर्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतक के भाई शिवम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उस आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। वही दूसरी ओर, थाना दोघट क्षेत्र गांव भड़ल में पेट्रोल पम्प के पास किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक मजदूर की मौत हो गई। बताया गया है कि गांव नंगला कनवाड़ा में मजदूर नवीन बाइक से लड़की को लेने के लिए आया था। रास्ते में गांव भड़ल पेंट्रोल पम्प के निकट किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर एक बाइक सवार की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची ओर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


मृतक सुमित का फाइल फोटो


मृतक नवीन का फाइल फोटो



# दुष्कर्म पीड़िता ने दबाव में आकर दिए थे आरोपी के पक्ष में बयान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना बालैनी क्षेत्र के एक गांव निवासी दुष्कर्म पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों ने दबाव देकर उस पर अपने पक्ष में बयान कराने का आरोप लगाया है। उसने अपना 164 का बयान दोबारा कराने व उसे न्याय दिलाने की गुहार लगाते हुए डीएम को एक प्रार्थना पत्र दिया है।

पीड़िता के अनुसार परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह अग्रवाल मंडी टटीरी में बजाज शोरूम में नौकरी करती थी। यह शौरूम एक सपा नेता के भाई का बताया गया है। पीड़िता का आरोप है कि शोरूम का मालिक उसके साथ छेड़छाड़ करता था और शोरूम का सामान लाने के लिए उसे अपने साथ बाहर लेकर जाता था। उसका कहना है कि अपने परिवार की हालत देखते हुए वह सब सहन करने को मजबूर थी। पीड़िता का आरोप है कि वह 20 नवम्बर 2023 को शोरूम का मालिक उसे अपने साथ गाजियाबाद लेकर गया था। आरोप है कि वहा पर आरोपी ने नशीला पेय पदार्थ पिलाकर उसे बेसुध कर दिया और जब वह होश में आई तो उसे उसके साथ दुष्कर्म होने का पता चला। आरोप है कि जब उसने इसकी शिकायत आरोपी के भाई व भाभी से की तो उन्होंने भी आरोपी का ही साथ दिया। पीड़िता का आरोप है कि शादी झासा देकर आरोपी ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया ओर जब वह गर्भवती हो गई तो उसे जहरीली दवा देकर मारने का प्रयास किया। इस संबंध में उसने आरोपी के विरूद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि 161 के बयान के बाद जब वह अपने भाई के साथ कोर्ट में 164 के बयान के लिए जा रही थी तो सपा नेता ने उसे अपने कार्यालय में बुलाया ओर उनके पक्ष में बयान न देने पर उसकी व उसके भाई की हत्या कराने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि उसने 164 का बयान आरोपी के दबाव मे दिया था। उसने इस संबंध में एक प्रार्थना पत्र देते हुए उसका 164 का दोबारा बयान कराने तथा अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा कराने की गुहार लगाई है।

# ट्रैक्टर के नीचे दबने से किसान घायल, उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में सुबह खेत में किसान का ट्रैक्टर पलटने से उसके नीचे दबे 45 वर्षीय किसान की मौत हो गयी जिससे परिवार में कोहराम मचा है। ग्रामीण पीड़ित परिवार को सात्वंना देने मे लगे है।

ढिकोली निवासी 45 वर्षीय किसान जसबीर पुत्र सुखबीर सुबह 6 बजें ट्रैक्टर लेकर अपने खेतो पर कार्य करने गया था। जहां चकरोड़ से खाई में ट्रेक्टर उतारते समय ट्रेक्टर पलट गया और किसान उसके नीचे दब गया। आस पडौस में काम कर रहे किसानो ने देखा तो उसे बचाने दौड़ पड़े और कड़ी मशक्कत के बाद घायल अवस्था में किसान को बाहर निकाला और वहा से बालैनी के एक अस्पताल में उपचार के लिए ले गये। जहां किसान ने दम तोड़ दिया जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीण पीड़ित परिवार को सात्वंना देने मे लगे थे। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक किसान के 4 बच्चे है जिनकी परवरिश की जिम्मेदारी किसान की थी। किसान की मौत के बाद गांव मे मातम छाया हुआ है।



# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के संबंध में जिलाधिकारी ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के संबंध में एस.बी.आई. बैंक के अधिकारियों के साथ बैठक कर संबंधित को निर्देश दिए। भारतीय स्टेट बैंक स्तर पर प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध रूप से ऋण स्वीकृत किया जाए जिसमें कम से कम आवेदनों को स्वीकृत किया गया है। जिलाधिकारी निर्देशित किया है कि अनावश्यक युवाओं को चक्कर न लगवाई जो भी फॉर्मेलिटी हैं उन्हें कम से काम करते हो युवाओं को लोन दिया जाए जिससे कि वह सूक्ष्म रोजगार कर सके और उनके सपने साकार हो सके जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए की जो भी आवेदन के साथ कागज चाहिए। उसे एक बार बता दे बार-बार कागजों के संबंध में लोन को ना लटकाए।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियां सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है जिसमें युवाओं के सपनों को लगेंगे पंख मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के संग इस योजना के अंतर्गत 21 वर्ष से लेकर 40 वर्ष के आयु तक के व्यक्ति लाभान्वित हो सकते हैं जिन्हें बिना ब्याज के 5 लाख तक का ऋण दिया जाएगा जिससे कि वह अपना कोई भी सूक्ष्म उद्योग कर सके। इसके लिए शिक्षण योग्यता न्यूनतम कक्षा 8 पास, इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष की वरीयता होनी चाहिए। इस योजना में आवेदन की प्रक्रिया के लिए एमएसएमई के पोर्टल पर www msme.up.gov.in पर अपने मोबाइल से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बैंकों के स्तर पर प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध रूप से ऋण स्वीकृत किया जाएगा। योजना की मुख्य बातें प्रतिवर्ष एक लाख युवाओं को स्वरोजगार 10 वर्षों में 10 लाख स्वरोजगार के अवसर सृजित करना है जिसमें प्रथम चरण में 5 लाख तक की परियोजनाओं हेतु 4 वर्षों तक 100प्रतिशत ब्याज मुक्त कॉलेटरल गारंटी मुक्त ऋण दिया जाएगा। इस रन को समय से देने पर उन्हें आगे भी 10 लाख रुपए तक का लोन दिया जा सकता है। 7.50लाख रुपए के ऋण पर 50प्रतिशत ब्याज अनुदान 3 वर्षों तक दिया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, जीएमडीआईसी अर्चना तिवारी, लीड बैंक मैनेजर अभय कुमार सहित समस्त बैंक प्रबंधन आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

# जांच में दोषी पाए गए अध्यापक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बामनोली श्रीजवाहर इंटर कॉलेज का मामला सामने आया है जिसमें बरेली से ही डयूटी कर रहे अध्यापक अपनी मौज मस्ती में लगे हुए हैं। स्कूल में आते नहीं बराबर डयूटी कर बैठ कर रहे है। स्कूल वालों की मिली भगत से फ्री की तनखा डकार रहे हैं। अध्यापक जांच अधिकारी की पुष्टि भी हो चुकी है। मगर अब तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हो पाई। इस अध्यापक की शिकायत स्कूल के ही एक अध्यापक ने की थी जिसमें बरेली का शिक्षक लगातार स्कूल से गायब चल रहा था। भाजपा किसान मोर्चा बागपत जिला महामंत्री सोनू माया बामनोली बागपत जिलाधिकारी से जांच कमेटी का गठन कर पूरे मामले की जांच कराई जाने की मांग की है। जांच में दोषी पाए गए अध्यापक के खिलाफ भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री सोनू माया ने अध्यापक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इस अध्यापक की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी ग्राम वासियों ने की है। बागपत से भी इसकी जांच के आदेश किया जा चुके हैं।

# फिल्म डायरेक्टर पर हो दंडात्मक कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के गुराना गांव में एक बैठक पंडित सुनील शर्मा के आवास पर हुई। बैठक की अध्यक्षता चौधरी 84 देश खाप ब्राह्मण समाज पंडित सुभाष चंद्र शर्मा ने की और संचालन ओमवीर दरोगा ने किया। पंडित ओंकार भारद्वाज चौधरी थांबा पट्टी बारु ने कहा कि फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप ने ब्राह्मणों के प्रति आए बडी गंदी टिप्पणी की है। उसे पर सरकार दंडात्मक कार्रवाई करें और फिल्म डायरेक्टर अनुराग कश्यप सार्वजनिक रूप से माफी मांगे नहीं तो सर्व समाज के सहयोग से हम सड़कों पर उतरेंगे। पंडित जगदीश शर्मा एवं हरिओम भारद्वाज ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी द्वारा हमला हिंदुओं पर निर्दनिए है। सरकार एक तिहाई सेवा के सुपुत्र करके आतंकवाद का सफाया करें सभी चौधरी ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंक और हिंदुओं पर आतंकवादी हमले पर दुख व्यक्त किया। सुनील चौधरी ने पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रही हिंसा का विरोध किया। मीटिंग में श्याम बिहारी शर्मा राजनीत सैंपल शर्मा विजेंद्र भारद्वाज पूर्व तहसीलदार नरेंद्र शर्मा पूर्व प्रधान किरठल चौधरी वेद प्रकाश चौधरी ओमवीर दरोगा शिवकुमार शर्मा थम्बा बिजरोल रजनी शर्मा गांव पूसार चौधरी महेंद्र चौहान खाप चौधरी राम महर में सेन समाज सुभाष बावली चौधरी चौधरी हरीभजन शर्मा थांबा पट्टी महर दीपक शर्मा सुरेन्द्र शर्मा बिनौली ब्लॉक अध्यक्ष मुकेश शर्मा नागल गांव नंगल अध्यक्ष विक्रम प्रधान दिनेश शर्मा अध्यक्ष सोनू शर्मा गांव बाजितपुर जसपाल चौधरी चौधरी यशपाल तोमर बिजरोल मनोज शर्मा चौधरी थांबा पुसार आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# ऑपरेशन शस्त्र अभियान के तहत पुलिस ने पांच युवकों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एएसपी ने बताया कि शासन के निर्देश पर गुरूवार को चैकिंग के दौरान थाना चांदीनगर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने सिंगोलीतगा मार्ग पर स्थित दाद.ीजी महाराज मंदिर के निकट चौराहे से अवैध शस्त्रों का प्रदर्शन करने के आरोप में पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार तमंचे व एक पिस्टल बरामद की है।

एसपी के अनुसार अपराधों की रोकथाम के लिए जनपद में ऑपरेशन शस्त्र अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बुधवार को थाना चांदीनगर पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने चे.िकंग के दौरान गांव सिंगोलीतगा मार्ग पर दादीजही महाराज मंदिन के निकट चौराहे से पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चार तमंचे एक पिस्टल बरामद की है। एएसपी ने बताया कि आरोपी नीरज निवासी हरचेदपुर तमंचे व पिस्टल खरीदे थे। बताया गया है कि आरोपी को तमंचे खैला निवासी सुनील तंवर ने सप्लाई किए थे जबकि उसने पिस्टल पाची निवसी एक शस्त्र तस्कर से .खरीदी थी। सुनील वर्तमान में दिल्ली की तिहाड जेल में बंद है। पुलिस वारंट बी पर लाकर उससे पूछमताछ करेंगी। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया है। पकडे गए बदमाशों में नीरज के अलावा सन्नी व दिपांशु पुत्र सेवा उर्फ कालू निवासीगण सुनपूरा गोतमबुद्धनगर, शहनाज निवासी सर्फाबाद व दिपांशु नागर पुत्र शुबोध कुमार निवासी कचेडा गोतमबुद्धनगर आदि शामली है।



# पहलगाम के आतंकी हमले के विरोध में विहिप बजरंगदल ने फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कश्मीर के पहलगाम के आतंकी हमले के विरोध में गुरुवार को विहिप बजरंगदल पाक पोषित आतंकवाद का पूतला फूंका और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबादी की।

विहिप बजरंगदल ने जिला मंत्री नितिन गोस्वामी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बागपत राष्ट्र वंदना चौक पर आतंकवाद का पुतला फूंका और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान नितिन गोस्वामी ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम पर्यटन स्थल पर हिन्दुओं पर्यटकों पर आतंकी हमला निंदनीय हैं। कश्मीर में हिन्दुओं की हत्या ये दर्शाता हैं की कुछ देश विरोधी ताकतें नहीं चाहती की कश्मीर की जनता आर्थिक रूप से संपन्न हों। देश और विदेश के मुस्लिम समाज को इसका पुरजोर विरोध करना चाहिए। धर्म पूछकर निरपराध पर्यटकों को गोली मारने वाले भी किसी मज़हब के पैरोकार हो सकते हैं। इस शर्मनाक कायरतापूर्ण हरकत के लिए सरकार से मांग करते हैं। बागपत राष्ट्र वंदना चौक पर आतंकवाद का पुतला फूंककर विरोध जताया और सरकार से आतंकी हमले का मुंह तोड जवाब देने की मांग की। पूरा देश एकजुट होकर आतंकवादियों के मंसूबों को सफल नहीं होने देंगा। आज इस कायरतापूर्ण हमले में जिनके परिवारजनों की मृत्यु हुई है। उनके परिवारों के प्रति सहानुभूति। इस दौरान सुभाष, विनोद, राजू, दीपक, महेश, ललित, सोनू, प्रियंका, विकास, मनोज आदि मौजूद रहे।



# मुठभेड़ के बाद अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार की रात मुठभेड़ के बाद अतंर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के तीन शतिर बदमाशो को गिरफ्तार किया है। इस दौरान गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया है। पुलिस ने उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की दस बाइक व स्कूटी बरामद की है। इनमें से चार बाईक हरियाण से तथा चार बाइक जनपद से चुराई गई थी।

अपर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने कोतवाली में पत्राकारों से बातचीत में बताया कि गत बुधवार की रात बदमाशों ने एक युवक से बाइक छीन ली थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू की। एएसपी ने बताया कि बाघू निरोजपुर मार्ग पर पुलिस ने बदमाशों को घेर लिया। आरोप है कि इस दौरान बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। जबाब में पुलिस ने भी बदमाशों पर गोली चलाई, जिससे गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने घेराबंदी कर घायल समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। घायल बदमाश का नाम मनोज निवसी मुकारी बताया गया है। एएसपी ने बताया कि पुलिस ने बदमाशों की निशानद.ेही पर कलक्ट्रेट के सामने स्थित कालोनी के निकट खंडर से चोरी की दस बाइक व एक स्कूटी बरामद की है। एसपी ने बताया पकडी गई आठ बाइक ट्रेस कर ली गई हैं। इनमे से चार बाइक जनपद हरियाणा से चोरी की गई थी, जबकि चार बाइक जनपद बागपत से विभिन्न स्थानों से चोरी की गई थी। शेष तीन वाहनों के मालिकों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया है। पकडे गए बदमाशों के नाम मोनू निवासी खेवडा (हरियाणा), विक्की व मनोज निवासीगण मुक.ारी थाना बालैनी बताये गए है।



# होटल में तीन अज्ञात लोगों ने की तोडफ़ोड़ पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चमरावल चौराहे पर तीन अज्ञात लोगो ने एक होटल पर हमला बोल होटल का कांउटर तोड़ डाला। वही एक ताला भी तोड़ डाला पीड़ित ने थानें मे तहरीर दी है।

चमरावल निवासी आसू पुत्र राकेश ने थाना चांदीनगर में तहरीर देते हुए बताया कि उसका चमरावल चौराहे पर बाबा सिंघानिया के नाम से होटल है। रात्रि लगभग नो बजें तीन अज्ञात लोगों ने उसके होटल पर हमला बोल उसका मेन काउंटर तोड डाला। वही एक ताला भी तोड़ा गया है। पीड़ित ने थाना चांदीनगर पहुंच तहरीर देते हुए कारवाही की मांग की है।



# नगर में निकाली शोक शांतिपूर्ण मशाल जुलूस पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में विश्व हिंदू महासंघ भारत शिक्षक एवं बुद्धि जीवी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में शोक शांतिपूर्ण मशाल जुलूस पदयात्रा निकली जिसमें तमाम हिंदू संगठनों के लोगों ने भी भाग लिया। विश्व हिंदू महासंघ भारत शिक्षक एवं बुद्धिजीवी पर प्रकोष्ठ के सभी कार्यकर्ता हाथों में मशाल लेकर चल रहे थे। शोक संदेश यात्रा में विश्व हिंदू महासंघ भारत शिक्षक एवं बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 26 हिंदुओं की हत्या कर दी गई जिसकी हम घोर कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। उन्होंने जम्मू कश्मीर में मारे गए हिंदुओं के प्रति गहरा दुख प्रकट करते हुए 2 मिनट का मौन धारण भी किया। उन्होंने भारत सरकार से मांग करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए। जिला प्रभारी बागपत जोगिंदर सिंह ने कहा कि हिंदुओं के साथ घोर अपराध लगातार हो रहा है। इस पर लगाम लगनी चाहिए। शोक सभा एवं शोक शांतिपूर्ण मशाल पदयात्रा में दिल्ली पुलिस से सेवानिवृत्ति राधेश्याम शर्मा महामंडलेश्वर आचार्य कृष्ण विश्रुतपाणी दिनेश शर्मा रेखा चौधरी चौधरी श्याम सिंह चौधरी हरपाल सिंह विक्रम सिंह सतवीर सिंह बड़का रमेश चौधरी उपेंद्र सिंह रेखा देवी सोनम देवी सविता देवी मनीषा देवी एडवोकेट शालिनी कौशिक राधेश्याम फौजी के अलावा काफी संख्या में हिंदू संगठन के लोगों ने नाम आंखों से मशाल पदयात्रा में भाग लिया।




**सूचना**

मेरे शस्त्र लाईसेन्स संख्या-944/थाना बडौत स्वीकृत है जिस पर एन.पी.बोर पिस्टल संख्या-आर.पी.128408 अंकित है जिसका सीमाक्षेत्र मेरठ मण्डल व दिनांक 13.10.2027 तक वैध है। मै किसी कार्य से बागपत जा रहा था रास्ते में मेरे शस्त्र लाईसेन्स वास्तव में कहीं खो गया है।
सुभाषचन्द जैन पुत्र शम्भूदयाल जैन निवासी-नेहरू रोड नियर जैन मन्दिर बडौत थाना बडौत जनपद बागपत।

# जलभराव की समस्या से राहगीर हुए परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** रटौल में नाला निर्माण के चलते कैनरा बैक के सामने जलभराव होने के कारण ग्राहकों और कस्बें के लोगो को गदें पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। कस्बें के लोगो ने समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

रटौल में जलभराव की समस्या को दूर करने के लिए नाला निर्माण कार्य चल रहा है जो रटौल कैनरा बैक के समीप तक पहुंच चुका है। नाले का गदें पानी की अभी निक.ासी न होने के चलते पानी गली से होता हुआ कैनरा बैक तक पहुंच चुका है जिससे बैक में जाने वाले ग्राहकों और कस्बें के लोगो को परेशानी उठानी पड़ रही है। कस्बें के लोगो ने बताया कि नाले का निर्माण मानक के अनुसार नही किया जा रहा है जिससे कस्बें में नाले को लेकर मेन रास्ते की चौड़ाई कही कम तो कही ज्यादा की गयी है। वही पानी निकासी का कोई समाधान नही किया गया है जिससे जलभराव की स्थिति पैदा हो गयी है। बैक जाने वाले ग्राहकों को गदें पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है जिससे लोग परेशान है और उच्च अधिका.रियों से पानी निकासी कर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।



# अनिल तोमर ने सीएम योगी से मुलाकात कर बताई क्षेत्र की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल तोमर ने लखनऊ में मुख्यमंत्री सरकारी आवास पर सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान सिवालखास के पूर्व विधायक जितेंद्र सतवई भी मौजूद रहे।

अनिल तोमर ने क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की जर्जर सड़कें, हर घर नल योजना में अनदेखी, पाइप लाइन के बाद टूटी सड़कों से ग्रामीणों की समस्या से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। बकाया गन्ना भुगतान की मांग रखी है। साथ ही बड़ौत बुढ़ाना मार्ग पर व बड़ौत बिनौली मार्ग पर रेलवे द्वारा अधुरे पुल के निर्माण को जल्द पूरा कराने की मांग की। उन्होंने जिले में प्रेस भवन के निर्माण की मांग रखी, साथ ही पत्रकारों के लिए आवास सुरक्षा एवं बीमा से संबंधित मांग भी सीएम योगी आदित्यनाथ से रखी। समस्याओं के अलावा उन्होंने जिले की राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।



# भाकियू लोकहित ने आतंकवाद व पाकिस्तान का फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय किसान यूनियन लोकहित के नेतृत्व में पहलगाम आतंकवादी हमले से आक्रोश से भरे सैकडों की संख्या में किसान मजदूर नगर पालिका चौराहे पर इकट्ठा हुए। आतंकि हमले में शहीद लोगों को श्रद्धांजलि दी और तहसील चोपाले तक पाकिस्तान की शव यात्रा निकाली और पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला फूंका।

किसान नेता राष्ट्रीय प्रवक्ता हरीश हूण ने कहा हिंदुस्तान का हिंदू और मुसलमान पाकिस्तान और आतंकवादियों के मनसुबो को कभी भी पुरा नहीं होने देगा। पाकिस्तान चाहता है हिंदुस्तान और कश्मीर के बीच में नफ़रत की खाई गहरी हो जाए जो रिश्ता कश्मीर और हिंदुस्तान का पिछले दिनों में खूबसूरत हुआ है। पाकिस्तान को वह रिश्ता बर्दाश्त नहीं हुआ। इसिलिए धर्म और नाम पूछ-पूछ कर पर्यटको की हत्या की गई। आतंकवादीयों के इरादे हिंदुस्तान में हिंदू और मुसलमान के बीच में नफ़रत की खाई खोदना है लेकिन हिंदुस्तान में रहने वाले हिंदू और मुसलमान आतंकवादियों के मनसुबो को बहुत अच्छे से समझते हैं। आतंकवादीयों के मनसूबे हिंदुस्तान किसी भी किस्मत पर पूरा नहीं होने देगा और पहलगांव के आतंकि हमले का मुंह तोड़ जवाब देगा। भाकियू लोकहित के प्रदेश प्रभारी देवेन्द्र बाना ने कहा सरकार को आतंकवादियों को कश्मीर से उठाकर दिल्ली लाल किले पर लाकर फ़ासी देनी चाहिए। जिसको सारी दुनिया याद रखे हिंदुस्तान आतंकवादी को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। सरकार को आतंकवादियों के साथ-साथ उनके आकाओं के भी फ़न कुचलने चाहिए। इस दौरान कपिल मावी, अंशुल बैसला, शादाब चौधरी, शो. जिब प्रधान, नीरज मावी, अंकुर चौधरी आदि मौजूद रहे।



# आतंकी हमले के विरोध में, एबीवीपी ने किया पाक का पुतला दहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, हापुड़ (एबीवीपी) इकाई ने पहलगाम कश्मीर में हुए कायराना आतंकी हमले के विरोध में नगर कोतवाली क्षेत्र के गोल मार्किट में पाकिस्तान का पुतला दहन किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक तुषार भारद्वाज ने कहा कि यह हमला देश की अखंडता पर चोट है।

वहीं जिला सह संयोजक धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि विद्यार्थी परिषद इसकी कड़ी निंदा करता है। नगर मंत्री अनुज वर्मा ने कहा कि देश का युवा अब चुप नहीं बैठेगा। दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला संयोजक तुषार भारद्वाज, जिला सहसंयोजक धर्मेंद्र सिंह, जिला संयोजक सोशल मीडिया आदित्य अग्रवाल, रचित अग्रवाल, नगर मंत्री अनुज वर्मा, अंजलि मिश्रा, अनुपम, आरती, भारती, रजत, नवीन, भूपेंद्र, विकास, रोनित, अंकुश, केशव, कार्तिक, आकाश, असित सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का किया खुलासा, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं का खुला. सा करते हुए एक बाल अपचारी सहित तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वाहन चोरों की निशानदेही पर चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद की है।

गुरुवार को हाफिजपुर थाने पर पिलखुवा सीओ अनीता चौहान ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि हापुड़ एसपी ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में जिले में अपराध की रोकथाम और वाहन चोरों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस ने चेकिंग के दौरान हापुड़ बुलंदशहर वाले हाईवे से बंद पड़े भट्टे की ओर जाने वाले रास्ते पर हाइवे किनारे से तीन शातिर वाहन चोर जुबेर पुत्र अरशद निवासी शेरपुर थाना निवाड़ी जनपद गाजियाबाद अखिलेश उर्फ़ तुषार निवासी बेगमाबाद बूदाना थाना मोदीनगर जनपद गाजियाबाद और एक बाल अपच. ारी को गिरफ़्तार किया है। पुलिस ने वाहन चोरों की निशानदेही पर चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद की है। सीओ अनीता चौहान ने बताया कि गिरफ्तार किए गए वाहन चोर मेलो और बारात घरों के बाहर से वाहन चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते थे। फिलहाल पुलिस ने वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया है।



# टैंकर ने बाइक सवार को मारी टक्कर हादसे में बाईक चालक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ की मेरठ रोड पर गुरुवार शाम सड़क हादसा हुआ। आवास विकास कॉलोनी के पास एक टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान आशिक के रूप में हुई है। वह थाना अफजलगढ़, जिला बिजनौर का रहने वाला था। उनके साथ बाइक पर सवार उनका भतीजा जुनैद घायल हो गया। घटना उस समय हुई जब दोनों आवास विकास कॉलोनी की एक बिल्डिंग से निकल रहे थे। टैंकर ने बाइक को साइड मारी, जिससे दोनों सड़क पर गिर गए। इस दौरान टैंकर ने बाइक चालक की गर्दन को कुचल दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल जुनैद को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर आने पर मामला दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।



## एक नजर

### पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में ग्रामीणों ने निकाला कैंडल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र में व्यापारियों और ग्रामीणों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में कैंडल मार्च निकाला। कार्यक्रम में लोगों ने आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

प्रदर्शनकारियों ने इस कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने सभी देशवासियों से सेना का समर्थन करने की अपील की। लोगों ने आतंकियों का पुतला जलाया और सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आतंकियों के खिलाफ लोगों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। कार्यक्रम में प्रवीन वर्मा, उमेश राणा, पंकज गोयल, हरेंद्र यादव, सुधीर दादू और अरविंद श्रीवास्तव समेत कई लोग मौजूद रहे।

### 10 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी की उपचार के दौरान मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढमुक्तेश्वर।** गढ़मुक्तेश्वर के एक गांव में 10 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी की मेरठ मेडिकल में इलाज के दौरान मौत हो गई। आरोपी को कोल्ड ड्रिंक पिलाने के बहाने बच्ची से दुष्कर्म करने का आरोप था। मृतक के चाचा कटार सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके भतीजे श्रवण को बलात्कार के आरोप में पकड़ने के दौरान लोगों ने मारपीट की थी।

इस मारपीट में उसे गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उसकी हालत शुरू से ही गंभीर थी। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। अब आरोपी की मौत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### पिलखुवा में सवारी लेने गए दो लोग लापता, परिजनों ने थाने में दी शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** हापुड़ के पिलखुवा में एक ई-रिक्शा चालक और उनके दोस्त के लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों बुधवार को सवारी लेने सपनावत गए थे। वे रात 11 बजे खेड़ा गेट के पास देखे गए थे, लेकिन उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चला है।

मोहल्ला गढ़ी निवासी वेद प्रकाश ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। वे अपने दोस्त लीले के साथ हलवाई लेने सपनावत गए थे। लीले प्रहलाद नगर पिलखुवा का रहने वाला है। वेद प्रकाश के बेटे सूरज ने पिलखुवा कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से लापता लोगों की तलाश जारी है।

### छिजारसी टोल प्लाजा पर टायर के नीचे दबकर युवक की मौत, चालक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धौलाना।** हापुड़ के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 स्थित छिजारसी टोल प्लाजा पर एक दुखद घटना सामने आई है। यहां पानी बेचकर अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाले 22 वर्षीय धर्मवीर की बस के टायर के नीचे आने से मौत हो गई।

घटना बुधवार की देर रात की है। धर्मवीर डग्गामार बस में यात्रियों को पानी बेच रहा था। टोल प्लाजा के बूथ पर जब बस रुकी, तो वह नीचे उतरने लगा। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह बस के टायर के नीचे आ गया। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों की तरफ से अभी कोई शिकायत नहीं मिली है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से फरार बस चालक की तलाश कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नवविवाहिता ने पंखे से फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट गंगानगरी में एक दुखद घटना सामने आई है। वार्ड नंबर 15 में रहने वाली एक नवविवाहिता ने पंखे से फांसी लगाकर जान दे दी। महिला की शादी करीब छह माह पहले हुई थी।

घटना मंगलवार की रात की है। महिला ने खाना खाने के बाद सोने के लिए कमरे में चली गई थी। देर रात परिवार के लोगों ने देखा कि कमरे में लाइट जल रही है। जब वे कमरे के पास गए तो महिला का शव पंखे से लटका हुआ मिला। सीओ वरुण मिश्रा के अनुसार, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरा। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तक किसी तरह की शिकायत दर्ज नहीं की गई है। पुलिस का कहना है कि यदि कोई तहरीर प्राप्त होती है, तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध ई-रिक्शा के खिलाफ परिवहन विभाग ने चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अवैध ऑटो और ई-रिक्शा के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ज़िलें में उप संभागीय परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा बुधवार को संयुक्त रूप से ऑटो और ई-रिक्शाओं के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों को ताक पर रखकर सड़कों पर दौड़ने वाली 24 ई-रिक्शा और ऑटो के चालान किए। जबकि 5 वाहनों को सीज किया गया।

एआरटीओ रमेश चौबे ने बताया कि ऑटो व ई-रिक्शा के खिलाफ अभियान चलाने के शासन से निर्देश प्राप्त हुए है। इसी के मद्देनजर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ज़िलें के विभिन्न चौराहो पर यातायात पुलिस के साथ अभियान चलाया गया। इसमें बिना नंबर प्लेट, बिना परमिट, बिना फिटनेस और विभाग का टैक्स बकाया जमा किए बिना सड़कों पर दौड़ने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की गई साथ ही चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा। इस दौरान एआरटीओ रमेश चौबे, पीटीओ आशुतोष उपाध्याय, यातायात निरीक्षक छवि राम, आदि मौजूद रहे।




# क्यूब रूट फाउंडेशन ने लिया 200 मरीजों को गोद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन में एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डा.राजेश सिंह के नेतृत्व में टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गुरूवार को क्यूब हाइवे संस्था द्वारा वित्त पोषित क्यूब रूट फाउंडेशन द्वारा जनपद के ब्लॉक गढ़मुक्तेश्वर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़मुक्तेश्वर सभागार में 200 क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरण किया गया।

संस्था के प्रोजेक्ट हेड अनिल कुमार शर्मा ने बताया की संस्था द्वारा जनपद में कुल 250 रोगियों को गोद लेकर पोषाहार वितरण किया जाना है जिसके अंतर्गत दिनांक 25 अप्रैल 2025 को भी जनपद की सिंभावली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन कर पोषाहार वितरण किया जाएगा। पोषण पोटली वितरण समारोह में आए मरीज एवं मरीजों के तीमारदारों को जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी द्वारा टीवी के लक्षण निदान व रोग से बचाव के विषय में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रोजेक्ट हेड अनिल कुमार शर्मा रूपेश सिंह प्लाजा मैनेजर राज्यवर्धन सिंह चौहान राकेश राय मैनेजर (CSR) राजेश चौधरी एवं स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सा अधीक्षक डा. शशी भूषण वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक गजेंद्र पाल सिंह वरिष्ठ प्रयोगशाला पर्यवेक्षक रामस. ेवक लैब टेक्नीशियन महेंद्र सिंह वी टी बी एच वी लाखन सिंह आदि उपस्थित रहे।




# पहलगाम में हुए हमले कों लेकर कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गुरुवार को कांग्रेस जन दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर एकत्रित हुए। जहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी और शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी के संयुक्त नेतृत्व में कांग्रेस जन कैंडल मार्च निकलते हुए रामलीला ग्राउंड स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचे। यहां से कांग्रेस जन हाथों में मोमबत्ती लेकर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए रामलीला ग्राउंड स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचे।

जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा है कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पूरा देश कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा हैं कि इस घटना से देश भर के लोगों में आक्रोश है। सरकार को आतंकवाद पर पाकिस्तान को कड़ा जवाब देना होगा और उन मौका परस्त लोगों को ऐसा सबक सिखाना होगा कि अगर कोई भारत पर या भारत के लोगों पर टेढ़ी निगाहों से देखेगा तो उसका भी हश्र यही होगा। शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने कहा है कि पाकिस्तान की इस करतूत से देश के लोगों में बेहद आक्रोश है। देश के लोग गमगीन हैं। इस घटना से देश का हर नागरिक सरकार से पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों की मौत का बदला लेना चाहता है। इस मौके पर पूर्व विधायक गजराज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सैयद अयाजुद्दीन, पूर्व पीसीसी नवरत्न त्यागी पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चन्द शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी रामप्रसाद जाटव, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष आकाश त्यागी, सुखपाल गौतम, रवींद्र गुर्जर, शौकीन चौधरी, खुशबूदा अली, अंबेडकर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।




# आग लगने से किसान की आठ बीघा फसल जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र में एक किसान की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मुरादपुर निवासी कामरान का सिखेड़ा गांव के जंगल में खेत है। उन्होंने आठ बीघा खेत में काटी गई गेहूं की फसल को एक जगह एकत्र कर रखा था।

कामरान गेहूं निकालने के लिए मशीन लेने गए थे। वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि फसल में आग लग रही थी। पहले उन्होंने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। फिर दमकल विभाग और स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल विभाग ने आग पर काबू पा लिया। खेत मालिक महबूब अली ने बताया कि फसल में आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। सिंभावली थाना प्रभारी सुमित तोमर ने कहा कि अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# विश्व टीकाकरण सप्ताह के अंतर्गत टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने गुरूवार को प्राथमिक विद्यालय नंबर-1, टटीरी में विश्व टीकाकरण सप्ताह के अवसर पर स्कूल आधारित टीडी वैक्सीन टीकाकरण कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं विद्यालय स्टाफ को संबोधित करते हुए टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह अभियान 24 अप्रैल से 19 मई 2025 तक जनपद के समस्त प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में संचालित किया जाएगा, जिसमें 10 वर्ष एवं 16 वर्ष की आयु के विद्यार्थियों को टेटनस एवं डिप्थीरिया टीडी का टीका नि:शुल्क लगाया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त रूप से कार्य करें। यह कार्यक्रम बच्चों के स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने समस्त अभिभावकों से अपील कि अपने बच्चों का समय से टीकाकरण कराये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. दीपा सिंह ,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा. विभास राजपूत सहित आदि उपस्थित रहे।




# कश्मीर में नरसंहार की घटना से पूरा देश मर्माहत: वेदपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में भाजपाइयों ने जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय के नेतृत्व में कोर्ट रोड पर स्थित नगरपालिका परिषद से मुख्य चौराहे राष्ट वन्दना चौक तक मौन जुलूस निक. ालकर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान विभिन्न संगठन के पदाधिकारी भी शामिल हुए। इसके बाद सभी ने मुख्य चौराहे पर कैंडल मार्च जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देकर दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने कहा कि पहलगाम मे हुई नरसंहार की यह घटना से पूरा देश मर्माहत है। देश आतंकवाद पर अंतिम प्रहार की मांग भी कर रहा है और मुझे उम्मीद है जल्द ही इसका बदला चुकाया जाने वाला है। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा की जिला संयोजक डा. शरफत अली, संदीप वशिष्ठ, डा. विनय त्यागी, अमित उपाध्याय, सत्यवीर सिंह बड़का, डा. नरेश कोरी, मनीष सिंह एडवोकेट, सुखबीर सिंह, महीमा खान, संजय कश्यप, अक्षय तोमर, शिवांक कुमार आदि मौजूद रहे।



# डीएम व एसपी की उपस्थिति में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी व सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह भ्रमणशील रहकर नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान यदि कोई अध्यापक बिना अवकाश स्वीकृत कराये अनुपस्थित पाया जाता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाए।



उन्होंने बेसिक शिक्षा कार्यालय की कार्यशैली में सुधार लाते हुए और अधिक बेहतर करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कराये जा रहे डॉरमेट्री व कंप्यूटर लैब के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में लक्ष्य के सापेक्ष नामांकन अप्रैल माह के अंत तक शत प्रतिशत करायें। जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों में कराये जा रहे सौंदर्यकरण के कार्य जैसे बाउण्ड्रीवॉल, शौचालय, टाइलीकरण, रंगाई-पुताई आदि यथाशीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों के लिए खरीदी गई सामग्री का विवरण तैयार करने के लिए एक स्टॉक रजिस्टर बनाएं।

जिलाधिकारी ने बीएसए को निर्देशित किया कि 45 दिन बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को अभियान चलाकर चिन्हित करें और उनकी सूची तैयार करें। उन्होंने कहा कि जनपद में दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर समर्थ ऐप पर उनकी फीडिंग का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करायें।

इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने स्कूल चलो अभियान, ऑपरेशन कायाकल्प, फर्नीचर आपूर्ति तथा अन्य बिंदुओं की गहन समीक्षा की। जिलाधिकारी ने बीएसए को निर्देशित किया कि बाउंड्रीवॉल व टाईलीकरण के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसपी सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान, जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र जायसवाल, डायट प्राचार्य नीलम रानी टम्टा सहित समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिलक की युवती की हल्द्वानी में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** क्षेत्र की एक युवती की हल्द्वानी के एक अस्पताल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई सूचना पाकर परिजन अस्पताल पहुंच गए फरवरी माह में गांव का ही एक लड़का वहला फुसला कर लें गया था जिसका कोई सुराग नहीं मिल पाया था। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अशोक पुर के एक ग्रामीण की 15 वर्षीय पुती की हल्द्वानी के एक अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि हमारे गांव के ही एक लड़का हमारी लड़की को फरवरी माह में वहला फुसलाकर कर अपने साथ कहीं ले गया था काफी जगह खोजबीन की लेकिन कोई भी सुराग नहीं मिला 22 अप्रैल 2025 को सूचना मिली कि आपकी लड़की की हल्द्वानी के अस्पताल में मौत हो गई है। सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे जहां पर बताया गया कि लड़की को नशीला पदार्थ दिया गया है जिस वजह से मौत हुई है। सूचना पर हल्द्वानी पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामभर पीएम के लिए भेज दिया इस संबंध में परिजनों ने एक प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक रामपुर को दिया गया प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह बताया कि पीएम रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

## डीएम की सख्ती: नगर पालिका बिलासपुर के पूर्व चेयरमैन व ईओ ने जमा किए 30.62 लाख रुपये

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह की सख्ती के बाद नगर पालिका परिषद बिलासपुर के तत्कालीन चेयरमैन मोहम्मद हसन, अधिशासी अधिकारी राजेश कुमार राणा और कार्यदाई संस्था ने जमा कराए 30.62 लाख रुपए। जीआईएस सर्वे पूर्ण कराए बगैर ही मिलीभगत करके 30.62 लाख का किया गया था भुगतान। डीएम ने सभी दोषियों को जेल भेजने के दिए थे निर्देश, दोषियों ने कार्यवाही से बचने के लिए 02 दिवस में ही जमा कराई धनराशि। वर्ष 2019 में जीआईएस सर्वे के लिए टेंडर प्रक्रिया में मिलीभगत करके अवैध तरीके से कार्यदाई संस्था को पूरी धनराशि का भुगतान करने के प्रकरण में नगर पालिका परिषद बिलासपुर के तत्कालीन चेयरमैन मोहम्मद हसन, अधिशासी अधिकारी राजेश कुमार राणा और कार्यदाई संस्था के विरुद्ध जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह द्वारा सख्त रवैया अपनाए जाने के परिणाम स्वरूप तीनों ने मिलकर अवैध तरीके से निकाली गई पूरी धनराशि नगर पालिका परिषद के खाते में जमा कर दिया है।

पूरा मामला 3 अगस्त 2019 का है जब नगर पालिका परिषद बिलासपुर क्षेत्र में जीआईएस सर्वे कराए जाने के लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई थी और लखनऊ की विशनटेक कंसलटेंसी का टेंडर स्वीकृत किया गया था।

कार्यदाई संस्था द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुरूप जीआईएस सर्वे का कार्य पूर्ण नहीं कराया गया इसके बावजूद भी तत्कालीन चेयरमैन और अधिशासी अधिकारी द्वारा मिलीभगत करके कार्यदाई संस्था को टेंडर की पूरी धनराशि 30.62 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया था। जिलाधिकारी के संज्ञान में जब पूरा प्रकरण आया तो उन्होंने तत्काल सभी दोषियों के विरुद्ध वित्तीय अनियमित. ताओं के दृष्टिगत गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराते हुए तत्काल जेल भेजने की कार्यवाही कराने के लिए निर्देशित किया था। जिलाधिकारी का सख्त रवैया और कठोरतम कार्रवाई से बचने के लिए 02 दिवस के भीतर ही तत्कालीन चेयरमैन, अधिशासी अधिकारी और कार्यदाई संस्था ने टेंडर की पूरी धनरा. शि 30.62 रुपए नगर पालिका परिषद के खाते में जमा करा दिए हैं।

## परीक्षा पास कर पहली बार मिलक पहुंचने पर अरुण कुमार का हुआ भव्य स्वागत

### अरुण कुमार ने यूपीएससी परीक्षा में बिना कोचिंग के 911 वी रैंक प्राप्त की पहली बार में बन गये आई.ए.एस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली क्षेत्र के रठौड़ा गांव के मझरा निवासी किसान ब्रजकिशोर का पुत्र अरुण कुमार ने यूपीएससी की परीक्षा में पहली बार में 911 वी रैंक प्राप्त की पहले ही बार में बिना कोचिंग के ही अरुण कुमार ने सफलता हासिल की। अरुण के द्वारा यूपीएससी की परीक्षा पास की सूचना पर घर तथा क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई 24 अप्रैल 2025 को दिल्ली से अपने गांव रठौड़ा के मजरा को जाने से पहले रौरा बाईपास पर पहुंचने पर लोगों के द्वारा ढोल भांगड़े और माला पहनाकर का स्वागत किया गया। अरुण कुमार अपने पिता ब्रजकिशोर माता देवकी के साथ नगर के अंबेडकर पार्क पर पहुंचे और अंबेडकर साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया अरुण कुमार के घर पर लोगों का बधाई देने के लिए तातां लगा रहा। इस अवसर पर मा. सतपाल सिंह सागर, राहुल गौतम, संजीव सागर, परमानंद श्रीवास्तव, अवनीश श्रीवास्तव, दुर्गेश गौतम, जागीरदार फौजी, राजा बाबू, डॉ विजय कोहली, हरनंदन सागर, सुखनंदन, एड. वसंत कुमार, मख्खन लाल सहित नाते रिश्तेदार मेल प्रेमी आदि मौजूद रहे।

## तीन को गिरफ्तार कर शांतिभंग में किया चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन कराए जाने के क्रम में एवं अपर पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी शाहाबाद के कुशल नेतृत्व में गुरुवार को थाना सैफनी पुलिस द्वारा शांतिभंग में तीन अभियुक्त अरुण उर्फ नन्हे पुत्र वीरसिंह निवासी बाजार बाला मोहल्ला ग्राम खरसौल थाना सैफनी जनपद रामपुर , करन उर्फ भूरा पुत्र वीरसिंह निवासी बाजार बाला मोहल्ला ग्राम खरसौल थाना सैफनी जनपद रामपुर , अंगद उर्फ अमन पुत्र नरेश निवासी बाजार बाला मोहल्ला ग्राम खरसौल थाना सैफनी जनपद रामपुर को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर मा. न्यायालय उपजिला मजिस्ट्रेट शाहाबाद जनपद रामपुर भेज दिया।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** गुरूवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, ले. कर्नल पंकज नैथानी ने जिलाधिकारी एवं उपस्थित लगभग 50 पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों का स्वागत किया।

बैठक में भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं को जिलाधिकारी ने गंभीरता से सुना व उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्यवाही व निस्तारण के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि किसी भी सैनिक की कोई भी समस्या है, तो व्यक्तिगत रूप से जिलाधिकारी कार्यालय में आकर मिल सकते हैं। समस्याओं का निवारण करने हेतु तुरन्त कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय से संबंधित कोई प्रार्थना पत्र जो किसी भी विभाग से सम्बन्धित हो, को श्प्रावरण पत्र( कवर लेटर) का रंग यदि रंगीन पेपर में दिया जायेगा, तो उस प्रार्थना पत्र को प्राथमिकता दी जायेगी।



जिलाधिकारी महोदय ने भूतपूर्व सैनिकों को जनकल्याण व सेवाभाव के प्रति प्रोत्साहित भी किया। बैठक में जनपद के उपस्थित पूर्व सैनिकों ने अपनी विभिन्न व्यक्तिगत समस्याओं को प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया एवं अन्य पूर्व सैनिकों के द्वारा पूर्व सैनिकों/आश्रितों के कल्याणार्थ विभिन्न विषयों पर उच्च अधिकारियों से चर्चा की गयी।

बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण एव पुनर्वास अधिकारी, ले. कर्नल पंकज नैथानी, अ.म. के द्वारा किया गया।

बैठक में जनपद स्तर पर इन्सपेक्टर अमरेश चन्द, ले. कर्नल एस.पी. जोशी, ओआईसीईसीएचएस, रामपुर एम.एम. प्रसाद, एलडीएम, जिला लीड बैंक, सीएमओ डा. एसपी सिंह, प्रभारी एटीओ ब्रिजेश कुमार, मुख्य कोषाधिकारी, तथा सत्यपाल, अनुदेशक, जिला सेवायोजन कार्यालय मौजूद रहे।

### उत्तराखंड के निवेशक ने 29 करोड़ रुपये के एमओयू पर किया हस्ताक्षर

## तहसील बिलासपुर में आधुनिक तकनीक आधारित इंडिविजुअली क्विक फ्रोजन प्रसंस्करण इकाई की होगी स्थापना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** डीएम जोगिंदर सिंह के अथक प्रयासों से जनपद रामपुर निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रहा है।

जल्द ही जनपद रामपुर प्रमुख इंडस्ट्रियल हब के रूप में उभरकर सामने आयेगा। इससे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, बल्कि हजारों लोगों को रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे। उपायुक्त उद्योग मनीष पाठक ने बताया कि विगत वित्तीय वर्ष में कई नवीन बहुउद्देशीय परियोजनाओं के प्रस्ताव जनपद को प्राप्त हुए हैं, जिन पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लगभग 500 करोड़ के नए प्रोजेक्ट जनपद में जमीन पर उतारने का कार्य चल रहा है। उ.प्र. सरकार की औद्योगिक नीतियों और जनपद के औद्योगिक विकास से प्रभावित होकर 22 अप्रैल 2025 को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य के जिला उधम सिंह नगर के राजेश कुमार जैन की कंपनी एएसआरके इंटरनेशनल के बीच 29 करोड रुपए का एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया।

जिसके अंतर्गत तहसील बिलासपुर में एक आधुनिक तकनीक आधारित इंडिविजुअली क्विक फ्रोजन प्रसंस्करण इकाई की स्थापना की जाएगी। यह इकाई क्षेत्रीय कृषि उत्पादों जैसे फल एवं सब्जियों के संरक्षण और मूल्य संवर्धन में सहायक होगी। इसके साथ ही यह परियोजना स्थानीय किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से व्यापक स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित करेगी। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण, सशक्त बुनियादी ढाँचा, सरल और पारदर्शी नीतियाँ प्रदान की जा रही हैं, जिससे राज्य आज देश के अग्रणी निवेश गंतव्यों में शामिल हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार ग्रामीण विकास, औद्योग. ीकरण और किसानों के कल्याण हेतु निरंतर प्रयासरत है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सीनियर डिविजन ) महोदय, जिला-रामपुर।**

विविध वाद सख्या :- 28 सन् 2025

मो. आलिम उम्र करीब 46 साल पुत्र स्व. श्री बब्बन निवासी ग्राम बगी, डाकखाना पुरानागंज, तहसील सदर, जिला-रामपुर।

बनाम ..... प्रार्थी

1- आरिफ उम्र करीब 37 साल पुत्र बब्बन,
2- श्रीमती मोनिश उम्र करीब 35 साल,
3- श्रीमती आसिया उम्र 29 साल,
4- कु. जैनब उम्र करीब 22 साल पुत्रीगण स्व. श्री बब्बन निवासी ग्राम बगी, डाकखाना -पुरानागंज, तहसील सदर, जिला-रामपुर।
5- आम जनता। विपक्षीगण

**सुचना बनाम आम जनता**

सर्वसाधारण को इस इश्तेहार के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि मृतक आसिफ पुत्र श्री बब्बन साकिन ग्राम बगी, तहसील सदर जिला-रामपुर की मृत्यु दिनांक-31.10-2024 को हो चुकी है मृतक आसिफ का प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक शाखा बिलासपुर गेट के खाता संख्या-संख्या-87550197076918 में 7,54,298/- रुपये व प्रधान मन्त्री जीवन ज्योति बीमा स्कीम के 2,00,000/- रुपये को प्राप्त करने हेतू उत्तराधिकार वाद सख्या-28/2025 दायर किया है।

अत: यह इश्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त प्रार्थना-पत्र में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति न्यायालय में दिनाँक 29.04.2025 को प्रात: 10:00 बजे प्रस्तुत करे। तारीख गुजरने के बाद फिर किसी की आपत्ति सुनी नहीं जायेगी और न्यायालय का आदेश अन्तिम माना जायेगा। आज दिनॉक-24.04.2025 को न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

**सिविल जज**
**( सीनियर डिवीजन ) रामपुर**

## खनन अधिकारी ने ग्राम ढकिया नवाबनगर में स्थित ईट भट्टों का किया स्थलीय निरीक्षण




**( ज़हीर खान )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ढकिया/रामपुर।** जिला खनन अधिकारी अमित रंजन व खनन निरीक्षक अजय कुमार ने तहसील शाहबाद के ग्राम ढकिया नवाबनगर में स्थित ईट भट्टो का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 03 ईट भट्टे ग्राम ढकिया नवाबनगर के केजीएन ईंट उद्योग, गौतम ब्रिक वर्क्स, विक्रम ईट उद्योग की जांच की गयी, जिसमें पाया गया कि इन सभी भट्टा स्वामियों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 का विनियमन शुल्क जमा नहीं किया गया है और ईंट भट्टा स्वामी द्वारा बिना विनियमन शुल्क जमा कराये ही ईंट भट्टो का संचालन किया जा रहा है। खान अधिकारी द्वारा ईट भट्टों में पथायी की गयी और ईंटों को नष्ट कराया गया व चिमनी में पानी डाकलर फुकाई का कार्य बन्द कराया गया। उन्होंने भट्टा स्वामियों को सख्त निर्देशित किया कि बिना विनियमन शुल्क जमा कराये ईंट भट्टा का संचालन किसी भी दशा में न किया जाये।

## पहलगाम आतंकी हमले में हुआ इंसानियत का कत्ल : मुस्तफा हुसैन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 28 निर्दोष पर्यटकों की हत्या हो जाने पर चमरौआ विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रह चुके एवं वर्तमान में रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में इंसानियत का कत्ल हुआ है, आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने कहा कि 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने जिस तरह बेकसूर लोगों की हत्या की, उस घटना ने जमीर को झकझोर कर रख दिया है। ऐसे जालिमों को दुनिया मे रहने का कोई हक नही है। उस घटना को धर्म से जोड़ कर नहीं देखना चाहिए, बल्कि धर्म से ऊपर उठ कर सब लोगों को एकजुट होकर सरकार के साथ खड़ा होना चाहिए।



# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सैदनगर-रामपुर

**पत्रांक** 115 / **गौ-आश्रय/भूसा/ई-टेण्डर**/2025-26/ **दिनांक**-24.04.2025

**ई-निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड सैदनगर में संचालित वृहद गौ आश्रय स्थल ग्राम सीगनखेडा एवं सैदनगर, में संरक्षित गौवंश के भरण पोषण हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में 31 मार्च तक गेहूं के भूसे हरा चारा एवं दाना चोकर की आपूर्ति हेतु प्रति कु. की दर निर्धारण में एक रूपता बनाये रखने एवं न्यूनतम दर वाली फर्म के चयन हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दर अनुबंध ( Rate Controll ) के तहत गेहूं के भूसे/हरा चारा एवं दाना चोकर की आपूर्ति करने हेतु इच्छुक दुकानदारों/फर्मों / एजेंसियों से उक्त सामग्रियों की ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता निविदा की समस्त नियम व शर्तें उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। निविदादाता निविदा प्रपत्र की धनराशि रू. 7855.00 एवं इ.एम.डी. की धनराशि रू. -77500.00 विभागीय खाता सं.-84302104041768 प्रथमा यू.पी. ग्रामीण बैंक शाखा शरावा, रामपुर IFSC Code-PUNBOSUPGB5 में प्रथक प्रथक जमा कर, जमा की पर्ची ई-निविदा प्रपत्रो के साथ अपलोड करगें तथा आनलाईन अपलोड की समस्त प्रपत्रों की हार्ड कापी खण्ड विकास अधिकारी सैदनगर के कार्यालय में निविदा खुलने की तिथि से पूर्व उपलब्ध कराना होगा। निविदा के प्रपत्र एवं नियम व शर्तों की जानकारी कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सैदनगर से प्राप्त एवं वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। मानक के अनुसार निविदा प्राप्त न होने की दशा में निविदा समिति को निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। ई-टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 25.04.2025 से देखी जा सकती है। उपरोक्त सामग्री की आपूर्ति सम्बंधित गौ आश्रय स्थल की आवश्यकता के अनुसार आपूर्ति करनी होगी। तकनीकी बिड दिनांक 08.05.2025 पूर्वान्ह 11:00 बजे तथा वित्तीय निविदा दिनांक 08.05.2025 अपरान्ह 02:00 बजे निविदा समिति के द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय सैदनगर में खोली जायेंगी।

**विवरण निम्वत है:-**

| मद/सामग्री का नाम | मात्रा अनुमानित ( कुंतल में ) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये में जी.एस.टी. सहित | धरोहर राशि (Earnest Money) | सफल फर्म की जमानत (Performance security) |
|---|---|---|---|---|
| 1-गेहूं का भूसा | 3296 कुंतल | 7855.00 | 77500.00 | 309900.00 |
| 2-हरा चारा | 3296 कुतल | | | |
| 3-चोकर दाना | 412 कुतल | | | |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि: 25.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे से ।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारंभ करने की तिथि व समय 25.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे से
4. ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि/समय 25.04.2025 को दोपहर 12.00 बजे से
5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समय 07.05.2025 को शाम 05:00 बजे तक
6. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 08.05.2025 को अपरान्ह 02:00 बजे
7. टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नही होगा ।
8. निविदा ऑन-लाइन वैब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाली जायेगी।

**( खण्ड विकास अधिकारी )**
**सैदनगर-रामपुर।**

# भारत-पाक के खिलाफ द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेलेगा: राजीव शुक्ला



● भारत-पाक ने 2012-13 के बाद द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली, भारत आखिरी बार 2008 में पाक गया था

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के खिलाफ कोई द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेलेगा।

भारत और पाकिस्तान ने 2012-13 के बाद से द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है। भारत आखिरी बार 2008 में पाकिस्तान गया था। दोनों टीमें केवल एक दूसरे का सामना आईसीसी या फिर एसीसी टूर्नामेंट्स के दौरान ही करती हैं। पाकिस्तान पिछली बार वनडे विश्व कप 2023 के लिए भारत आया था। हालांकि, भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था और टीम इंडिया के सभी मैच दुबई में आयोजित किए गए थे।

राजीव शुक्ला ने स्पोर्ट्स तक से कहा कि हम पीड़ितों के साथ हैं और हम इसकी निंदा करते हैं। हमारी सरकार जो कहेगी हम करेंगे। हम सरकार के रुख के कारण पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेलते हैं। हम आगे भी पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय मैचों में नहीं खेलेंगे। लेकिन जब आईसीसी प्रतियोगिता की बात आती है तो हम आईसीसी की व्यस्तताओं के कारण खेलते हैं। जो हो रहा वो आईसीसी को भी पता है और उम्मीद है वह भी साथ देंगे। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया था। उन्होंने कहा कि क्रिकेट समुदाय पहलगाम में भयावह आतंकी हमले में निर्दोष लोगों की दुखद मौत से बहुत स्तब्ध और दुखी है। बीसीसीआई इस वीभत्स और कायराना कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करता है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना करता हूं। उनके दुख और दर्द को साझा करने के लिए हम दुख की इस घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और मुंबई इंडियंस (एमआई) के बीच आईपीएल मैच नंबर 41 के दौरान पहलगाम में आतंकी हमले में मरने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी थी। इस आतंकी हमले में दो विदेशी नागरिक समते 26 लोगों की मौत हुई थी।

मैच शुरू होने से पहले 60 सेकेंड का मौन रखा गया था। दर्शकों को इस मौन में साथ देने के लिए कहा गया था। टॉस के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों ने अपनी संवेदना व्यक्त की और इस जघन्य कृत्य की कड़ी निंदा की। पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों, मैच अधिकारियों, कमेंटेटर और सहयोगी स्टाफ ने बांह पर काली पट्टी बांधी थी। बीसीसीआई ने भी बिना किसी धूमधाम के मैच आयोजित करने का फैसला किया था। किसी चीयरलीडर ने मैच के दौरान प्रदर्शन नहीं किया। साथ ही जश्न के लिए आतिशबाजी का भी प्रयोग नहीं हुआ। संगीत या डीजे की भी व्यवस्था नहीं की गई थी।




# रोहित टी-20 में 12 हजार रन बनाने वाले दूसरे भारतीय

■ मुंबई के लिए हाईएस्ट सिक्स भी लगाए, काली पट्टी बांधकर उतरे प्लेयर्स

**हैदराबाद।** आईपीएल-18 के 41वें मैच में मुंबई इंडियंस (एमआई) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 7 विकेट से हराया। हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में रोचक लम्हे और रिकार्ड्स देखने को मिले। पहलगाम में हुए आतंकी अटैक को लेकर प्लेयर्स काली पट्टी बांधकर उतरे। हेनरिक क्लासन ने 107 मीटर लंबा सिक्स लगाया।

रोहित शर्मा 12 हजार टी-20 रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बने। उन्होंने मुंबई के लिए सबसे ज्यादा सिक्स भी लगाए। जसप्रीत बुमराह ने मुंबई के लिए आईपीएल में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में लसिथ मलिंगा की बराबरी की। उन्होंने टी-20 क्रिकेट में अपने 300 विकेट भी पूरे किए। हैदराबाद-मुंबई मैच में कश्मीर के पहलगाम में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए दोनों टीमों के कप्तान, प्लेयर्स और अंपायर्स काली पट्टी बांधकर मैदान में उतरे। मंगलवार 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने 26 टूरिस्ट की जान ले ली थी। शोक व्यक्त करने के लिए मैदान में पटाखों और चीयरलीडर्स का सेलिब्रेशन भी नहीं हुआ। राजीव गांधी स्टेडियम में मैच शुरू होने से पहले सभी खिलाड़ियों और दर्शकों ने 2 मिनट का मौन रखा। यह मौन पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों के प्रति श्रद्धांजलि देने के लिए रखा गया। तीसरे ओवर की पहली बाल पर ईशान किशन विकेटकीपर रायन रिकेलटन को कैच देकर आउट हो गए। दीपक चाहर ने लेग स्टंप की तरफ लेंथ डिलीवरी फेंकी, विकेटकीपर ने गेंद को पकड़ा और अपील नहीं की। लेकिन तभी अंपायर का हाथ आधा उठा हुआ दिखाई दिया, और एमआई के खिलाड़ियों ने हलकी-सी अपील की। फिर अंपायर ने पूरी तरह उंगली उठा दी, और ईशान किशन भी बिना रिव्यू के पवेलियन लौट गए।

यहां कप्तान हार्दिक पांड्या ने बस अपील की थी, विकेटकीपर और गेंदबाज की तरफ से कोई अपील नहीं की गई थी। हालांकि अल्ट्राऐज में पता चला की बाल, बैट के किसी भी भाग को बिना छुए विकेटकीपर के पास गई थी। यहां किशन डीआरएस लेते तो वे बच जाते।

## खेल विशेष


### हॉकी इंडिया ने की राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 54 सदस्यीय दल की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने बेंगलुरु के साई केन्द्र में 25 अप्रैल से शुरु होने वाले सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए संभावित 54 सदस्यीय दल की घोषणा कर दी हैं। उत्तर प्रदेश के झांसी में आयोजित 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद हॉकी इंडिया ने आगामी राष्ट्रीय शिविर के लिए 54 खिलाड़ियों के एक कोर समूह का चयन किया है। यह शिविर 25 से 30 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान समूह का मूल्यांकन कर खिलाड़ियों की संख्या 40 तक सीमित कर दी जायेगी। चयनित 40 खिलाड़ी एक से 25 मई तक निर्धारित शिविर के अगले चरण में प्रशिक्षण जारी रखेंगे।

### खालसा बनाम एलुमनी कि यामा प्रसाद मुखर्जी बनाम इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट के बीच होगा हॉकी सेमीफाइनल

**नई दिल्ली, वार्ता।** पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड चौथे बाबा दीप सिंह हॉकी टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग में एसजीटीबी खालसा कॉलेज बनाम एसजीटीबी खालसा कॉलेज एलुमनी तथा श्याम लाल कॉलेज बनाम इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज के बीच सेमीफाइनल मुकाबले होंगे। इससे पहले हॉकी में पुरुष वर्ग के अंतिम लीग मैच में और एसजीटीबी खालसा कॉलेज एलुमनी ने हंसराज कॉलेज को 2-1 से हराया। खालसा कॉलेज एलुमनी की ओर से सूरज ने दो और हंसराज कॉलेज से एकमात्र गोल सागर ने किया। प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड हंसराज कॉलेज के खिलाड़ी सागर को मिला। इसके साथ ही टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग के हॉकी सेमीफाइनल मुकाबले तय हो गए।

# पाक ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट जेवलिन थ्रोअर अरशद नदीम भारत नहीं आएंगे




■ नीरज चोपड़ा का इनविटेशन ठुकराया, बेंगलुरु में 24 मई को है एनसी क्लासिक टूर्नामेंट

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तानी ओलिंपिक गोल्ड मेडलिस्ट जेवलिन थ्रोअर अरशद नदीम बेंगलुरु में 24 मई को होने वाले एनसी क्लासिक भाला फेंक टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे।

उन्होंने दो बार के ओलिंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा के निमंत्रण को ठुकरा दिया है। कुछ दिन पहले नीरज चोपड़ा ने बेंगलुरु में हो रहे एनसी क्लासिक भाला फेंक की जानकारी देते हुए कहा था कि 2024 पेरिस ओलिंपिक के गोल्ड मेडलिस्ट पाकिस्तान के अरशद नदीम को भी उन्होंने इसमें भाग लेने के लिए बुलाया है। उनसे बात हुई है, वह अपने कोच से बातचीत कर अपना जवाब देंगे। अरशद बोले- एशियाई चैंपियनशिप के लिए कोरिया में रहेंगे अरशद ने न्यूज एजेंसी से कहा कि एनसी क्लासिक इवेंट 24 मई को है, जबकि मैं 22 मई को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए कोरिया रवाना हो जाऊंगा। उन्होंने कहा कि वह 27 से 31 मई तक कोरिया में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं। अरशद का यह बयान पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद आया है। नदीम ने पेरिस ओलिंपिक में 92.97 मीटर थ्रो कर जीता था गोल्ड मेडल नदीम ने पेरिस ओलिंपिक 2024 में 92.97 मीटर का रिकार्ड थ्रो फेंककर गोल्ड मेडल जीता था, जबकि नीरज चोपड़ा ने 89.45 मीटर के थ्रो के साथ सिल्वर मेडल जीहता। पेरिस ओलिंपिक में नीरज चोपड़ा ने सिल्वर और नदीम ने गोल्ड मेडल जीता था। दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स सहित कई जेवलिन थ्रोअर ले रहे हैं भाग बेंगलुरू में हो रहे पहली नीरज चोपड़ा भाला फेंक प्रतियोगिता में ग्रेनेडा के दो बार के वर्ल्ड चैंपियन एंडरसन पीटर्स, रियो 2016 ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतने वाले जर्मनी के थामस रोहलर, सिल्वर मेडल जीतने वाले और 2015 वर्ल्ड चैंपियन केन्या के जूलियस येगो, और अमेरिका के करंट वर्ल्ड लीडर कर्टिस थाम्पसन हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट में एएफआई और वर्ल्ड एथलेटिक्स मिल कर करवा रहे है छब क्लासिक इवेंट नीरज चोपड़ा, श्रैं स्पोर्ट्स, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) और वर्ल्ड एथलेटिक्स मिल कर करवा रहे है। यह बेंगलुरु के कांतीरावा स्टेडियम में होगा। पहले यह हरियाणा के पंचकूला में होना था, लेकिन वहां लाइट्स की समस्या के कारण स्थान बदला गया। यह इवेंट ॅ। की '।' कैटेगरी या कान्टिनेंटल टूर गोल्ड लेवल में आता है, जो अब तक भारत में होने वाला सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स इवेंट होगा।

# पाक क्रिकेटर दानिश कनेरिया ने अपने ही पीएम पर दागे सवाल

■ पाक राजनायिक या क्रिकेटर की ओर से नहीं हुई हमले की निदां

**कराची, वार्ता।** पहलगाम में आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई। इनमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल थे। इस हमले की दुनियाभर में निंदा हो रही है। हालांकि, पाकिस्तानी राजनायिक या पाकिस्तानी क्रिकेटर की ओर से इस हमले की निंदा को लेकर कोई पोस्ट नहीं आया है।

इसी कड़ी में पाकिस्तान के पूर्व लेग स्पिनर दानिश कनेरिया ने अपने ही प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पर सवाल दागे हैं। उन्होंने कहा है कि अगर पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ नहीं है तो शहबाज ने अब तक इसकी निंदा क्यों नहीं की है। दानिश कनेरिया पाकिस्तान टीम में शामिल चुनिंदा हिंदू खिलाड़ियों में से एक रहे। उन्होंने हिंदू होने की वजह से टीम में भेदभाव और धमकियों के बारे में खुलकर बात की थी। अब उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कई ट्वीट किए हैं। 22 अप्रैल को अपने ट्वीट में कनेरिया ने कहा था कि पहलगाम में एक और क्रूर हमला। बांग्लादेश से लेकर बंगाल और कश्मीर तक, एक ही मानसिकता हिंदुओं को निशाना बनाती है। लेकिन 'धर्मनिरपेक्ष' और न्यायपालिका इस बात पर जोर देते हैं कि हमलावर 'उत्पीड़ितअल्पसंख्यक' हैं। पीड़ितों को न्याय मिलना चाहिए।श इसके बाद किसी देवान सचल नाम के एक्स यूजर के पोस्ट पर उन्होंने जवाब दिया था। सचल ने लिखा था कि भारत पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आतंकवाद को प्रायोजित करता है.... शायद भारतीय टॉ टीम कर्मा से सीख ले सकती है।श इसके जवाब में कनेरिया ने लिखा कि बलूच लोगों की पीड़ा के लिए जिम्मेदार लोगों के साथ खड़े होने के लिए आपको शर्म आनी चाहिए। भारत के खिलाफ झूठे आरोप फैलाने के लिए आपको शर्म आनी चाहिए। आप हमारे समुदाय के मूल्यों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं।

# रॉयल रेंजर्स, ड्रीम एफसी और एमिटी की रोमांचक जीत

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनीता की शानदार हैट्रिक की मदद से रॉयल रेंजर्स ने सिटी एफसी को 3-0 से हरा कर डीएसए महिला प्रीमियर लीग में शानदार जीत दर्ज की। नेहरू स्टेडियम में खेले गए दिन के पहले मैच में हंस कैपिटल फुटबाल क्लब ने ईव्स स्पोर्ट्स क्लब पर 4-2 की जीत दर्ज की। विजेता के लिए दो शानदार गोल करने वाली सृष्टि कुमार को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। वी चिंग और पायल ने एक-एक गोल बांटे। वहीं ईव्स के लिए नैंसी और नेहा ने एक-एक गोल किए। पुरुषों की ए डिवीजन के एक मैच में आशुतोष के दो दर्शनीय गोलों से द ड्रीम टीम ने उत्तराखंड फुटबाल क्लब को 2-0 से पराजित किया। विजेता टीम ने अधिकांश समय दबदबा बनाया लेकिन कई आसान मौके गंवाए। वरना जीत का अंतर बघ हो सकता था। अम्बेडकर स्टेडियम में खेले गए सीनियर डिवीजन लीग के मैच में एमिटी इंडियन नेशनल फुटबाल क्लब ने अहबाब एफसी को 5-3 से हराया। रोमांचक मुकाबले में विजेता टीम के लिए विकास दलाल और विनय ने दो दो तथा तनिश ने एक गोल किया। अहबाब के टी मिसाओ, मंगते और एल बेंजमीन ने एक-एक गोल दागे।

# डा. मनसुख मांडविया ने किए डिजीलॉकर से खेल प्रमाण पत्र जारी




**नई दिल्ली, वार्ता।** केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को एथलीटों के लिए डिजीलॉकर के जरिए खेल प्रमाण पत्र दिए जाने की सुविधा आरंभ की।

डॉ. मांडविया ने आज यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित एक समारोह में एथलीटों के लिए डिजीलॉकर के जरिए खेल प्रमाण पत्र दिए जाने की सुविधा शुरु की। इस अवसर पर देशभर से आये विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधियों और अधिकारियों से डॉ. मांडविया ने कहा कि वे जिला और राज्य स्तर पर के प्रमाण पत्रों के लिए नोडल अधिकारी के जरिए खिलाड़ियों को प्रमाण पत्रों की इस सुविधा का लाभ दे। इसके साथ उन्होंने कहा कि खेल संघों को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम और इंदिरा गांधी स्टेडियम में ऑफिस की सुविधा दी जायेगी और प्रत्येक खेल संघ को एक उद्योग घरानों से जोड़ा जायेगा। इस दौरान खेल संघों के प्रतिनिधियों ने एथलीटों के लिए खेल प्रमाणपत्रों को डिजीलॉकर की सुविधा से जोड़ने के खेल मंत्रालय इस कदम का स्वागत किया। खेल संघों के प्रतिनिधियों कॉलेज, जिला और राज्य स्तर पर इस डिजीलॉकर प्रमाणपत्रों को लेकर केन्द्रीय खेलमंत्री के साथ अपने-अपने अनुभव साझा किए और डिजीलॉकर के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सवाल रखे।

# मुंबई सिटी एफसी ने चेन्नइयिन एफसी को रौंदा

**भुवनेश्वर, वार्ता।** लल्लियनुआलां छांगते के दो गोल के शानदार गोल के दम पर मुंबई सिटी एफसी ने कलिंगा सुपर कप के राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में चेन्नईयिन एफसी को 4-0 से हरा दिया।

कलिंगा स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए मुकाबला का पहला हाफ 1-0 से बराबरी पर समाप्त हुआ। मुंबई सिटी एफसी की ओर से निकोलाओस करेलिस ने (43वें) मिनट पहला गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद लल्लियनजुआला छांगते ने (64वें, 86वें) मिनट में दो गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद सब्सटीट्यूट बिपिन लसह ने (90वें) में गोलकर मुकाबला 4-0से जीत लिया। लल्लियनुआला छांगते को उनके शानदार खेल के लिए कलिंगा प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार से नवाजा गया।



# बेंगलुरु ने राजस्थान को 206 रनों का टारगेट दिया

● विराट कोहली और पडिक्कल ने फिफ्टी लगाई, रॉयल्स से संदीप शर्मा ने दो विकेट लिए




**बेंगलुरु, वार्ता।** आईपीएल के 42वें मैच में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने राजस्थान रायल्स (आरआर) को 206 रन का टारगेट दिया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में राजस्थान ने बालिंग चुनी। बेंगलुरु ने 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। विराट कोहली ने 70 और देवदत्त पडिक्कल ने 50 रन बनाए। रायल्स से संदीप शर्मा ने 2 विकेट लिए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। टीम 20वें ओवर में जोफ्रा आर्चर के खिलाफ 8 ही रन बना सकी। टिम डेविड ने 15 गेंद पर 23 और जितेश शर्मा ने 10 गेंद पर 20 रन बनाए। आरसीबी ने राजस्थान के खिलाफ अपना बेस्ट स्कोर भी बनाया। इससे पहले 2015 में टीम ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में ही 7 विकेट खोकर 200 रन बनाए थे। 17वें ओवर में आरसीबी ने चौथा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की पांचवीं बाल संदीप शर्मा ने ऑफ स्टंप के बाहर शार्ट ऑफ गुड लेंथ पर पर फेंकी।

रजत पाटीदार कट शाट खेलने गए, लेकिन काट बिहाइंड हो गए। वे 1 ही रन बना सके। 17वें ओवर में आरसीबी ने तीसरा विकेट गंवाया। ओवर की पहली बाल संदीप शर्मा ने गुड लेंथ पर ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी। देवदत्त पडिक्कल बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन कवर्स पोजिशन पर नीतीश राणा के हाथों कैच हो गए। पडिक्कल ने 50 रन बनाए। आरसीबी ने 16वें ओवर में दूसरा विकेट गंवाया। ओवर की पहली बाल जोफ्रा आर्चर ने शार्ट ऑफ गुड लेंथ पर स्लोअर फेंकी। विराट कोहली बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन कवर्स पोजिशन पर नीतीश राणा के हाथों कैच हो गए। कोहली ने 70 रन बनाए। 16वें ओवर में देवदत्त पडिक्कल ने भी फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने ओवर की आखिरी गेंद पर तुषार देशपांडे के खिलाफ छक्का लगाया और 26 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। विराट कोहली ने 12वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। उन्होंने संदीप शर्मा के ओवर में तीसरी और चौथी गेंद पर चौका लगाकर 32 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने फिल साल्ट के साथ 61 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप भी की थी। अगले ही ओवर में कोहली ने देवदत्त पडिक्कल के साथ भी फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली। आरसीबी ने 7वें ओवर में पहला विकेट गंवाया। ओवर की चौथी बाल वनिंदू हसरंगा ने फुलर लेंथ फेंकी। फिल साल्ट बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन डीप मिड विकेट पर कैच हो गए। साल्ट ने 26 रन बनाए। पावरप्ले के 6 ओवरों में बेंगलुरु ने बगैर नुकसान के 59 रन बनाए। विराट कोहली और फिल साल्ट ने 5वें ओवर में टीम की फिफ्टी पूरी करा दी थी। पांचवें ओवर में आरसीबी ने अपनी फिफ्टी पूरी कर ली।

# संस्कृति में बिजनेस एंड लीडरशिप कॉन्क्लेव आज





मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय में 25 अप्रैल को संस्कृति बिजनेस एंड लीडरशिप कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया है। कॉन्क्लेव का आयोजन संस्कृति विश्वविद्यालय के संतोष मैमोरियल हाल में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी मंत्री एसपी सिंह बघेल होंगे। कार्यक्रम को देश की विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख हस्तियां संबोधित करेंगी।

संस्कृति विवि प्रशासन के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के अतिथियों में मंत्री श्री बघेल के अलावा आध्यात्मिक जगत से जगतगुरु सतीशाचार्य, संस्कृति विवि के प्रो. चांसलर राजेश गुप्ता, अग्रवाल पैकर्स एंड मूवर्स के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डाइरेक्टर रमेश अग्रवाल, डाबर ग्रुप के चीफ मैनेजिंग डाइरेक्टर पूरन डावर शामिल हैं। कॉन्क्लेव के प्रमुख वक्ताओं में संस्कृति विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता, एचआईआईएमएस के फाउंडर मनीष जी, विजन दिव्यांग फाउंडेशन के मुकेश गुप्ता, लेखक अंकुर वारिकू, बालीवुड प्रोड्यूसर, डाइरेक्टर गजेंद्र सिंह, एवीपीएल इंटरनेशनल की प्रीति संधू, एफनोबल आईपी की डा. श्वेता सिंह, बालीवुड डाइरेक्टर, प्रोड्यूसर सुनील दर्शन, लाइफ एंड बिजनेस कोच डा. पियूष भाटिया, अनरियलएज के फाउंडर मनीषगंदन मंजूनाथन, जेआईआईएफ के वाइस चेयरमैन भारत ओसवाल, बाधो टेक्नोलाजी के सौरभ शिवहरे, मोटिवेशनल स्पीकर, एक्टर मेजर मोहम्मद अली शाह, फंड्स इंडिया प्राइवेट वेल्थ के परेश के. तापड़िया, स्ट्राएज कंसल्टिंग के फाउंडर शैलेष दयाल, आईआरइडीए के चेयर प्रो. वीरेंद्र कुमार विजय होंगे। कॉन्क्लेव का शुभारंभ सुबह 10 बजे से होगा। उद्घाटन सत्र के पश्चात्त सुबह सवा ग्यारह बजे से सनातन, शिक्षा और स्वास्थ्य पर पैनल डिस्कशन होगा जो दोपहर 12 बजे तक चलेगा। इसके तुरंत बाद उद्यमशीलता पर अतिथि वक्ताओं का संबोधन होगा। तत्पश्चात पैनल डिस्कशन का दूसरा सत्र होगा जिसमें शिक्षा, उद्यमशीलता और टेक्नोलाजी पर विचार होगा। लंच के बाद पैनल डिस्कशन का तीसरा सत्र होगा जिसमें स्टार्टअप और इंक्युबेशन पर चर्चा होगा।

## शपथ ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह 27 को

**कोसीकला/पलवल।** अखिल भारतीय मैथिल ब्राह्मण महासभा की हरियाणा प्रांत कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह 27 अप्रैल को मैथिल ब्राह्मण धर्मशाला पलवल हरियाणा में आयोजित होगा।

प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम का अभिनंदन कार्यक्रम एवं प्रांतीय समिति का शपथ ग्रहण समारोह 27 अप्रैल को होगा।

इसी क्रम में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदेव मैथिल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नरेश कुमार शर्मा सहित दर्जनों स्थानों पर निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया। बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पं रामदेव भारद्वाज के निर्देशन में मैथिल ब्राह्मण महासभा समाज के उत्थान एवं जागृति हेतु कार्य कर रही है। इस अवसर पर हरकिशन बाबूजी, सूरजभान शर्मा, सिब्बोराम शर्मा, डॉ दिनेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# बाईपास तिराहे पर अंडरपास का निर्माण को दिया ज्ञापन

**कोसीकलां।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाईपास तिराहे पर अंडरपास या पुल न बनने से होने वाली परेशानी को दूर किए जाने की मांग को लेकर पूर्व चेयरमैन नरेंद्र गुर्जर ने केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को ज्ञापन दिया।

बरसाना में राधारानी मंदिर के दर्शन करने के उपरांत दिल्ली जाते समय कोटवन बार्डर स्थित रॉयल किंग होटल पर आयोजित कार्यक्रम में मल्होत्रा का स्वागत किया गया। ज्ञापन में पूर्व चेयरमैन ने कहा कि बाईपास तिराहे पर अंडरपास या पुल न बनने से जाम लगा रहता है, इससे राजमार्ग के किनारे बसी छह कॉलोनियों के लोग परेशान हैं। इन कॉलोनियों के साथ मथुरा की ओर से आने वाले वाहन बाईपास तिराहे से प्रवेश करते हैं। जिसके चलते यहां जाम लगा रहता है। उनके बीच से पैदल



निकलना भी दूभर हो रहा हैं। दुपहिया वाहन, कार, ट्रैक्टर एवं अन्य वाहनों को बठैन गेट से होकर घूम कर आना पड़ रहा है। इसको लोगों में आक्रोश है। बाईपास तिराहे पर बने कट को बंद कर दिया, जिससे लोग रेलिंग के मध्य से निकल रहे है। यहां पर अंडरपास या फिर ओव. रब्रिज बनना चाहिए था, लेकिन वाहनों के निकासी के लिए कोई भी साधन नहीं किया गया है। इसको लेकर कमला नगर समेत आधा दर्जन कॉलोनियों के लोग परेशान है। अगर कॉलोनी का निवासी बीमार हो जाए तो उसे भी चिकित्सक के यहां ले जाने में काफी परेशानी होती है। राज्यमंत्री ने जल्द ही समस्या का निराकरण कराएं जाने का आश्वा. सन दिया। भाजपा नंदगांव मंडल अध्यक्ष शिवकांत चौधरी, दिनेश गुर्जर समीर मावी राजदीप गुर्जर समेत तमाम लोग थे।

# स्टेट जूनियर चैम्पियनशिप में मैक्सविन पब्लिक स्कूल जहांगीरपुर की टीम ने झण्डे गाड़े





**जेवर/जहांगीरपुर।** दादरी में आयोजित स्टेट सब जूनियर विशु 25 यू0पी0 चैम्पियन शिप में भाग लेने पहुँची जहाँगीरपुर स्थित मैक्सविन स्कूल की टाम ने प्रतियोगिता में झण्डे गाड़ दिए तथा कई मेंडल जीत कर जहाँगीरपुर व क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। जहाँगीरपुर मैक्सविन पब्लिक स्कूल के डारेक्टर प्रबन्धक योगेन्द्र सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस दादरी में स्टेट सब जूनियर विशु 25 यू0पी0 चैम्पियन शिप का आयोजन किया गया उक्त चैम्पियन शिप में भाग लेने हेतु उनके स्कूल से आरव अत्री वैष्णवी रजत आकाश तेजस्वी रितिका सहित आधा दर्जन के करीब छात्र-छात्राएं दादरी पहुँचे और इस प्रतियोगिता चैम्पियन शिप में सभी छात्र-छात्रओं ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाते हुए बेहतरीन प्रदर्शन कर कई मेंडल जीतकर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। स्टेट सब जूनियर विशु यू0पी0 25 चैम्पियन शिप में आरव पुत्र सुनील अत्री कलाखुरी व वैष्णवी पुत्री हरिओम वशिष्ठठ चॉचली ने सिल्वर तथा रजत पुत्र नीतू कुमार फिरोजपुर एवं आकाश पुत्र श्री निवास आकलपुर व तेजस्वी पुत्र गणेश कुमार धनसिया और रितिका पुत्री सतेन्द्र कुमार जहॉगीरपुर आदि ने ब्रॉन्ज आदि पुरूस्कार जीतकर अपनी प्रतिभा का डंका बजा दिया। दादरी में आयोजित चैम्पियन शिप में जीतकर आए सभी विजेता छात्र-छात्राओं का स्कूल के प्रबन्धक योगेन्द्र सैनी और प्रधानाचार्य खानचन्द वर्मा ने मेंडल पहनाकर सम्मानित करते हुए जोरदार स्वागत किया और उनके द्वारा किए गए उत्कर्ष्ठ प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्टय की कामना की इस मौके पर प्रभात शर्मा रिंकू शर्मा चरनसिंह भारती नीरज जादौन प्रियंका पूनम दीपक कृष्णा गौरव जितेन्द्र कुमार शालू धर्मेन्द्र पूजा सुमन सहित स्कूल का सभी स्टाफ मौजूद रहा।

# धर्म पूछने वालों को उनकी भाषा में जवाब दे सरकार: धर्मवीर



**कोसीकलां।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में नगर में लोगों का गुस्सा सड़कों पर देखने को मिला। सामाजिक, व्यापारी संगठनों ने एक बैठक कर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भरत मिलाप चौक पर में एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया और आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। बाद में जुलूस के रूप में घंटाघर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका।

श्रीकृष्ण गोशाला अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा, महेशपाल, घशिवक. ांत चौधरी, सभासद टिकुंर अग्रवाल संजय बठैनियां, मनीष, अंकित मालविया, गौरव शर्मा ने कहा कि पहलगाम में हुआ हमला बेहद कायराना और अमानवीय है. जिस तरह से टूरिस्टों से धर्म पूछ कर उन्हें मौत के घाट उतारा गया, वह न केवल इंसानियत के खिलाफ है बल्कि देश की एकता पर भी हमला है।राजेश अग्रवाल, राहुल एफवोकेट अनिल अग्रवाल, अंकित मालवीय घनश्याम, सुरजीत चौधरी, विष्णु सैनी ने कहा कि ऐसे हमलों को अंजाम देने वाले आतंकी संगठनों और उन्हें समर्थन देने वाले देशों के खिलाफ सख्त कदम उठाए

## लावारिस वाइक बरामद

**कोसीकलां।** बठैन गेट चौकी के अंतर्गत आने वाली हाइवे स्थित पंचवटी बगीची के सामने स्थित गोपाल गार्डन के पास से केशव कुंज जाने वाली गली के पास से थाना पुलिस ने एक लावारिस वाइक बरामद की है। बठैनगेट चौकी प्रभारी अंकित मलिक ने बताया कि मुखविर के अनुसार गत रात्रि से वाइक वहां खडी हुई थी। वाइक पर दिल्ली नंबर डला हुआ है।पुलिस नम्बर के आधार पर जानकारी जुटा रही है

## पति ने जहर खाकर की आत्महत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

**जहांगीराबाद।** मोहल्ला पाठक कस्बा नई बस्ती का है। सुरेंद्र पुत्र रामवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके 30 वर्षीय भाई गजेंद्र मजदूरी करता था। गृह क्लेश के बाद उसकी पत्नी नीलम लापता हो गई थी। गजेंद्र ने पुलिस को गुमशुदगी की तहरीर दी थी। आरोप है कि महिला के मायके वाले उसे धमकी देकर टॉर्चर करने लगे। जिससे वह परेशान चल रहा था। मृतक की पत्नी नीलम के गायब होने से दो दिन पहले उसके भाई गेंदा पुत्र सोरन, कंचन, छोटे लाल पुत्र सोरन और सोरन ने घर जाकर गजेंद्र के साथ मारपीट की थी।

आरोप है कि नीलम ने भी अपने भाई और पिता का साथ दिया था। इसके बाद नीलम संदिग्धावस्था में लापता हो गई। पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज की थी। मारपीट और पत्नी के लापता होने से गजेंद्र काफी परेशान चल रहा था। पुलिस के अनुसार युवक ने इसी बात से तंग आकर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। ली। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक गजेंद्र की मौत की खबर लगने के लापता हुई उसकी पत्नी नीलम भी आ गई। प्रभारी निरीक्षक रामफल सिंह ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा कि युवक ने पत्नी के लापता होने से आहत होकर जहर खाकर आत्महत्या की है। पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## पुलिस मुठभेड़ मे बदमाशों को लगी गोली

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बुलंदशहर।** कोतवाली क्षेत्र में ककोड़ रोड स्थित सावन फिलिंग स्टेशन पर बोतल में पेट्रोल ना देने पर मैनेजर की हत्या के आरोपी 25-25 हजार के इनामी दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस दोनों आरो. पियों की तलाश में खाक छान रही थी। सीओ पूर्णिमा सिंह ने बताया कि बुधवार की देर रात पुलिस व स्वाट टीम सूचना के आधार पर चोला रोड पर हदीमपुर गेट के पास वाहनो की चेकिंग कर रही थी। उसी समय गांव जौली की ओर से बाइक पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। जिनको रुकने का इशारा किया तो पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए बाइक को तेजी से लेकर जंगल की तरफ भागने लगे।

कुछ दूरी पर बदमाशों की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गयी। बदमाशों द्वारा अपने आपको घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम की जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गये। दोनों घायल बदमाशों की पहचान ललित निवासी गांव जौली व सचिन निवासी गांव मिलक खटाना गौतमबुद्धनगर के रुप में हुई हैं। जिनको उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के कब्जे से अवैध असलहा, कारतूस व बाइक बरामद हुई। सीओ ने बताया कि दोनों बदमाश शातिर किस्म के अपराधी हैं। जिनके द्वारा 9 अप्रैल को ककोड़ रोड़ पर पेट्रोल पंप मैनेजर राजू शर्मा निवासी जिताका की गोलियां बरसाकर हत्या कर दी गयी थी। जिनकी गिरफ्तारी पर 25-25 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया था।

## आतंकी हमला: पाकिस्तान का फूंका पुतला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सिकंद्राबाद।** पहलगाम में यात्रियों पर आतंकवादी हमले के विरोध में गुरुवार को हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने जूलूस निकालकर प्रदर्शन कर पाकिस्तान का पुतला फूंका।

हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने गोकुल मंदिर से पाकिस्तान का पुतला लेकर जूलूस निकाला। पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कार्यकर्ता जूलूस के साथ मुख्य बाजार, बजरिया, मौहल्ला मालियान होते हुए सिकंद. राबाद रोड़ स्थित ट्रांसफार्मर के पास पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का पुतला फूंका। जूलूस में नगर पंचायत चेयरमैन मोहित सिंघल, पंकज सैनी, प्रवीणआदि मौजूद रहे।

## नगर पंचायत ने चलाया होर्डिंग हटाओं भियान, बीस पर लगाया जुर्माना





**जेवर।** अवैध होर्डिंग हटाओं शासनादेश के तहत जेवर नगर पंचायत द्वारा भी नगर में होर्डिंगस हटाओ अभियान चलाया गया होर्डिग हटाओ अभियान 21अप्रैल से शुरू हो आज चौथे दिन अपने चर्म पर पहुँचा इस दौरान नगर पंचायत कर्मचारियों द्वारा नगर के मेंन चौराहा एवं तहसील मुख्यालय गेट के आस-पास लगे सभी होर्डिंगस को हटाया साथ जुर्माना भी वसूला। नगर पंचायत में तैनात कार्यालय लिपिक शिवकुमार ने बताया कि नगर में शासनादेश पर चेयरमेंन पहलवान नारायण माहेश्वरी व अधिशासी अधिकारी विवेक कुमार भदौरिया के निर्देशन पर नगर में 21 अप्रैल से होर्डिंग हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। अब तक नगर के विभिन्न स्थानों पर लगे तकरीबन 67 होर्डिंग को हटाया जा चुका है और लगभग दर्जनों होर्डिंगस लगाने वाले लोगों से अवैध होर्डिंग लगाये जाने पर जुर्माना भी लगाया गया है कुछ लोगों जुर्माना वसूल कर लिया गया है तथा कुछ लोगों को जुर्माना जमा करने के लिए चेतावनी दे दी गई है।

# पहलगांव की घटना के बाद मिश्रित आबादी वाले इलाके में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा भारी पुलिस बल के साथ पहलगांव में हुई आतंकवादी घटना के चलते आम जनमानस में उत्पन्न रोष को दृष्टिगत रखते हुए शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना सुनगढ़ी व कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मुख्य बाजार में पैदल गश्त एवं फ्लैग मार्च किया गया। एएसपी ने संवेदनशीलता को देखते हुए शहर के प्रमुख बाजारों, चौराहों, मिश्रित आबादी वाले एवं संवेदनशील क्षेत्रों में फत्ज/ च।bबल की ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, आमजन को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने हेतु यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने व अतिक्रमण हटाने के लिए तथा पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली व थाना सुनगढ़ी को आवश्यक



निर्देश दिए गए। उन्होंने नागरिकों से अपील की गई कि वे शांति बनाए रखें तथा किसी भी अप्रिय स्थिति या घटना की जानकारी तत्काल स्थानीय पुलिस को दें ताकि समय पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष थाना कोतवाली, थाना सुनगढ़ी, थाना गजरौला, थाना बीसल. पुर, महिला थाना, थाना जहानाबाद, थाना अमरिया, 112 पुलिस, पीएसी, क्यूआरटी एवं अन्य पुलिस बल मौजूद रहा।

# अफसर कर्मचारी जनता के मालिक नहीं, जन सेवक है: संजय सिंह गंगवार



**पीलीभीत।** गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने गुरूवार को अपने आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत जनसमस्यायें सुनी और उनके निराकरण के निर्देश सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिये। इस दौरान सड़क किनारे ठेले एवं फड़ लगाने वाले दुकानदारों की ट्रेफिक पुलिस के उत्पीड़न किये जाने सम्बन्धी शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए राज्यमंत्री संजय गंगवार ने ट्रेफिक पुलिस के दरोगा से फोन पर वार्ता की तो दरोगा ने बताया की अधिकारियों के निर्देश पर सड़क किनारे लगे फड़ और ठेले वालो को हटाये जाने की कार्यवाही की जा रही हैं। इस राज्यमंत्री संजय गंगवार ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा की अधिकारी-कर्मचारी जनता के मालिक नही है, सभी जन सेवक है और सरकार की भी प्राथमिकता जनहित के कार्यो को किये जाने की है। इस लिए किसी भी फड़ और ठेले वालो को अनावश्यक रूप से न तो उनको हटाया जाये और न ही उनका उत्पीड़न किया जाये। यदि इस तरह की कोई शिकायत भविष्य में मिलती है तो जनहित में कार्यवाही किया जाना अपेक्षित होगा। जनता दर्शन कार्यक्रम में नकटादाना चौराहा और उसके आगे सड़के के किनारे लगे ठेले-फड़ वालो को ट्रेफिक पुलिस द्वारा हटाये जाने की कार्यवाही की जा रही थी जिसकी शिकायत लेकर ठेल-फड़ वाले राज्यमंत्री संजय गंगवार से जनता दर्शन के दौरान मिले थे और उन्होनें अपनी पीड़ा बतायी। राज्यमंत्री संजय गंगवार का स्पष्ट कहना था कि किसी भी हाल में गरीब ठेले-फड़ वालो को परेशान नही किया जाना चाहिए क्योकि इन लोगो की यही से रोजी रोटी चलती है और घर परिवार के पोषण का यही एक मात्र जरिया है। जनता दर्शन के दौरान नौंगवा पकड़िया स्थित छत्रपति शिवाजी कालोनी निवासी विमल गंगवार ने ट्रांसपोर्ट नगर की सीसी रोड का निर्माण कराये जाने की मांग की है। इसके अलावा ग्राम पंचायत मलकापुर की ग्राम प्रधान विमला देवी ने गन्ना केन्द्र हटाये जाने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया। इसके अलावा कुछ लोगो ने

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पहलगाम में हुई आतंकी घटना का विरोध

## प्रधानमंत्री से जल्द बदला लेने की रखी मांग, मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में अपना दल (सोनेलाल) के कार्यकर्ताओं ने कमिश्नरी पार्क से विरोध स्वरुप जिलाधिकारी कार्यालय तक मौन धारण करके पैदल चलकर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा अपना दल (एस) के क्षेत्रीय अध्यक्ष व कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मेरठ सुधीर पंवार एडवोकेट के नेतृत्व में मांग की गई कि मृतक परिवारों को आर्थिक मदद के साथ-साथ ऐसी घटना दोबा. रा न हो पाए इसके लिए सरकार को आतंकियों के विरुद्ध ठोस कदम उठाते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान के विरुद्ध पाबंदियां लगाये जाने को सही बताया, मौन धारण कर कार्यकर्ताओं ने मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों को इस दुख की घड़ी में सहनशक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

**वहीं गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल** में गुरुवार को प्रधानाचार्य, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं समस्त कर्मचारियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मारे गए पयर्टकों को दो मिनट का मौन रखकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की साथ ही घायलों के शीर्घ स्वस्थ होने की कामना की। आतंकवादियों के इस क्रूरतापूर्ण कृत्य की निंदा के साथ-साथ सरकार से आतंकवादियों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग भी की।

**ऋषभ क्रिकेट एकेडमी और जीटीबी क्रिकेट एकेडमी:** के क्रिकेटरों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा की। गुरुवार को ऋषभ क्रिकेट एकेडमी में एकत्र होकर खिलाड़ियों ने इस हमले की निंदा की और दो मिनट का मौन धारण कर मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर क्रिकेट कोच अतहर अली ने दुख जताया और भारत सरकार से जल्द से जल्द हमला करने वाले आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

### खैरनगर के दवा व्यापारियों ने बाजार बंद कर किया विरोध

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में गुरुवार को खैर नगर बाजार शाम तक बंद रहा दवा व्यापारियों सहित बाजार के अन्य व्यापारियों में काफी रोष है। उन्होंने प्रधानमंत्री गृहमंत्री और रक्षामंत्री से मांग की है कि इस देश से आतंकवाद को खत्म किया जाए और पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया जाए जिससे भविष्य में ऐसे हत्याकांड की पूर्णावर्ती न हो और पूरे विश्व को एक संदेश जाए कि भारत देश कोई कमजोर नहीं है इस आक्रोश बंद में बाजार के 90प्रतिशत से भी ज्यादा व्यापारी साथ रहे। जिसमें मुख्य रूप से रजनीश कौशल, राजीव ग्रोवर, हेमंत बंसल, आशाब अंसारी, सर्जिकल संगठन अध्यक्ष मनोज शर्मा, मोइनुद्दीन गुडडू, अरबाज, ओवैस, फरमान, अजय गुप्ता, सुनील, मनजीत कौछड़ आदि उपस्थित रहे।











हमले के विरोध में खैरनगर बाजार में विरोध करते व्यापारी।

### जानी में व्यापार संघ ने रखा बाजार बंद



जानी में बाजार बंद का दृश्य।

**जानी खुर्द।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों के ऊपर हुए पाकिस्तान आतंकवादियों के हमले से हुई हत्या के विरोध के चलते गुरुवार को जानी व्यापार संघ के लोगों ने महामहिम राष्ट्रपति द्वारा एक विरोध में जानी मंडल संघ समस्त क्षेत्र वासियों व हिंदू संगठन के लोगों ने पूरे बाजार को बंद रखा और पाकिस्तान के द्वारा आतंकवादियों को भारत के खिलाफ साजिश रचने वाले सैलानियों के ऊपर गोली चलाकर हत्या कर दी गई जिस पर व्यापार संघ के लोगों ने राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू के नाम एक ज्ञापन देकर उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया। वही संगठन के लोगों ने कहा कि अब वक्त आ गया है कि पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का जो सैलानियों की जम्मू कश्मीर में हत्या हुई है उनके जल्द से जल्द बदला लिया जाए। इसी के चलते आज व्यापारियों ने एक ज्ञापन और राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा भेजा गया इस दौरान जानी व्यापार मंडल के लोगों ने अपनी दुकान बंद कर विरोध जताया। इस मौके पर प्रवीन जिंदल, मनोज मल्लापुर, अमन सिंह कश्यप, मुनेश, बाबर, दीपक सोनी, बबलू, देव जिंदल, बिट्टू, सरफराज, शमशाद, प्रधान वेदपाल फौजी आदि मौजूद रहे। उधर कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं को लेकर पुलिस प्रशासन के साथ-साथ खुफिया सेवा के लोग भारी संख्या में मौजूद नजर आए। अंदेशा था कि अधिवक्ता कोई बड़ा प्रदर्शन कर सकते है। इसी को लेकर चौकसी थी। कुल मिलाकर सब कुछ सामान्य रहा। लेकिन आतंक का विरोध जारी था।

## डीएम ने टीबी मरीज को गोद लेकर प्रदान की पोषण पोटली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह ने निक्षय मित्र के रूप में टीबी यूनिट यूपीएचसी पुलिस लाईन के अन्तर्गत उपचाररत टीबी मरीज कार्तिक पुत्र सुभाष को गोद लेकर पोषण पोटली प्रदान की एवं उनको छह माह तक पोषण पोटली उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। डीएम द्वारा टीबी मरीज के स्वास्थ्य एवं परिवार संबंधी जानकारी ली गयी और उन्हें अच्छे खान-पान व साफ-सफाई रखने की सलाह दी गयी। डीएम ने टीबी के बचाव के तरीको के बारे में जानकारी देते हुए उनके जल्दी स्वस्थ होने की कामना की। और समय पर दवाई लेने को कहा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कटारिया, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. गुलशन राय, जिला कार्यक्रम समन्वयक नेहा सक्सैना, जिला एसटीएस अजय सक्सैना तथा नोडल प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंजू गुप्ता आदि रहे।

## कंकरखेड़ा में व्यापारियों ने पाकिस्तान का पुतला फूंककर किया विरोध प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** गुरुवार को रोहटा रोड पर कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा निर्मम हत्याओं के विरोध में रोहटा रोड व्यापार संघ के नेतृत्व में रोहटा रोड पर पैदल मार्च निकाल विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आतंकवाद, पाकिस्तान का पुतला जलाया गया। पाकिस्तान के प्रति लोगों में आक्रोश को लेकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस घटना के विरोध में रोहटा रोड व्यापार पूर्ण रूप से बंद रहा। रोहटा व्यापार संघ अध्यक्ष सुशील कुमार और समाजसेवी दुष्यंत रोहटा ने कहा कि आतंकवादियों की इस नापाक हरकत को किसी भी कीमत पर बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकवादियों के खिलाफ और उनका संरक्षण देने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर मुंहतोड़ जवाब देने की मांग की। दुष्यंत रोहटा ने कहा कि हिंदुओं की सुरक्षा के लिए किसी भी तरह की हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार को चाहिए कि आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कदम उठाया जाए और कश्मीर में हिंदुओं की सुरक्षा की गारंटी दी जाए। इस दौरान शोक सभा कर मृतकों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर व्यापार संघ अध्यक्ष सुशील कुमार, समाजसेवी दुष्यंत रोहटा, अंकित गर्ग, ओंकार सहारण, पूर्व पार्षद ऋषिपाल सिंह, पार्षद मदनपाल सिंह, मुन्ना यादव, चंद्रप्रकाश टुटेजा, राजू तेवतिया , मुकेश शर्मा , दीपक पाल, मोहर सिंह सैनी, विपिन उपाध्याय, नोनी यादव, सर्वेश उपाध्याय, सचिन गोयल और प्रदीप शर्मा, सुनील आदि उपस्थित रहे।



## प्रधान व उसके पुत्रों पर मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** बुधवार रात सांसीपुरा गांव में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्ष आपस में भिड़ गए। एक पक्ष ने प्रधान व उसके पुत्रों पर सरियों से हमला करने व दौड़ा-दौड़ाकर पीटने का आरोप लगाया। इस घटना में एक दंपती सहित कई लोग घायल हो गए। घायल अवस्था में थाने पहुंचे पीड़ितों का पुलिस ने सीएचसी में मेडिकल कराया और उनके द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर जांच में जुट गई।

रवि पुत्र पीतम ने तहरीर देते हुए बताया कि प्रधान पक्ष उनके रंजिश रखता है। दो दिन पूर्व भी प्रधान पक्ष ने उनके साथ मारपीट की थी। उन्होंने तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। प्रधान पक्ष को तहरीर दिए जाने का पता चला तो उन्होंने बुधवार रात रवि के घर पर पहुंचकर हमला कर दिया। आरोप है कि उसे सरियों से बुरी तरह पीटा। इसके अलावा उसकी पत्नी सरिता पर जमकर डंडे बरसाए। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण वहां आए तो आरोपी हत्या की धमकी देकर वहां से फरार हो गए। घायल अवस्था में पीड़ित थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को मामले से अवगत कराया और प्रधान व उसके पुत्रों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों का सीएचसी में मेडिकल कराया और तहरीर के आधार पर जांच में जुट गई। वहीं पीड़ित पक्ष के लोगों ने इस घटना से भय है। उन्होंने सुरक्षा की गुहार लगाई है।

## खिर्वा जलालपुर में मुस्लिम समाज ने निकाला कैंडल मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** पहलगाम आतंकियों द्वारा हमले में शहीद हुए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए रजा जैदी के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया वे शहीद हुए लोगों का दुख व्यक्त किया व शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और रजा जैदी ने कहा यह हमला सिर्फ लोगों पर नहीं है, बल्कि इंसानियत पर वार है जो नफरत फैलाकर धर्म के नाम पर गोली चलाते हैं वे इंसान नहीं हैवान हैं। धर्म पूछकर हत्या करना ये हैवानियत की पराकाष्ठा है। उन्होंने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व रक्षा मंत्री से मांग है की इन गुनहगारों को जल्द से जल्द इनके अंजाम तक पहुंचाया जाए।

हर मासूम की हत्या का जवाब इंसाफ से दिया जाए। क्योंकि एक बेगुनाह की जान जाना पूरी इंसा. नियत का कत्ल है। इस मौके पर हसन मेंहदी प्रधान, रजा जैदी, मुनव्वर, नवाब हैदर, कामरान, मासूम, अब्बास, बबलू जैदी, दिलबर जैदी, तंजीम जैदी, शहजाद जैदी, समद, जामा जैदी, नसीम जैदी, आजम जैदी, शान जैदी, साहिल जैदी आदि मौजूद रहे।



## फलावदा में संयुक्त व्यापार एसोसिएशन ने कैंडल व मशाल पदयात्रा निकाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** संयुक्त व्यापारी एसोसिएशन के तत्वाधान में नगर के व्यापारी व नागरिकों ने गुरुवार को शोक सभा व शांतिपूर्ण कैंडल मशाल पदयात्रा निकाल कर आतंकवादी हमले में दिवंगत हुए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने व उनके परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करने और आतंक के विरोध में अपना विरोध प्रकट किया है। कैंडल मार्च पदयात्रा नगर पंचायत कार्यालय के परिसर से आरंभ होकर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर मोमबत्ती जलाकर व मवाना मार्ग पर स्थित अटल चौक तक निकाली गई है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं ने आक्रोश जाहिर करते हुए इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आंतकवादियों ने बीते मंगलवार को जिस कायराना हमले को अंजाम दिया उससे लोगों में भारी गुस्सा और आक्रोश है। इस आतंकवादी हमले में 28 आम नागरिक मारे गए। आंतकवादियों ने निहत्थे पर्यटकों को निशाना बनाया और अपनी कायराना हरकत को अंजाम दिया। इसके बाद देश के हर कोने में पाकिस्तान के खिलाफ नफरत और भी बढ़ गई है। इस हमले को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान समर्पित आतंकवादियों का नाम सामने आ रहा है। नगर में पहलगाम में आतंकवादियों के कारण हमले को लेकर जबरदस्त गम और गुस्सा है। संसद से लेकर तमाम विपक्षी दल व दूसरे संगठनों ने हमले का शिकार हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए सभी लोगों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। कैंडल मार्च यात्रा में पाकिस्तान मुर्दाबाद, हत्या करने वाले आतंकवादियो को गोली मारो सालों को इसके साथ आंत. कवाद का पुतला जलाया गया। इस दौरान अश्वनी बिश्नोई, अजय शर्मा, जिला महामंत्री कृष्ण गोपाल उर्फ पप्पू सैनी, विनीत रस्तोगी, योगेंद्र कुमार, मनोज जाटव, मिर्जा शम्मी, मिर्जा अलीमुद्दीन उर्फ बॉबी , गुडडू रस्तोगी, मास्टर अरुण बिश्नोई, भाजपा नेता नरेंद्र खटीक, बृजमोहन बिश्नोई, भास्कर अग्रवाल, प्रमोद आर्य, अनुज सैनी, आरव राजपूत, राजकुमार सैनी, शहजाद, डॉ. प्रमोद सैनी, आयुष्य सैनी, रवि बिश्नोई आदि शामिल रहे हैं।



## नलकूप का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

### नेशनल क्रिकेट ग्राउंड के सामान पर भी किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कस्बे में लगभग एक सप्ताह से लावड़ चौकी बिना प्रभारी के ही संचालित थी चौकी पर अंडर ट्रेनिंग दरोगा के भरोसे ही चौकी चल रही थी। हालांकि एसएसपी विपिन टाडा ने गुरुवार को हस्तिनापुर जम्बूदीप चौकी प्रभारी इंद्रेश विक्रम सिंह को लावड़ चौकी प्रभारी नियुक्त कर दिया।

इससे पहले बुधवार की रात में चोरों ने जमालपुर रोड पर स्थित नेशनल क्रिकेट ग्राउंड पर बने नलकूप का ताला तोड़कर स्टार्टर का तार, लैदर की बोल के पांच डब्बे, दो क्रिकेट बैट, एक माईक, व कैंटीन के सामान में रखी कोल्ड ड्रिंक की पेटी, व रोलर से लोहे के पाईप ओर हिंगल चोरी कर लिए ग्राउंड के संच. ालक साईम रिजवी ने बताया कि गुरुवार की सुबह उनका भाई जब वहां पहुंचा तो नलकूप का ताला टूटा हुआ मिला जिसके बाद चोरी होने का पता चला। उन्होंने लावड़ चौकी में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। वहीं पुलिस आसपास रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। **मौके पर पड़ा मिला चाबियों का गुच्छा:** जिस नलकूप पर बुधवार की रात में चोरी हुई उससे कुछ ही दूरी पर एक बड़ी चाबियों का गुच्छा पड़ा हुआ मिला। चोरों के हौसले कितने बुलंद है अंदा. जा लगाया जा सकता है कि बराबर में ही नलकूप से काटा गया केबिल चोरों द्वारा वहीं बेखौफ होकर जलाया गया और उसके अंदर से कॉपर निकाल कर ले गए।



## डीपीएम स्कूल में पहलगाम में मारे गये लोगों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीपीएम पब्लिक स्कूल बहसूमा में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमले में मारे गये निर्दोष नागरिकों की आत्मा की शांति प्रार्थना किया गया। इस हृदय विदारक घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। डीपीएम पब्लिक स्कूल का प्रत्येक विद्यार्थी एवं शिक्षक इस दु:खद घटना से गहराई से व्यथित है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के सचिव जगदीश त्यागी ने की। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा आतंक का कोई धर्म नहीं होता।

इस प्रकार की घटनाएं हमारे देश की अखंडता और मानवता पर आघात हैं। हमें एकजुट होकर ऐसी शक्तियों का विरोध करना चाहिए जो समाज में डर और हिंसा फैलाना चाहती हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य जिया जैदी ने भी छात्रों को इस घटना के बारे में जानकारी दी और उन्हें राष्ट्रीय एकता, शांति और सहिष्णुता के महत्व को समझाया। उन्होंने छात्रों से अपील की है कि वे देशहित में सदैव सतर्क और जागरूक रहें। श्रद्धांजलि सभा के दौरान समस्त छात्र, शिक्षक एवं विद्यालय स्टाफ ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय परिसर में मोमबत्तियाँ जलाकर और पुष्पांजलि अर्पित कर वीरगति को प्राप्त निर्दोष नागरिकों की स्मृति को नमन किया गया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति भी दी गई। जिससे वातावरण भाव विभोर हो उठा। डीपीएम पब्लिक स्कूल विद्यालय प्रशासन, छात्रों एवं समस्त स्टाफ की ओर से यह संदेश दिया गया कि आतंक के विरुद्ध देश का प्रत्येक नागरिक एकजुट है। वहीं दूसरी ओर कस्बा रामराज स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल से जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मारे गये लोगो को श्रद्धांजलि दी गयी। तथा घायलो के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रार्थना सभा में स्कूल की डायरेक्टर डॉ. सिम्मी सहोता, प्रधानाचार्य आमिर खान, कोऑर्डिनेटर स्वाती अरोड़ा, मनजोत कोर, कोमल राणा, खुशबू, मोनिका महक, चरणजीत कौर, विजय कुमार अनिकेत, प्रशांत कुमार, अशोक कुमार, मुकेश बलराम आदि स्टाफ उपस्थित रहा।




## आप के कार्यकर्ताओं ने फूंका आतंकवाद का पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए नरसंहार के खिलाफ आम आदमी पार्टी नेता हर्ष वशिष्ठ के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने सरस्वती लोक चौपले पर पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया।

हर्ष वशिष्ठ ने कहा कि जो घटना जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई है उससे पूरे देश में गुस्सा और नाराजगी है ऐसी घटनाओं पर सरकार को बलपूर्वक रोक लगाने की आवश्यकता है। इस घटना से जम्मू कश्मीर का माहौल खराब हुआ है। पहलगाम की घटना में वहां घूमने आए निर्दोष लोगों को आतंकवादियों ने अपनी गोलियों का शिकार बनाया जिसमें कुछ दिन पूर्व ही शादी हुए एक युवक को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा आखिर उस नवयुवक का क्या दोष रहा होगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सभी घायलों को जल्द से जल्द सरकारी सुविधाएं मुहैया कराई जाए और दोषी आतंकवादियों पर कठोर कार्रवाई हो। इस दौरान संदीप गुप्ता, कृष्णा यादव, साहित्य शर्मा, तनिष्क, हिमांशु, सचिन चौधरी, राहुल जोशी, अजय शर्मा, संजू सिसौदिया, रमाकांत, शिवम पंजाबी आदि शामिल रहे।

## नगर पंचायत कार्यालय में दी श्रद्धांजलि

**व्यापारियों ने संयुक्त रूप से फूंका पाकिस्तान का पुतला, किया विरोध**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों के सामूहिक नरसंहार के बाद देश में आक्रोश पनप रहा है जिसको लेकर जगह-जगह जुलूस निकालकर व पाकिस्तान ओर आतंकवाद का पुतला दहन कर विरोध जताया जा रहा है।

इसी कढ़ी में गुरुवार को कस्बा लावड़ में सुबह के समय नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में चेयरपर्सन हज्जन आफताब, अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार व हाजी शकील कुरैशी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पहलगाम की कायराना घटना में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की व उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा, साथ ही उन्होंने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देते हुए घटना में शामिल आतंकियों के खिलाफ कढ़ी से कढ़ी कार्यवाही की मांग की। तत्पश्चात सभी ने कड़ा विरोध जताते हुए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। वहीं शाम के समय कस्बे के व्यापारियों ने संयुक्त रूप से इकट्ठा होकर मृतकों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की ओर उसके बाद व्यापारियों ने कस्बे के मुख्य मार्ग पर मीठेपुर चौराहे तक पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला लेकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए आक्रोश मार्च निक. ाला व्यापारियों ने मुख्य चौराहे पर नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। सभी ने अपने हाथों में पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, आदि स्लोगन लिखी तख्तियां ली हुई थी। इस दौरान भाजपा नेता मोहन सैनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीर सिंह सैनी, गौरव गुप्ता, रामानंद विलटोरिया, उमेश कश्यप, जयसिंह, हरपाल सैनी, अक्षय गर्ग, शाकिब रिजवी, हाजी खुर्शीद रिजवी, अंशुल प्रधान, सुंदर सैनी, कुलदीप, रोहित सैनी आदि मौजूद रहे।







शाह टाइम्स


सम्पादकीय

शुक्रवार , 25 अप्रैल 2025

# एकजुट भारत

केंद्र सरकार की तरफ से गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। यह बैठक पहलगाम आतंकी हमले से किस तरह निपटा जाए। इस पर चर्चा करने के लिए बुलाई गई थी। बैठक में मौजूद तमाम नेताओं ने एक स्वर में राजनीति को परे रखते हुए देश हित में सरकार जो भी कदम उठाएगी। उसके साथ रहने की बात कही है। यह बैठक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई जो लगभग दो घंटे तक चली। इस बैठक के बादकांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सभी दलों ने घटना की निंदा की और कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी यह कहते नजर आए कि सरकार के किसी भी एक्शन का समर्थन करेंगे। इस बैठक में अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और लोकसभा विपक्ष के नेता राहुल गांधी रामगोपाल यादव, सुप्रीया सुले, श्रीकांत शिंदे, प्रफुल्ल पटेल मिथुन रेड्डी आदि विपक्ष के नेता थे। सर्वदलीय बैठक में जिस तरह का नजारा था उससे साफ है भले ही हमारी राजनीतिक विचारधारा एक-दूसरे से कितनी भी अलग हो लेकिन जब देश के ऊपर किसी संकट की बात आती है तो फिर आपसी राजनीतिक अदावत का कोई मतलब नहीं रह जाता। निश्चित रूप से इस समय दक्षिण एशिया के दो देशों में भारत व पाकिस्तान के बीच जबरदस्त तनाव है जोकि स्वभाविक भी है कोई भी संप्रभुता सम्पन देश यह किसी भी सुरत में स्वीकार नहीं कर सकता कि उसके निर्दोष निहत्ते नागरिकों को इस तरह मार दिया जाए जिस तरह पुलवामा में पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 28 भारतीयों की जान ली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो टूक कह चुके है कि निर्दोष भारतीयों की मौतों को ऐसे जाने नहीं दिया जाएगा। जिन आतंकवादियों ने इस घटना को अंजाम दिया है उन्हे तो उनके अंजाम तक पहुंचाया ही जाएगा। साथ ही उन लोगों को भी कठघरे में खड़ा किया जाएगा जो इन आतंकवादियों के पीछे काम कर रहे है। भारत ने जिस तरह के अब तक कदम उठाए है वह बेहद महत्वपूर्ण है और बिलकुल उपयुक्त है। भारत में पाकिस्तान के तमाम नागरिकों को तुरंत भारत छोड़ने के लिए कहा है अटारी बॉर्डर बंद कर दिया गया है। पाकिस्तान से तमाम व्यापारिक रिश्ते खत्म कर दिए है इसके साथ-साथ भारत में सैन्य विकल्प भी खुला छोड़ा है। जाहिर है भारत के इस कड़े रुख से पाकिस्तान में खलबली है। वहां की सेना भी अलर्ट पर है। पाकिस्तान ने भी पलटवार करते हुए ठीक ऐसे ही कदम उठाए है, लेकिन यह कदम पलटवार कम उसके डर जाने का अधिक संकेत दे रहे है। जाहिर है पाक अंदर से घबराया हुआ है। उसे भय है कि जिस तरह भारत के नेता कड़ा रुख दिखा रहे है। उससे वह पाकिस्तान के खिलाफ कुछ बड़ा कर सकता है। पीएम मोदी ने कहा भी है कि भारत इस तरह की कार्रवाई करेगा जो दुनिया के लिए भी एक मिसाल होगी। इस समय भारत एकजुट है ही साथ ही जिस तरह उसे विश्व समुदाय का समर्थन मिल रहा है उससे भी पता चलता है कि भारत के स्टैंड को दुनिया स्वीकार कर रही है।

## आतंकियों व उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादियों और उनके आकाओं को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें इस जघन्य कृत्य की कठोर सजा जल्द मिलेगी, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति जीरो टालरेंस की नीति पर कायम है और पहलगाम में वीभत्स, कायराना कृत्य को अंजाम देने वाले आतंकवादियों, उनके आकाओं और साजिशकर्ताओं को उनके अंजाम तक जल्द पहुंचाएगी, पहलगाम की घटना दर्शाती है कि आतंकवाद अब अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है, बहन-बेटियों के सामने उनका सुहाग उजाड़ने वाले आतंकवादियों को जल्द ही उनके इस कृत्य की सजा मिलेगी।

**योगी आदित्यनाथ**
**मुख्यमंत्री , उप्र**

# सवाल करती हुई कलम की मौत





पवन सिंह

समय को थोड़ा सा पीछे सरकाते हैं और 1980-90 के दशक पर ठहरते हैं। उस दौर की पत्रकारिता में गजब की ठसक और सवालों से भरे इतने तरकश होते थे कि बड़े से बड़ा सियासतदां भी पनाह मांग जाता था। अब पत्रकारिता से चाटुकारिता के इस लिज.लिजे दौर में न वो तेवर हैं, न हिम्मत है, न धार है और सवाल तो है ही नहीं। मौजूदा पत्रकारिता का यह सबसे छिछला और सड़ांध भरा व बदबूदार दौर है। जहां लाइट-कैमरा-एक्शन पर मेकअप आर्टिस्ट द्वारा पुते पूर्व निर्देशित कठपुतलियां हैं, जो अब सवाल नहीं करती हैं। एक वक्त था तब भी आंतकवादी घटनाएं और दंगे होते थे और अगली सुबह का अखबार जब हाथों में होता था तो फर्स्ट लीड भले ही दंगों/आतंकी घटनाओं पर हो लेकिन उस समय ऐसे लोगों को भी भरपूर जगह मिलती थी जो लोगों की जान बचाने के लिए अपनी जान दांव पर लगा देते थे।

खबरें बैलेंस थीं। पैनिक क्रियेट नहीं करती थीं। हम लोगों से कहा जाता था कि पाज़िटिव न्यूज भी खोजो। दंगों/आंतकवादी घटनाओं के साथ लोगों के सामाजिक-धार्मिक सरोकारों से जुड़ी खबरें तपिश को कम करती थीं। 21 अप्रैल 2025 को कश्मीर में जो दुखद घटना हुई उसकी जिस तरह से नोएडा मीडिया द्वारा कवरेज हुई वह तमाम सवालों को छोड़कर सीधे-सीधे इस विषय पर केन्द्रित थी कि कौन कितना जहर समाज में सप्लाई कर सकता है। नोएडा मीडिया 'बदबूदार पत्रकारिता' का झंडा-डंडा लेकर ग्राउंड जीरो से लेकर अपने दड़बे यानी स्टूडियो तक केवल 'सड़ांध चर्चा' करता रहा। कहां गए वो सवाल जो सत्ता की आंख में आंख डाल कर पूछे जाने चाहिए थे? वो लोग क्यों एक सिरे से खारिज कर दिए गए जो अपने टट्टुओं की पीठ पर या अपनी पीठ पर लाद कर लोगों की जान बचा रहे थे? काश्मीर की टैक्सी एसोसिएशन के वह सैकड़ों लोग जिन्होंने तय किया कि वे बिना पैसा लिए पर्यटकों को उनके गंतव्य तक पहुंचायेंगे, ये सब 'लश्कर ए नोएडा मीडिया' की खबरों से गायब क्यों? उन सैकड़ों काश्मीरियों को क्यों नहीं दिखाया गया जो अस्पतालों में खून देने के लिए लाइन लगाए हुए थे? क्या ये खबर का हिस्सा नहीं थे? किसके कहने से खबरों से ये पक्ष 'लश्कर ए नोएडा मीडिया' चबा गया? कौन था वो शख्स जो नहीं चाहता था कि ये सब भी खबरों का हिस्सा बने? लेफ्टीनेंट नरवाने कि बहन रो-रोकर कह रही है कि डेढ़ घंटे तक घटना स्थल पर कोई सुरक्षाकर्मी नहीं पहुंचा यह वीडियो खबरों से क्यों गायब रहा? इस बार भी कुंभ की तरह जन पत्रकारिता हुई, और लोगों ने अपने-अपने मोबाइल निकाले। वीडियो सोशल मीडिया पर डाले। ऐसे वीडियो जब तक एक के बाद एक, आना शुरू हुए तब तक चंपूछाप रिमोट कंट्रोल मीडिया पूरे देश में, खासकर गोबरपट्टी में अपने एजेंडा का सीवेज फैला चुका था। 30-32 सालों के इतिहास में पहली बार पूरा काश्मीर बंद रहा। पहली बार लोग आंतकवाद के खिलाफ सड़कों पर तिरंगा लेकर निकले। यह एहसास अगर उनको मूल धारा से जोड़ती है तो इसे खबरों में जगह क्यों नहीं दी गई? क्या ये खबर, खबर का हिस्सा नहीं थी? अब सवाल ये बनते हैं कि क्या खुफिया एजेंसियों के हमले के इनपुट्स थे, तो इसकी जवाबदेही किसकी बनती है? जब सरकार को पता है कि 'टयूरिज्म का सीजन' आरंभ हो चुका है और पहलगाम तक यात्री जाते हैं तो इतनी बड़ी चूक हुई तो हुई कैसे? सबसे चौंकाने वाली बात यह है की खुफिया एजेंसियों को इस तरह के हमलों की संभावनाओं के बारे में पहले से ही इनपुट मिले थे। अप्रैल, 2025 की शुरुआत में ही खुफिया सूत्रों ने चेता.वनी दी थी की आतंकी संगठन पहलगाम जैसे पर्यटन स्थलों को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं। इनपुट्स में यहां तक इंगित किया गया था की आतंकियों ने रेकी कर ली है और कोई बड़ा हमला हो सकता है। विगत 10 मार्च को केंद्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने जम्मू में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक भी की इसके बाद विगत 6 अप्रैल, 2025 को अमित शाह श्रीनगर में इंटीग्रेटेड कमान की बैठक की अध्यक्षता करते हैं।

**21 अप्रैल 2025 को कश्मीर में जो दुखद घटना हुई उसकी जिस तरह से नोएडा मीडिया द्वारा कवरेज हुई वह तमाम सवालों को छोड़कर सीधे-सीधे इस विषय पर केन्द्रित थी कि कौन कितना जहर समाज में सप्लाई कर सकता है**

इसके बावजूद 21 अप्रैल, 2025 को आंतकवादी अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देकर निकल जाते हैं और इसके बाद जब भारतीय मीडिया की देश को सबसे ज्यादा जरूरत थी वो सुलगती आग को पेट्रोल से सींच रहा था।

घटना को आधे घंटे के भीतर ही भारतीय मीडिया ने एक बड़ी वारदात को हिन्दू-मुस्लिम का रंग दे दिया। ग्राफिक्स का इस्तेमाल करके पोस्टर जारी हो गए? लेकिन यह सवाल छिपा लिया गया कि चंद रोज पहले ही संघ के मुखपत्र 'पांचजन्य' में काश्मीर को लेकर क्या टिप्पणी की गई थी? प्रधानमंत्री का दौरा रद्द हो जाना। हालांकि, जब सोशल मीडिया पर सवाल उठे तो कहा गया कि मौसम खराब होने की सूचना के कारण ऐसा किया गया। आज भी पुलवामा का सच सामने नहीं आया? ये सवाल आज भी वहीं खड़े हैं कि लंबी छुट्टी से डयूटी पर लौट रहे निहत्थे सीआरपीएफ के जवानों को 'एअर लिफ्ट' क्यों नहीं किया गया? जब यह प्रोटोकॉल है कि अगर कानवाय (सेना का काफिला) चलेगा तो सिविलियन ट्राफिक बंद रहेगा, क्यों ऐसा नहीं हुआ? भारी-भरकम आरडीएक्स लेकर कार में आतंकी आराम से घूमते रहे? देवेन्द्र सिंह क्यों छोड़ा गया? उसकी कार में कौन लोग थे? सीआरपीएफ के तत्कालीन डीजी अभय प्रताप सिंह का वह खत (पुलवामा हमले से पहले का) आखिर अचानक कहां गायब हो गया।

किसी दल के आईटी सेल के प्रवाह में बह जाना सबसे आसान बहाव है, लेकिन पाकिस्तानी आर्मी चीफ के दो दिन पूर्व के एक धमकी भरे बयान के बाद यह घटना हुई, लेकिन मीडिया ने यह सब कुछ क्यों दबा दिया। यह खबर 'सीवरेज बहस' का हिस्सा क्यों नहीं बनी? जब-जब कोई अमेरिकी राजनयिक भारत आता है अक्सर इस तरह की आतंकी घटनाएं होती हैं? फिर भी सतर्कता क्यों नहीं बरती गई? सवाल यह भी है कि क्या पाकिस्तान ने बलोच की ट्रेन किडनैपिंग का बदला लिया है? क्योंकि इस घटना पर हमारे बहादुर आईटी सेल ने अपनी मूर्खतापूर्ण बहादुरी दिखाई थी, और इस घटना को 'गंध तरीके से' भारत के दो नेताओं के 'सिर का ताज' बनाया था कि 'वो हैं' तो मुमकिन है? अगर ट्रेन के कब्जे पर कुछ किया भी गया था तो इस तरह की घटना का श्रेय कौन सा बेवकूफ देश लेता है? अगर किया भी था तो चिल्लाने की जरूरत क्या थी। ये सवाल भी बनता है कि सेना में दो लाख से अधिक जवानों की कमी क्यों।

बहुत से प्वाइंट है जिस पर मीडिया को बात करनी थी लेकिन बात और विषय घुमा दिए गए। नोट बंदी के बाद आतंकवाद की कमर ही टूट गई थी, का झंडा लहराने वालों से यह सवाल क्यों नहीं कि फिर भी लगातार आतंकवादी घटनाएं क्यों हो रही हैं? क्या चैनलों और अखबारों को यह टैग लाइन/पंच लाइन दी गई थी कि 'नाम पूछ कर मारा' यही 'फ्रेम' रहेगा और क्या यह सवाल मना थे कि सुरक्षा में चूक कहां और क्यों हुई? मीडिया टैग लाइन/पंचलाइन ओढ़ कर वो सारे सवाल चबा गया जो हमारे-आपके सवाल थे? क्या अगली किसी दुखद घटना के इंतजार में क्योंकि टैग लाइन/पंचलाइन के चक्कर में मीडिया फिर से मूल विषय खा गया।


**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# सिंधु जल संधि टूटने का खामियाजा...



अक्षत सरोत्री

पाकिस्तान प्यास से (**Indus Water**) मर जाएगा। इस गर्मी में पाकिस्तान को भीषण जल संकट का सामना करना पड़ेगा। 'पाकिस्तान को अकेला छोड़ दिया जाएगा-जब भारत ने पहलगाम हमले के बाद 1960 की सिंधु जल संधि पर रोक लगाने का फैसला किया, तो इस पर ढेरों पोस्ट लिखे गए कि इसका पाकिस्तान पर क्या असर होगा। हालांकि लंबे समय में पाकिस्तान के लिए इसके बहुत बड़े परिणाम होंगे, लेकिन अभी यह मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति है।



### सिंधु जल संधि को समझिए

कई वर्षों की बातचीत के बाद सितम्बर 1960 में हस्ताक्षरित इस संधि का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच साझा नदियों के जल का प्रबंधन करना था। दोनों देश कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण सिंचाई और कृषि के लिए नदियों पर बहुत अधिक निर्भर हैं। संधि के अनुसार, भारत को सिंधु प्रणाली की 'पूर्वी नदियों'-सतलुज, व्यास और रावी के सभी पानी का अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति है।

वहीं, पाकिस्तान को 'पश्चिमी नदियों'-सिंधु, झेलम और चिनाब से पानी प्राप्त करने की अनुमति दी गई है। अब, पाकिस्तान, जो कि निचले तटवर्ती देश है, क्योंकि नदियां नीचे की ओर बहती हैं, नुकसान में है। ऊपरी तटवर्ती क्षेत्र वह स्थान है जहां नदी का उद्गम होता है और निचला तटवर्ती क्षेत्र वह स्थान है जहां यह समाप्त होती है। इस प्रकार, चूंकि सिंधु, झेलम और चिनाब नदियां पाकिस्तान से नहीं निकलती हैं, इसलिए देश इस संधि पर बहुत अधिक निर्भर है, क्योंकि उसे इन नदियों से कुल जल प्रवाह का लगभग 80 प्रतिशत प्राप्त होता है। यह पाकिस्तान के पंजाब और सिंध प्रांतों में कृषि और सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण है। वास्तव में, पंजाब प्रांत देश के 85 प्रतिशत खाद्यान्न का उत्पादन करता है। इसके अलावा, कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण, कृषि क्षेत्र पाकिस्तान के खजाने में लगभग 25 प्रतिशत का योगदान देता है तथा इसकी 70 प्रतिशत ग्रामीण आबादी की आय का एकमात्र स्रोत है।

पाकिस्तान पहले से ही भूजल की कमी का सामना कर रहा है और कराची जैसे शहर निजी जल टैंकरों पर निर्भर हैं, सिंधु नदियों से जल प्रवाह में किसी भी प्रकार की बाधा से फसल की पैदावार प्रभावित होगी, जिससे खाद्यान्न की कमी और आर्थिक अस्थिरता की संभावना पैदा होगी।

### पाक पर इसका असर तुरंत क्यों नहीं पड़ेगा?

हालांकि, इसका प्रभाव तुरंत महसूस नहीं किया जाएगा, क्योंकि संधि को स्थगित रखने के भारत के फैसले का मतलब यह नहीं है कि पाकिस्तान को मिलने वाला पानी तुरंत बंद हो जाएगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारत के पास अभी सिंधु नदी से पाकिस्तान में पानी के बहाव को रोकने या उसे अपने इस्तेमाल के लिए मोड़ने के लिए बुनियादी ढांचा नहीं है। भारत जूयादा से ज्यादा पानी के बहाव को 5-10 प्रतिशत तक कम कर सकता है।

संधि भारत को सिंधु, झेलम और चेनाब पर जलाशय बांध बनाने से रोकती है। हालांकि, भारत जलविद्युत 'रन-ऑफ-द-रिवर' परियोजनाएं विक.सित कर सकता है। इसका मतलब है कि परियोजनाएं पानी के प्रवाह को बदल नहीं सकती हैं या इसे बाधित नहीं कर सकती हैं। संधि को निलंबित करने का मतलब है कि भारत इन प्रतिबंधों का पालन नहीं कर सकता है, और जल प्रवाह को रोकने के लिए जलाशय बांधों का निर्माण शुरू कर सकता है। हालांकि, इन नदियों पर बड़े जलाशयों का निर्माण करने में कई साल या एक दशक लग सकते हैं। पारिस्थितिकी प्रभाव को देखते हुए इस तरह की चीज को सफल बनाने के लिए व्यापक सर्वेक्षण और धन की आवश्यकता होगी। इस प्रकार, इस समय, भारत का कदम पाकिस्तान पर आतंकी समूहों पर लगाम लगाने और घुसपैठ को रो.कने के लिए दबाव बनाने की रणनीति है। एक्स पर एक उपयोगकर्ता ने स्थिति को पूरी तरह से अभिव्यक्त किया। यह कल पानी बंद करने के बारे में नहीं है। नल अभी भी खुला है। लेकिन इसके पीछे का संयम हटा दिया गया है कि उपयोगकर्ता ने ट्वीट किया।

**कई वर्षों की बातचीत के बाद सितम्बर 1960 में हस्ताक्षरित इस संधि का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच साझा नदियों के जल का प्रबंधन करना था, दोनों देश कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था होने के कारण सिंचाई और कृषि के लिए नदियों पर बहुत अधिक निर्भर हैं, संधि के अनुसार भारत को सिंधु प्रणाली की 'पूर्वी नदियों'-सतलुज, व्यास और रावी के सभी पानी का अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति है**

# हंगामा है क्यों बरपा ?



रजनीश कपूर



भारत के संविधान में न्यायपालिका और विधायिका को विशेष अधिकार और शक्तियां प्रदान की गई हैं, जो उनके बीच संतुलन और नियंत्रण बनाए रखने के ज़रूरी हैं। ये दोनों संस्थाएं संविधान के तहत अपने-अपने क्षेत्र में स्वतंत्र और समान रूप से कार्य करती हैं, लेकिन साथ ही एक-दूसरे की शक्तियों पर भी नियंत्रण रखती हैं। हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा भारतीय न्यायपालिका, विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ की गई तीखी टिप्पणियों ने देश में एक नई संवैधानिक बहस को जन्म दिया है। दुबे ने न्यायपालिका पर 'अराजकता' और 'धार्मिक युद्ध' भड़काने का आरोप लगाया और कहा कि सुप्रीम कोर्ट अपनी संवैधानिक सीमाओं से आगे बढ़ रहा है, जिससे संसद और विधानसभाओं की भूमिका गौण हो गई है। दुबे की इन टिप्पणियों पर विपक्ष ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है और अवमानना की कार्यवाही की मांग की है।

वहीं भाजपा ने खुद को इन टिप्पणियों से दूर कर लिया है। विपक्षी दलों की नज़र में मौजूदा विवाद एक सोची-समझी रणनीति के तहत जनता का ध्यान वक्फ़ विधेयक से उत्पन्न असहज परिस्थिति से भटकाने के लिए किया गया है। इस विवाद ने न्यायपालिका और विधायिका के बीच शक्तियों के संतुलन, संविधान में उनके अधिकारों और सीमाओं पर पुरानी बहस को फिर से प्रासंगिक बना दिया है।

भारतीय न्यायपालिका एक एकीकृत प्रणाली है, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय शीर्ष पर है, उसके नीचे उच्च न्यायालय और फिर जिला एवं सत्र न्यायालय आते हैं। सर्वोच्च न्यायालय संविधान का संरक्षक है और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का 'गारंटर' भी है। सर्वोच्च न्यायालय के पास मूल अधिकार क्षेत्र होता है, जिसमें वह केंद्र और राज्यों के बीच विवादों का निपटारा करता है। इसके अलावा, यह अपीलीय और सलाहकार अधिकार भी रखता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सर्वोच्च न्यायालय को मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए व्यापक अधिकार प्राप्त हैं। यह संविधान के सर्वोच्च कानून के रूप में पालन को सुनिश्चित करता है। यदि कार्यपालिका व विधायिका संविधान का उल्लंघन करते हैं तो उनके कार्यों को असंवैधानिक घोषित भी कर सकता है। न्यायपालिका विधायिका द्वारा बनाए गए कानूनों की समीक्षा करती है और अनुच्छेद 13 के तहत असंवैधानिक पाए गए कानूनों को अमान्य भी कर सकती है। यह विधायिका की शक्तियों पर एक महत्वपूर्ण नियंत्रण है।

न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है, लेकिन यह 'कॉलेजियम' प्रणाली के माध्यम से होती है, जो न्यायिक स्वतंत्रता को सुनिश्चित करती है। इसके अलावा, न्यायाधीशों पर महाभियोग लगाकर उन्हें हटाने का प्रावधान भी है, जिससे न्यायपालिका की जवाबदेही बनी रहती है। अनुच्छेद 142 के तहत सर्वोच्च न्यायालय 'पूर्ण न्याय' के लिए आदेश जारी कर सकता है, जिससे उसे कुछ कार्यकारी कार्यों को संचालित करने की अनुम.ति मिलती है, खासकर जब कार्यपालिका विफल होती है। वहीं विधायिका का मुख्य कार्य कानून बनाना है। यह संसद (लोकसभा और राज्यसभा) और राज्य विधानसभाओं के रूप में कार्य करती है। विधायिका के पास कानून बनाने, संशोधित करने और रद्द करने का अधिकार है। यदि न्यायपालिका किसी कानून को असंवैधानिक घोषित कर देती है, तो विधायिका उस कानून को संविधान के अनुरूप संशोधित कर पुन: वैध बना सकती है। विधायिका के सदस्यों को भाषण और मतदान की स्वतंत्रता संविधान के अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) के तहत प्राप्त है, जो उन्हें न्यायालयों के हस्तक्षेप से बचाता है। विधायिका के पास राष्ट्रपति या न्यायाधीशों के खिलाफ महाभियोग चलाने का अधिक.ार भी है, जो संवैधानिक उल्लंघनों के लिए एक नियंत्रण तंत्र है। विधायिका कार्यपालिका को सलाह देती है और उसके कार्यों की निगरानी करती है। कार्यपालिका के पास अध्यादेश जारी करने का अधिकार होता है, जिससे आपातकालीन स्थितियों में विधायिका को दरकिनार किया जा सकता है। भारतीय संविधान में स्पष्ट रूप से शक्ति विभाजन का उल्लेख नहीं है, लेकिन कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के बीच कार्यों का स्पष्ट विभाजन है। अनुच्छेद 50 के तहत न्यायपालिका को कार्यपालिका से अलग करने के लिए कदम उठाए गए हैं। अनुच्छेद 121 और 211 विधायिका को न्यायाधीशों के आचरण पर चर्चा करने से रोकते हैं, और अनुच्छेद 122 और 212 न्यायपालिका को विधायिका की कार्यवाही पर निर्णय लेने से रोकते हैं। इससे दोनों के बीच संतुलन बना रहता है। यदि विधायिका संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करती है, तो न्यायपालिका उसे निरस्त कर सकती है, जैसा कि 'केशवानंद भारती' मामले में स्थापित किया गया था। इस प्रकार न्यायपालिका संविधान की सर्वोच्चता सुनिश्चित करती है। संविधान के अनुसार न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में स्वतंत्रता के साथ कार्य करना चाहिए और एक-दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। यह संतुलन लो.कतंत्र के स्वस्थ संचालन के लिए आवश्यक है। सांसद निशिकांत दुबे की टिप्पणियां न्यायपालिका की भूमिका और शक्तियों को चुनौती देने वाली हैं जो भारतीय संविधान में शक्तियों के विभाजन और 'चेक्स एंड बैलेंस' की व्यवस्था पर ग़लत असर डालती हैं। यह सही है कि न्यायपालिका का कार्य केवल कानून की व्याख्या और संविधान की रक्षा करना है, न कि विधायिका की भूमिका का अतिक्रमण करना। पर मौजूदा विवाद में सर्वोच्च न्यायालय ने इस तरह कोई अतिक्रमण नहीं किया है। किसी भी नए क़ानून की व्याख्या करना और उसकी संवैधानिक स्वीकारिता को परखना अदालत का दायित्व है, जो उसने वक्फ़ क़ानून के मामले में या पहले भी अनेक बार किया है। इसलिए निशिकांत दुबे के बयान ने एक संवैधानिक संकट खड़ा कर दिया है।

**हाल ही में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा भारतीय न्यायपालिका, विशेष रूप से सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ की गई तीखी टिप्पणियों ने देश में एक नई संवैधानिक बहस को जन्म दिया है**

# बूढ़ी स्किन को जवां बनाने के लिए ऐसे इस्तेमाल करें मेथीदाना

हर भारतीय किचन में तमाम तरह के मसाले मिल जाते हैं। खाना बनाने के दौरान मेथीदाने का भी इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन मेथीदाना का इस्तेमाल सिर्फ खाने तक ही सीमित नहीं है। बल्कि यह बालों और स्किन के लिए भी काफी फायदेमंद मानी जाती है। बढ़ती उम्र के साथ ही हमारे चेहरे पर झुर्रियां आदि नजर आती हैं। ऐसे में आज मेथीदाने को अपने स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकती हैं। दरअसल, मेथीदाना में एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन और स्किन टाइटनिंग गुण पाए जाते हैं। यह आपकी त्वचा को यूथफुल, स्मूथ और ब्राइटन बनाए रखने में मदद करता है। मेथीदाना के इस्तेमाल से झुर्रियों से लेकर फाइन लाइन्स तक को कम करने में सहायता मिलती है। मेथीदाना को आप स्किन केयर के तौर पर कई तरह से इस्तेमाल कर सकते हैं।

### सामग्री...

एक कप पानी
मुट्ठी भर मेथीदाना

### ऐसे बनाएं

सबसे पहले एक कप पानी में मुट्ठी भर मेथी के बीजों को करीब 10 मिनट तक उबालें।
फिर जब यह ठंडा हो जाए तो छान लें।
इस तरह से आपका टोनर बनकर तैयार हो गया है।
इसमें कॉटन पैड भिगोएं और हर रास इससे अपना चेहरा पोंछें।

### सामग्री...

मेथी पाउडर- 1 चम्मच
एलोवेरा जेल- 2 चम्मच

### ऐसे करें उपयोग

इसके लिए मेथी पाउडर को एलोवेरा जेल के साथ मिलाएं।
अब रात में सोने से पहले स्किन को साथ करें और इसकी हल्की लेयर लगाएं।
रात भर इसको लगा रहने दें और सुबह चेहरा धो लें।
मेथीदाना और गुलाब जल से बनाएं फेस मिस्ट
बता दें कि यह फेस मिस्ट न सिर्फ स्किन हाइड्रेशन का ख्याल रखता है। बल्कि स्किन को टाइटन भी करता है।

# MANY EDUCATIONAL INSTITUTIONS OF NAINITAL IN THE TOP 10 SCHOOLS IN THE COUNTRY

## एकोर्न स्कूल बना नन्हे मुन्ने बच्चों की पहली पसंद



कक्षा पांचवी तक अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर में नन्हे मुने बच्चों की पहली पसंद बन गया है। स्कूल का वातावरण बच्चों को खूब भाता है। पढ़ाई का स्तर उच्च स्तरीय है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारीरिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य आशा आर्या कहती हैं कि उनका जीवन बच्चों का भविष्य संवारने के लिए समर्पित है।

Acorn
By Oakwood School
English Medium Day Cum Residential School
Class Pre-Nursery to V
ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26
The best school in the town with loving and caring atmosphere
Visit:
HH Apartments, Belvdre Compound, Mallital, Nainital, Uttarakhand
Call to find out more:
+91- 8865928856, +91 9837066353
E-mail:
acornoakwood565@gmail.com

# वैश्विक स्तर की शिक्षा दे रहा नैनीताल

समय के साथ शैक्षणिक परिवेश में वैश्विक स्तर पर सर्वाधिक बदलाव पिछले कुछ वर्षों में देखने को मिला है। जिसमें सबसे बड़ी भूमिका इंटरनेट की रही है। नैनीताल के शिक्षण संस्थानों (स्कूलों) की बात की जाय तो वह पहले भी वैश्विक स्तर की थी और वर्तमान में भी देश में सर्वोपरि स्थान रखते हैं।


इसका उदाहरण आवासीय विद्यालय हैं, जहां शायद ही देश का कोई प्रान्त हो और विद्यार्थी यहां शिक्षा ग्रहण न कर रहा हो। इसके अलावा विदेशों के भी विद्यार्थी इन स्कूलों में अध्ययनरत हैं। नैनीताल की उत्कृष्ट शिक्षा का यह प्रत्यक्ष प्रमाण है। सर्वविदित है, नैनीताल का स्कूलों का अतीत डेढ़ सौ से भी अधिक वर्ष पुराना है। इन वर्षों में यहां के कई स्कूलों की रैंकिंग राष्ट्रीय स्तर पर टॉप टेन में सामिल रही है, जो वर्तमान में भी बरकरार है। यहां शिक्षा का पैर्टन अंतराष्ट्रीय स्तर का है, देश में चुनिंदा विद्यालय हैं, जो अंतराष्ट्रीय स्तर पर संचालित होते हों। यही वजह है कि यहां से शिक्षित विद्यार्थी हजारों की संख्या में दुनिया के देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और अपना व अपने परिवार के अलावा विद्यालय व नैनीताल का नाम रोशन कर रहे हैं। आईसीएसई व सीबीएसई समेत कई अन्य बोर्ड से सम्बद्ध नगर के कई अन्य विद्यालय बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं। अधिकांश विद्यालय अंग्रेजी माध्यम से संचालित किए जाते हैं और आवासीय विद्यालयों का रहन–सहन उच्च कोटि का है, जबकि शैक्षणिक वातावरण दुनिया के सीमित क्षेत्रों में अपनी जगह बनाता है। यही वजह है, दुनिया के अनेक देशों के विद्यार्थी स्कूलिंग के लिए नैनीताल को प्राथमिकता देते हैं। इस नगर से शिक्षा प्राप्त कर देश विदेश में दौलत व शौहरत हासिल करने वाले सख्शियतों की लंबी फेहरिश्त है, जिनका जिक्र इस आलेख में संभव नही है। सिने जगत में विख्यात दर्जनों नामी अभिनेताओं ने नैनीताल से शिक्षा हासिल की है, जबकि सेना के तीनों अंगों में सेवा देने वाले अधिकारियों के दर्जनों विख्यात नाम हैं। आईएएस व पीसीएस अधिकारियों में अपना नाम सुमार करने वालों की बड़ी संख्या है।


राजनैतिक, सामाजिक व व्यापार समेत कई अन्य वर्गों में नाम कमाने वाले अनेकों व्यक्तित्व इसी नगर की देन हैं। यही वजह है कि इस नगर को गुरुकुल के नाम से जोड़ा जाता है।

**अफजल हुसैन फौजी**

### नगर व प्रमुख शिक्षण संस्थान

शेरवुड कॉलेज, ऑल सेंटस कॉलेज, सेंट मेरी कॉलेज, सेंट जोजफ कॉलेज, बिड़ला विद्या मंदिर, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर, लौंगव्यु पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स स्कूल, सनवाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, डॉन बास्को गर्ल्स व बॉयस पब्लिक स्कूल, पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार, नैंसी कान्वेंट, सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल, पाइन क्रस्ट एलिमेंटरी स्कूल, वृंदावन पब्लिक स्कूल, सेंट जॉन्स स्कूल, रामा मोंटेसरी, एकोर्न पब्लिक स्कूल, वसंत वैली पब्लिक स्कूल, मदर्स हार्ट, अमेरिकन किड्स, भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, चेतराम साह ठुलघरिया, राजकीय इंटर कॉलेज, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर व एसडेल कॉलेज के नाम शामिल हैं।






## शेरवुड कालेज की देश में अलग पहचान



शेरवुड कालेज शिक्षा के क्षेत्र में नाम देश के नामचिन विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय बच्चों का भविष्य संवारता हुआ आ रहा है। विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है जिसमें बच्चों के भोजन व रहने तथा अन्य समस्त सुविधायें विद्यालय में मौजूद है।

पठन–पाठन कार्य अनुभवी शिक्षकों द्वारा किया जाता है। बच्चों के बेहतर भविष्य बनाने के लिये वह सभी सुविधायें विद्यालय में मौजूद है जो वर्तमान में जरूरत के हिसाब से आवश्यक होती है। अंग्रेजी माध्यम से यह विद्यालय कक्षा 3 से लेकर कक्षा 12वीं तक संचालित किया जाता है। वर्तमान में प्रधनाचार्य अमनदीप संधू विद्यालय का संचालन कर रहे है। वह कहते हैं कि विद्यालय का गौरव बनाये रखने का प्रयास रहेगा।

Estd. 1869
SHERWOOD COLLEGE
NAINITAL
Co-ed from Class 3 to 12
Affiliated to CISCE, New Delhi & IGCSE, AS & A Level Cambridge London U.K.
Amandeep Sandhu
Principal
Mob.: 9456316655, Ph.: 05942-236361
E-mail: adimissions@sherwood.edu.in, Web.: www.sherwood.edu.in



MOHAN LAL SAH BAL VIDYA MANDIR
SR. SECONDARY SCHOOL (Affiliated to CBSE) Delhi
Day-Cum-Boarding School with excellent boarding facilities for Girls
Admission Open for Nursery, LKG, UKG (Boys too) and Class V upwards (Girls Only).
All three streams are available for Class XI (Science, Commerce & Humanities).
Well known for academic excellence and all round development.
For further details please log on to website.
www.mlsbalvidyamandir.com
Peter's Field, Mallital, Nainital
Phone No. 05942-236189
STRIVE FOR EXCELLENCE
ADMISSION OPEN 2025-26
PRINCIPAL
MANAGER

## छात्राओं का भविष्य संवार रहा एमएल साह बाल विद्या मंदिर



अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय नगर के विद्यालयों में खास स्थान रखता है। देश के विभिन्न प्रांतों की छात्राएं इस विद्यालय में शिक्षारत हैं। यह विद्यालय आवासीय के साथ दिवसीय है, जो शिक्षा के तमाम मापदंडों की पूर्ति करता है और कई दशकों से शिक्षा के क्षेत्र में अपना दायित्व निभा रहा है। हजारों छात्राए इस विद्यालय से अध्ययन कर अपना भविष्य संवार चुकी है। यह विद्यालय तमाम सुख सुविधाओं से सुसज्जित है। अनुभवी शिक्षिकाएं बच्चों की मनोस्थिति को समझते हुए, उन्हे शिक्षा देती हैं। विद्यालय में बच्चों के शारीरिक विकास के लिए खेलकूद की समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। तमाम सुविधाओं से सुसज्जित यह विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत रिजल्ट देता आ रहा है। विद्यालय का संचालन कर रही प्रधानाचार्य अनुपमा साह कहती हैं कि यह विद्यालय भविष्य में भी अपना दायित्व बखूबी निभाता रहेगा। प्रबंधक विनय साह के निर्देशन में विद्यालय निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है।

## प्रगति के पथ पर मदर हार्ट स्कूल



नगर के प्रमुख पब्लिक स्कूलों में सुमार मदर हार्ट पब्लिक स्कूल निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित यह विद्यालय पूर्णरूप से शिक्षा के मापदंडों के साथ बच्चों के चहुमुखी विकास करते आ रहा है। अनुभवी शिक्षकों द्वारा पठन पाठन कार्य संचालित किया जाता है। साथ ही बच्चों की प्रतिभाओं को उभारने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसके चलते यह विद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रधानाचार्य नगमा परवेज कहती हैं कि उनका जीवन शिक्षा के प्रति समर्पित है। जिसे भविष्य में भी जारी रखेंगी।

BIRLA VIDYA MANDIR, NAINITAL
(Sarala Birla Group of Schools) (Estd. 1947)
A Fully Residential English Medium Public School for Boys
Ranked amongst Top - 10 Boys Boarding Schools in India, as per Education World 2024 ranking
Website: birlavidvamandir.com
Phone: 05942 - 238993, 238729, +91 9410338207
Key Features:
- A legacy boarding school campus, founded in 1870.
- 70-acre campus with the greenest environs amongst Indian boarding schools.
- The only school in Nainital with a central heating facility.
- Distinguished old boys include Jim Corbett (Oak Openings High School), Anil Sadgopal (Jamnalal Bajaj awardee), Lt. General J. S. Ahluwalia (PVSM), Dr. Anand Mishra (Professor & Head, Endocrine Surgery, KGMU, Lucknow) and Danny Denzongpa.
- Excellent Board results over the decades, backed by a learning environment which is augmented by an experienced faculty, modern teaching pedagogy, personalised care and well-equipped science, robotics and IT labs.
- A judicious mix of co-scholastic activities through a variety of clubs, societies and hobby centres. Hosts Annual National Inter-School Literary and Sports Conclave, with a wide participation of schools.
Distinguished Knowledge Affiliates

## देश के अग्रणी स्कूलों में सुमार बिड़ला विद्या मंदिर



देश में बिड़ला विद्या मंदिर अग्रणी पब्लिक स्कूलों में अपना अलग नाम व मुकाम हासिल किया है। जिसके फलस्वरूप यह विद्यालय अपना एक अलग स्थान कायम किए हुए है। सीबीएसई से संबंद्ध यह विद्यालय पूर्ण रूप से आवासीय है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित नगर के सर्वाधिक ऊंचाई वाले नैसर्गिक वातावरण में स्थित है। बिड़ला विद्या मंदिर देश के अग्रणी सीबीएसई बोर्ड विद्यालयों में शामिल है। यह विद्यालय प्रधानाचार्य अनिल शर्मा के कुशल नेतृत्व में संचालित किया जा रहा है। देश–विदेश के कई हिस्सों से सैकड़ों की संख्या में छात्र वर्तमान में अध्ययनरत हैं। श्री शर्मा कहते हैं कि वर्तमान परिवेश को ध्यान में रखकर बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने के साथ उन्हें एक अच्छा इंसान बनाने का प्रयास रहता है। जिसे ध्यान में रखकर विद्यालय में अनिवार्य विषयों के अलावा तमाम प्रतिस्पधाओं में भी छात्रों को निपूर्ण बनाया जाता है। विद्यालय का इतिहास है कि बोर्ड परिक्षाफल शत–प्रतिशत रहा है। जिसे भविष्य में भी कायम रखा जायेगा।

## नगर का अग्रणी स्कूल सनवाल



उत्कृष्ट शिक्षा व कुशल प्रबंधन के चलते यह विद्यालय कक्षा 12वीं तक जा पहुचा है। वर्ष 1952 में सनवाल स्कूल की स्थापना एंजेलिना ग्रेस सनवाल द्वारा की गई थी। लिहाजा सनवाल स्कूल अपने उद्देश्य की पूर्ति करता हुआ 73 साल का सफर तय करने में न केवल कामयाब हुआ है, बल्कि हजारों बच्चों का भविष्य संवारने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है। सीबीएससी बोर्ड से संबद्ध सनवाल स्कूल अंग्रेजी माध्यम से संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में प्रबंध निदेशक गौरव सनवाल विद्यालय का कुशल प्रबंधन का दायित्व निभा रहे हैं, जबकि ए इमेन्युअल प्रधानाचार्य के पद पर बेहतर शिक्षण कार्य रही हैं। वह कहती हैं कि विद्यालय को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और आधुनिक शिक्षा के साथ बच्चों का भविष्य संवारने हेतु दायित्व निभा रही हैं।

THE MOTHSER'S HEART SCHOOL
NAINITAL
GOVERNMENT RECOGNISED
A Co-ed English Medium Day/ Residential School
- A reputed school from nursary to V
- Teaching with audio visul play way method
- Preparing children for prestigious Schools in Nainital
- Excellent result since 1999.
Provides day boarding facility also
Shanti Niketan, Near Rikshaw Stand, Mallital, Nainital
Ph.: 9837347989, E-mail: themothersheart123@gamil.com

ADMISSIONS OPEN FOR 11TH GRADE
Co-Ed and Senior Secondary school (Nursery to 12th)
Limited seats for Grade 11th in Science, Commerce and Humanities.
REGISTER NOW
Call Us 6397909778 / 9411110395
For more details, visit www.lpsnainital.edu.in

## छात्राओं के लिये खोले लौंगव्यू पब्लिक स्कूल ने द्वार



लौंगव्यू पब्लिक स्कूल वर्तमान में छात्रों के साथ छात्राओं को भी उत्कृष्ठ शिक्षा प्रदान कर रहा है। निःसंदेह इस स्कूल ने अल्प समय में सफलता की सीढ़ियां तय कर शिक्षा की दिशा में नवीन आयाम स्थापित करने का सफल प्रयास किया है। जिसका प्रतिफल है कि विद्यालय में दी जा रही उत्कृष्ठ शिक्षा व कुशल संचालन को लेकर देश की कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। जिसके परिणामस्वरूप यह विद्यालय नगर व राज्य में अपना प्रमुख स्थान हासिल करने में कामयाब हुआ है। अंग्रेजी माध्यम से संचालित लौंगव्यू पब्लिक स्कूल दसवीं कक्षा तक विद्यालय का संचालन कर रहा है। विद्यालय में आधुनिक शिक्षा के साथ भावी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए पठन पाठन कार्य किया जाता है। प्रधानाचार्य बीसी त्रिपाठी कहते हैं कि वैश्विक शिक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय का संचालन कर रहे हैं। जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिलता है। जिसके बल पर विद्यालय प्रगति की ओर निरन्तर अग्रसर है।

SANWAL SCHOOL
(A Senior Secondary Co-Education School)
Affiliated to CBSE, New Delhi
ADMISSION OPEN For Session 2025-26
From 1 to 9 & 11 And KINDERGARTEN
Gaurav Sanwal, Managing Director | A. Emmanuel, Principal
Offered Streams For Class 11&12: • Science • Commerce
Contact Us: E-mail: sanwal_school@rediffmail.com, Ph.No.: 05942-235747 Mob.: 7579207575
Address: MALLITAL, NAINITAL-263001 UTTARAKHAND